3 बस्तर संभाग
जहां एक ओर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है ...

6 अभिमत
भारत के लिए साइबर सिद्धान्त महत्वपूर्ण

10 संस्कारधानी
काले कानून के विरोध में 16 मई को

11 छत्तीसगढ़
सीआरपीएफ जवानों को आईजी डांगी का फिटनेस ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 14 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 263 मूल्य 3.00 ₹

विचक न्यूज़

### बांदीपोरा मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। बांदीपोरा में पिछले दो दिनों में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 11 मई को जिले के सालिंदर वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्थानीय आतंकवादी मारा गया था। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर, बांदीपोरा के बरार अरगम इलाके में संयुक्त बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान (कासो) शुरू किया।

### रुपया एक पैसा कमजोर

**मुंबई।** शेयर बाजार में जारी गिरावट का असर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पर दिखा जब रुपया एक पैसा टूटा कर 77.51 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 77.50 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 15 पैसे की मजबूती के साथ 77.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 77.26 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसी दौरान यह 77.51 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा और यही इसका अंतिम स्तर भी रहा। रुपया 77.51 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

# भाजपा ने हमेशा ध्रुवीकरण की राजनीति कर अल्पसंख्यकों को किया प्रताड़ित : सोनिया गांधी

वार्ता ◄ उदयपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि 'नव चिंतन' शिविर के बाद नई ऊर्जा, प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के साथ जन आकांक्षाओं के अनुरूप कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करना है और जो असाधारण परिस्थितियां देश के सामने मौजूद हैं, उन सबका असाधारण तरीके से ही मुकाबला करना है। गांधी ने शुक्रवार को राजस्थान के उदयपुर में पार्टी के तीन दिवसीय नव संकल्प शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सामने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विकट संकट पैदा कर दिया है और इस शिविर से पार्टी जिस नव संकल्प और नयी चेतना के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे, उनका समाधान नयी ऊर्जा, प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के साथ निकालना है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम शासन अधिकतम सरकार की बात की जाती रही है लेकिन भाजपा सरकार ने ही उसकी धज्जियां उड़ाई हैं। भाजपा ने हमेशा ध्रुवीकरण की राजनीति पर ध्यान दिया है और अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित किया है। दलितों और आदिवासियों के हक्र को मारा है और उनके साथ अत्याचार कर समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के समक्ष आज जो चुनौतियां हैं और जो असाधारण परिस्थितियां हैं, उनका असाधारण तरीके से ही मुकाबला किया जा सकता है। इस चिंतन शिविर के माध्यम से कांग्रेस को सुधारों को लाना है और रोजाना काम करने के तरीके में बदलाव लाकर पार्टी को नयी बुलंदियों तक पहुंचाना है।



### कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी का कर्ज चुकाने की अपील

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी नेताओं से भावुक अपील करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को बहुत कुछ दिया है, इसलिए अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है और सभी को मिलकर काम करना है। श्रीमती गांधी ने कहा कि पार्टी के लंबे और सुनहरे इतिहास में आज समय आया है कि पार्टी के लोग निजी आकांक्षाओं को संगठन के हितों से जोड़कर पार्टी का कर्ज अदा करें। उन्होंने कहा कि संगठन कैसे मजबूत हो, इसके लिए इस चिंतन शिविर में खुलकर अपनी बात इस तरह से रखनी है ताकि यहां से संगठन की मजबूती, दृढ़ निश्चय और एकता का एक मजबूत संदेश जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने में पार्टी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा,' मैं जानती हूँ कि हमारे कई साथी यहां आना चाहते थे और इस चिंतन शिविर में शामिल होना चाहते थे लेकिन कई कारणों से हमें संख्या को सीमित रखना पड़ा। मुझे पूरा भरोसा है की वे इस बात को समझेंगे और इसका मतलब यह नहीं है कि संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान किसी से कम है। '

### देश के विकास के लिए कांग्रेस के अलावा और कोई विकल्प नहीं : मुख्यमंत्री भूपेश

उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। कांग्रेस ने मूलभूत सुविधाओं को लोगों का अधिकार बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून, आरटीआई कांग्रेस की देन है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने किसान आधारित अर्थव्यवस्था तैयार की है इसका पूरा लाभ किसानों को मिल रहा है। राहुल गांधी के न्याय का मॉडल राजस्थान और छत्तीसगढ़ में लागू हुआ है। यह अब देश के लिए मॉडल बन चुका है। मुख्यमंत्री ने आव्हान किया कि ये वक्त देश को नई दिशा देने का है। 8 साल में देश में कितना और किसका विकास हुआ है ये हर किसी ने देखा है।

## कटरा में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में लगी आग, 4 मरे, 20 घायल

वार्ता ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित कटरा से श्री माता वैष्णो देवी के मंदिर में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस में आग लगने से कम से कम चार यात्रियों के मारे जाने की आशंका है जबकि 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस कटरा से जम्मू की ओर जा रही थी, तभी नोमेन से कुछ किलोमीटर दूर उसमें आग लग गई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट कर कहा कि कटरा में बस दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद अभी जम्मू-कश्मीर के रिआसी की डिप्टी कमिश्नर बबीला रकवाल से बात की। हताहतों के बारे में जानकारी ली गई और घायलों को नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को आर्थिक व अन्य हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। पुलिस ने कहा कि हादसे में चार लोगों के जिंदा जल जाने, जबकि 23 के घायल होने की आशंका है। पुलिस और स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आकर बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

जम्मू संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एफएसएल (फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला) टीमों को मौके पर भेजा गया है।

## मोदी ने की स्टार्टअप नीति से संबंधित पोर्टल की शुरूआत

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की नयी स्टार्टअप नीति की वर्चुअल



तरीके से शुरूआत की। उन्होंने स्टार्टअप पोर्टल की भी शुरूआत से की। मोदी दिल्ली से इन्दौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2022 में वर्चुअली तरीके से जुड़े और रिमोट के जरिए स्टार्टअप नीति तथा इससे जुड़े पोर्टल की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्टार्टअप से जुड़े युवक युवती भी मौजूद थे। मोदी ने इस मौके पर स्टार्टअप के क्षेत्र में हाल के वर्षों में नया अध्याय लिखने वाले युवक युवतियों से संवाद कर उनकी बातें सुनीं और नया करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2022 में सरकारी और निजी क्षेत्र के नीति निर्माता, इनोवेटर्स, केंद्र और राज्य के प्रशासक, स्टार्टअप्स, संभावित उद्यमी, स्टार्टअप इको-सिस्टम के सभी स्तंभ और जन-प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

## नीट-पीजी 2022-23 परीक्षा स्थगित करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल पाठ्यक्रम की स्नातकोत्तर स्तर की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश (नीट-पीजी - 2022-23) की 21 मई को होने वाली परीक्षा स्थगित करने की मांग संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।



न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा,+हमारा देश महामारी की चपेट से अब बाहर आ रहा है। इस हालात में मेडिकल शैक्षणिक सत्र को व्यवस्थित करना समय की मांग है। इक्कीस मई को परीक्षा कराना एक नीतिगत फैसला है। लिहाजा, यह अदालत इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट-पीजी परीक्षाओं में पहले से ही देरी हो रही है। ऐसे में और देरी करने से अस्पतालों में रोगी देखभाल पर गंभीर प्रभाव होंगे, क्योंकि वहां सामान्य परिस्थितियों में उपलब्ध तीन बैचों की बजाए रेजिडेंट डॉक्टरों के केवल दो बैच ही उपलब्ध हैं। सर्वोच्च अदालत इस तथ्य पर गौर किया कि दो लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण किया है। अंतिम समय में स्थगन अराजकता और अनिश्चितता पैदा करेगा। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में दाखिले के लिए 21 मई को निर्धारित है। याचिकाकर्ता ने अदालत से नीट-पीजी परीक्षा स्थगित करने के लिये उचित दिशा निर्देश या आदेश देने की मांग की थी।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम आज घोषित किए जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम 14 मई को दोपहर 12 बजे बोर्ड मण्डल कार्यालय के सभा गृह में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम मण्डल की वेबसाईट पर जारी किया जाएगा।




**परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व हेल्पलाईन प्रारंभ-** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 13 मई से 2022 हेल्पलाईन प्रारंभ की गई है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक प्रातः 10.30 बजे शाम 5 बजे तक हेल्पलाईन में मण्डल के टोल फ्री नम्बर +91-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधान 13 मई से 23 मई तक कर सकते है। हेल्पलाईन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, कैरियर कौंसलर द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव का प्रबंधन एवं आगामी कक्षा में विषयों के चयन के संबंध में परामर्श (कैरियर कौंसलिंग) देंगे और मण्डल के अधिकारी मण्डल से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे।





अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने की जरूरत

# मक्का की लोकप्रियता बढ़ी, किसानों को सरकार का पूरा समर्थन : नरेन्द्र सिंह तोमर

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भोजन के साथ ही कुक्कुट पालन और एथनॉल उत्पादन सहित विविध क्षेत्रों में मक्का का इस्तेमाल होने से न केवल भारत में बल्कि विश्व में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। सरकार फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम के तहत, विभिन्न पहलों के जरिये किसानों को मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही, सरकार ने विभिन्न पहल तथा पैकेजों से उद्यमियों को भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल के दौरान मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 43 प्रतिशत बढ़ाया गया है। इसके साथ ही मक्का का उत्पादन बढ़ने से किसानों को भी इसका काफी लाभ मिला है। तोमर ने देश के प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 'भारत मक्का शिखर सम्मेलन-2022' के आठवें संस्करण को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मक्का क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार के भरपूर समर्थन का आश्वासन दिया।



उन्होंने कहा कि कृषि हमारे देश की रीढ़ के समान है, जिसने कोविड-19 सहित हर संकट में देश की मदद की है। कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि भी उत्साहवर्धक रही है, जिसका आंकड़ा लगभग चार लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कृषि मंत्री ने भारतीय कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में कहा कि मौजूदा रूस-यूक्रेन संकट के दौरान वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए सरकार गेहूं का निर्यात सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। यह हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है कि दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमारे किसानों द्वारा पैदा किए गए गेहूं सहित अन्य कृषि उत्पादों का उपयोग किया जा रहा है। तोमर ने जोर देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में काफी निवेश की आवश्यकता है, जिसके लिए एक लाख करोड़ रुपये के कृषि अवसंरचना कोष सहित कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के पैकेज लाए गए हैं। कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए इसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने की जरूरत है, जिसके लिए भी पहल करने के साथ ही मंत्रालय द्वारा कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय के अनुरूप उद्योगों और किसानों को मिल-जुलकर काम करना होगा ताकि दोनों की जरूरतें पूरी हो सकें और ऐसा होने से कृषि तथा उद्यम क्षेत्र के साथ ही देश को भी काफी फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। पिछले कुछ सालों के दौरान उद्योगों के फायदे और किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए केंद्र सरकार ने श्रृंखलाबद्ध तरीके से अनेक नीतिगत सुधार किए एवं योजनाएं प्रारंभ की हैं। इससे पहले उद्घाटन सत्र के दौरान बिहार के कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि दुनिया में मक्का सबसे महत्वपूर्ण फसलों में से एक है।

# पंचतत्व में विलीन हुए कैप्टन गोपाल पांडा रमन सिंह सहित इन नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

## हेलीकाप्टर हादसे में जान गंवा चुके दोनों पायलट कैप्टन अजय प्रताप श्रीवास्तव के परिजन रायपुर पहुंचे

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com





एयरपोर्ट पर हेलीकाप्टर हादसे में जान गंवा चुके कैप्टन गोपाल कृष्ण पांडा की अंतिम यात्रा उनके मौलश्री विहार स्थित घर से रवाना हुई। देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में गोपाल कृष्ण का अंतिम संस्कार हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में उनके परिजन के साथ सीएस सुब्रत साहू, आर. भारतीदासन, रायपुर रेंज आईजी समेत बड़ी संख्या में आईएएस अधिकारी अंतिमयात्रा में शामिल हुए। देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हुए। इससे पहले रायपुर के माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर हेलीकाप्टर हादसे में जान गंवा चुके कैप्टन अजय प्रताप श्रीवास्तव के परिजन रायपुर पहुंचे। कैप्टन अजय की पत्नी डाक्टर मनु श्रीवास्तव के साथ भांजे दिल्ली के पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री और उनकी पत्नी पूर्व केंद्रीय मंत्री मंजू शास्त्री भी रायपुर पहुंची। कैप्टन पायलट एपी श्रीवास्तव के परिजन पोस्टमार्टम स्थल पहुंच गए हैं। एपी श्रीवास्तव के भांजे और पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री ने बताया कि कैप्टन एपी श्रीवास्तव का शनिवार को 12 बजे अंतिम संस्कार दिल्ली में होगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह सहित भाजपा और कांग्रेस के कई विधायक भी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होने बताया कि कल रात दुखद घटना की जानकारी मिली। पूरा परिवार पीड़ा में है। बतादें कि एपी श्रीवास्तव मूलतः उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के हैं। कल 12 बजे इंडियन एयरफोर्स की सहायता से दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार होगा। खबरों के अनुसार पायलट गोपाल पंडा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ रायपुर में ही किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिव कोमल परदेशी सहित राज्य सरकार के आला अधिकारी पोस्टमार्टम स्थल पहुंच गए। आईजी ओपी पाल ने जानकारी दी है कि दोनों पायलटों का पोस्टमार्टम जारी है। इधर, हेलीकाप्टर क्रैश मामले की जांच के लिए डीजीसीए टीम में डायरेक्टर इन्वेस्टिगेशन और डायरेक्टर इंटेलिजेंस समेत 10 सदस्यीय टीम रायपुर पहुंच गई है। एयरपोर्ट अथारिटी ने हेलीकाप्टर के ब्लैक बाक्स को अपने कब्जे में ले लिया है। इसे डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को भेजा जाएगा। इसकी जांच के बाद ही इस दुर्घटना की वजह स्पष्ट हो पाएगी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार उड़ान के दौरान अचानक खराबी आ जाने से हेलीकाप्टर अनियंत्रित हो गया और पायलट को उसे संभालने का मौका नहीं मिल पाया। दुर्घटना के बाद हेलीकाप्टर में दोनों पायलट फंस गए थे, जिन्हें बाहर निकालने के लिए जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जाता है कि पायलट एपी श्रीवास्तव दिल्ली से प्रशिक्षण देने के लिए रायपुर आए थे। वे पायलट गोपालकृष्ण पंडा को हेलीकाप्टर चलाने का प्रशिक्षण दे रहे थे। हेलीकाप्टर में अचानक खराबी आने के कारण यह हादसा हुआ।

### महंत ने कैप्टन जीके पंडा और एपी श्रीवास्तव के निधन पर दुःख व्यक्त किया

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायपुर एयरपोर्ट में स्टेट हेलीकॉप्टर के दुर्घटना पर मृतकों के प्रति शोक प्रकट करते हुए इसे दुखद हादसा बताया। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा हमारे दोनों पायलट कैप्टन जी.के. पंडा और कैप्टन ए.पी. श्रीवास्तव का निधन बेहद दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ, दुःख की इस घड़ी में उनके परिवारजनों को संबल एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

# अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज से




**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

14 से 16 मई तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हो गई है। 14 मई दिन शनिवार, रायपुर प्रातः 7:30 बजे, डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौक रायपुर में बौद्ध भन्ते एवं अन्य राज्यों से आये हुये अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण, बौद्ध धम्म पद्धति से त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना। 8:30 बजे भारतीय बौद्ध महासभा, बौद्ध समाज के एवं अन्य डॉ बाबा साहेब के अनुयायियों द्वारा धम्म रैली डॉ अम्बेडकर चौक से सिरपुर के लिए रवाना होगी। शनिवार 3:00 बजे सिरपुर के कार्यक्रम में प्रकाश चन्द्राकार विधायक महासमुन्द एवं बौद्ध भिक्षुओं (भन्ते) द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा । बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना, हिन्दी एवं पाली में। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत । धम्म देशनाः अरहत भन्ते सुमंगल नागपुर के द्वारा प्रज्ञा, करूणा विषय पर 40 मिनट। अरहत भन्ते महानाम के द्वारा मंगल मैत्री पर धम्म देशना 40 मिनट। तथागत बुद्ध पर 10 मिनट का संगीत। भन्ते सिद्धरत्न के द्वारा तथागत बुद्ध की श्रमण संस्कृति पर धम्म देशना। सत्यजीत ठाकुर, आई.ए.एस. सहायक विपशनायाचार्य के द्वारा चित्त को नियंत्रित करने हेतु साधना का महत्व। भन्ते धम्मशील के द्वारा पंचशील पर धम्म देशना मानव जीवन में पंचशील के पालन से उज्जवल चरित्र का निर्माण होता है। प्रोफेसर रतनलाल दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक एवं महत्वपूर्ण विचारों पर परिचर्चा। तथागत बुद्ध एवं डॉ. बाबा साहेब पर 10 मिनट का संगीत। सभी अतिथियों का मोमेन्टो से सम्मान। रात्रि 8:30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# गैस सिलेंडर में हुआ धमाका, खिड़कियों के शीशे टूटे, सड़क पर बिखरा मलवा

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com





कबीर नगर के एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फट गया। हालांकि इस हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन, इसका असर आसपास के मकानों तक देखा गया। बताया जा रहा है कि बालकनी में रखे गैस सिलेंडर फटने का धमाका इतना जोर का था कि आसपास के मकान की खिड़कियों के शीशे टूट गए, जबकि बालकनी में लगी लोहे की ग्रिल भी क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई। वहीं गैस सिलेंडर फटने के बाद घर के बाहर सड़क इसका मलवा बिखर गया। मामला कबीरनगर थाना क्षेत्र का है। धमाके के बाद आनन-फानन में परिवार के सदस्यों ने बाहर निकाया गया। सिलिंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों के लोग भी सहम गए। जानकारी के अनुसार कबीर नगर के इम्पीरियल सोसाइटी निवासी पंकज दुबे के घर में यह हादसा शुक्रवार सुबह उस वक्त हुआ जब सभी लोग सो रहे थे। करीब छह बजे अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज की सुनकर सभी हड़बड़ा गए। बालकनी से आई धमाके की आवाज सुनकर पंकज बाहर निकले तो देखा गैस सिलेंडर में धमका हुआ है। उन्होंने तुरंत घर के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग भी घर के बाहर निकल आए। हालांकि गैस सिलेंडर में हुए धमाके में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

### भगवान परशुराम की भव्य शोभा-यात्रा आज



**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार भगवान परशुराम जयंती के पावन उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय शोभा-यात्रा एवं ब्राम्हण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भर से आये विप्रजनों द्वारा यह शोभायात्रा एवं ब्राम्हण सम्मेलन 14 मई शनिवार को संध्या 3.00 बजे जे.पी. एण्ड पार्टी का भजन व राष्ट्रीय गीत संगीत के साथ सम्पन्न होगा। तत्पश्चात् शहर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा का भ्रमण होगा। शहर के समस्त विप्रजनों से अपील है कि समाजहित एवं धर्म की रक्षा के लिए ओज और तेज के संकलित बल के साथ महाशक्ति का स्वरूप प्रदान करने आत्मीयता से भरे अक्षत और पुष्प स्वीकार करें। प्रत्येक परिवार शामिल होकर इस सामूहिक यज्ञ में आहूति देवें। वह वसुंधरा की पुकार है।

# हसदेव वन संरक्षण के लिए छात्रों का तीन दिवसीय परिक्रमा पदयात्रा

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com




वर्तमान में हसदेव अरण्य में हो रहे लगातार वनो की कटाई और वन्यजीवो की हत्या से सभी अवगत है। इसी का विरोध करते हुए हसदेव अरण्य वन एवम जीव जंतु के संरक्षण के उद्देश्य को लेकर रायपुर नगर के छात्रों द्वारा तीन दिवसीय रायपुर परिक्रमा पदयात्रा हसदेव बचाव अभियान की शुरुआत 10 मई सुबह 7 बजे से भाटागांव चोक से प्रारंभ हुई। यह पदयात्रा भाटागांव चौक से टाटीबंध रिंगरोड होते हुए बंजारी मंदिर बिरगांव पहुंची,यह दूरी छात्रों द्वारा खुले पैर तय की गई।दूसरे दिन यह पदयात्रा बिरगांव से विधानसभा होते हुए मंदिर हसौद से राममंदिर पहुंची। इस पदयात्रा का समापन 12 मई को , राममंदिर से तेलीबांधा होते हुए महामहिम राज्यपाल से मुलाकात तथा ज्ञापन सौंप कर किया जाएगा।पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे अंकुश बिसेन का कहना है की इस पदयात्रा का उद्देश्य हसदेव वन तथा वन्य जीवों की संरक्षण करना तथा लोगो मे जनजागरुकता लाना है।जिस हेतु ये दोनो छात्र लगातार तीन दिन से पैदल यात्रा कर रहे है।ये दोनो छात्र यह पदयात्रा गौ सेवक श्री ओमेश बिसेन जी के निर्देशन एवम मार्गदर्शन में कर रहे है। साथ ही इस पदयात्रा में क्षितिज, करण,जय निषाद,मनोज एवं अनेकों छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### पावर कंपनी में जेई भर्ती के लिये 22 को होगा दस्तावेजों का परीक्षण

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में जूनियर इंजीनियर (जेई-कनिष्ठ अभियंता) की भर्ती के लिये पहले पात्र उम्मीदवारों के दस्तावेजों का परीक्षण 22 मई को होगा। दस्तावेज परीक्षण के लिये सिविल, आईटी, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स और मेकेनिकल ब्रांच की सूची जारी कर दी गई है। इसमें विज्ञापित पदों में से डेढ़ से दोगुने उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी इस सूची का अवलोकन पॉवर कंपनी की वेबसाइट में कर सकते हैं। इन पदों के लिये पूर्व में कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा हुई थी, जिसके प्राप्तांक के आधार पर दस्तावेजों के परीक्षण के प्राविधिक पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है। सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण पॉवर होल्डिंग कंपनी के डगनिया मुख्यालय में 22 मई को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। उम्मीदवारों को इसकी सूचना उनके व्दारा आवेदन में दर्शाये ई मेल आईडी पर मेल से एवं मोबाइल नंबर पर एसएमएस से भेजा जा रहा है।

# वर्मी कंपोस्ट की बाध्यता समाप्त करें सरकार

■ भाजपा किसान मोर्चा ने आज प्रदेश भर में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार के विगत साढ़े 3 वर्षों के कार्यकाल में लगातार किसान विरोधी कार्य किया जा रहा है प्रदेशभर के किसान विभिन्न समस्याओं को लेकर परेशान हैं हालात यह है कि प्रदेश के अंदर सैकड़ों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। प्रदेश के किसान खेती किसानी के कार्य में जुटने लग गए हैं वहीं राज्य सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ 3 बोरी वर्मी कंपोस्ट खरीदने को बाध्य कर दिया गया है जो कि सरकार की तानाशाही है भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया है कि वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग को लेकर प्रदेश भर के सभी जिला में महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें कहा गया है 10 दिवस के अंदर इस तुगलकी फरमान को सरकार वापस ले एवं किसानों को ऐच्छिक रूप से खरीदने की छूट दे अन्यथा 23 तारीख को सभी सोसाइटी पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी राजीव गांधी न्याय योजना के अंतिम किस्त की राशि में 30 से 40त्न तक की कटौती करते हुए करीब 470 करोड़ की राशि किसानों को कम जारी की गई है इस अंतर की राशि को तत्काल किसानों को दिया जाए प्रदेश के कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों के एक-एक दाना धान खरीदने की बात कही थी रबी फसल की धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदी तत्काल प्रारंभ करें।

### मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह की माता के निधन पर दुःख प्रकट किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय जनजातीय विकास राज्य मंत्री रेणुका सिंह की माता कैलाश देवी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। बघेल ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके शोक संतप्त परिवारजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सरोज पांडेय ने रेल मंत्री वैष्णव से मुलाक़ात की

**रायपुर।** राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाक़ात की तथा प्रदेश के रेलवे से सम्बंधित सभी मांगों और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पांडेय ने इस मुलाक़ात की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्री से उन्होंने प्रदेश की जनता की रेलवे से जुडी कई मांगों पर चर्चा की।

# विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हैदराबाद में की तेलंगाना विधान सभा अध्यक्ष से सौजन्य भेंट

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज हैदराबाद में तेलगांना विधान सभा भवन में तेलंगाना विधान सभा अध्यक्ष, पी. श्रीनिवास रेड्डी एवं तेलंगाना विधान परिषद के मान. सभापति जी. सुकेन्दर रेड्डी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर तेलगांना विधान सभा के सचिव डॉ. व्ही. नरसिम्हा चारयुलु भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तेलगांना विधान सभा भवन के सदन का भी अवलोकन किया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ महंत ने तेलंगाना विधान सभा के मान. अध्यक्ष पी श्रीनिवास रेड्डी एवं विधान परिषद के मान. सभापति जी. सुकेन्दर रेड्डी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा छत्तीसगढ़ राज्य आने हेतु आमंत्रित किया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ.महंत ने उन्हें छत्तीसगढ़ विधान सभा की संसदीय उपलब्धियों एवं संसदीय नवाचारों से अवगत कराया,जिसकी तेलंगाना विधान सभा के मान. अध्यक्ष द्वारा सराहना की गयी।

## सुराजी गांव योजना से महिलाओं के सपनों को लगे पंख

# रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में तब्दील हुआ वृंदावन गौठान

**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com





सुराजी गांव योजना से महिलाओं के सपनों को मिले पंखआंखों में उम्मीदों के सपने हो और मन में हौसला, तब बड़े से बड़े सपने भी साकार हो जाते हैं। राजनांदगांव जिले के ग्राम अंजोरा के वृंदावन गौठान की मेहनतकश महिलाओं ने भी एक सपना देखा अपने आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन का। उनके सपनों को राज्य सरकार की सुराजी गांव योजना से उड़ान मिली। 26 एकड़ में फैले वृंदावन गौठान के रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में तब्दील होने से वहां काम कर रहे समूह की महिलाओं की कोशिशों ने रफ्तार पकड़ी। यहां महिलाओं के लिए आजीविका वर्क शेड का निर्माण किया गया है। अब ये महिलाएं छत्तीसगढ़ी व्यंजन, पूजा का सामान से लेकर मशरूम उत्पादन कर अपने परिवार का सहारा बन रही हैं। राज्य सरकार की सुराजी गांव योजना से उड़ान मिली। जिला प्रशासन की मदद से उन्होंने गणेश गुलाल प्राईवेट लिमिटेड से अनुबंध कर गुलाल, चंदन, कुमकुम, अगरबत्ती निर्माण का कार्य व्यापक पैमाने पर प्रारम्भ किया है। यहां आर्डर पर समूह की महिलाएं छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, भजिया, फरा, गुलगुला भजिया, बड़ा, मुंगोड़ा बना रही हैं। छत्तीसगढ़ की संस्कृति का परिचय कराती कलाकृतियों से सजी रसोई में शहरवासियों के लिए कुल्हड़ की चाय और गर्मी से राहत के लिए मिट्टी के थर्मस के ठंडे पानी की भी व्यवस्था है। जय बाबा कुटी समूह की माधुरी, अनिता ने बताया कि वे रसोई को इस तरह से बनाना चाहती हैं, कि यहां शहर के लोग आकर पारिवारिक पार्टी कर सकें।

**सुराजी गांव योजना :** सुराजी गांव योजना गौठान में महिलाएं पूजा के लिए गोपीचंदन बनाने, अगरबत्ती निर्माण के साथ पैकेजिंग का कार्य भी सफलतापूर्वक कर रही हैं। समूह की श्रीमती लोकेश्वरी निर्मलकर ने बताया कि यहां काम करने से घर की माली स्थिति में सुधार हुआ है। अब उन्हें कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ता। वहीं इससे परिवार के लोग काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं अपने काम से विशेष पहचान बनाना चाहती हैं। कई महिलाएं पहली बार घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर काम कर रही हैं। आर्थिक रूप से मजबूत होने से महिलाओं को मान-सम्मान भी मिला हैं जिससे वे खुश हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद कहा है। मेघा यादव ने कहा कि यहां कार्य करने से जीवन स्तर बड़ा है। अब वे बैंक में राशि जमा कर रही हैं। वहीं शांति साहू ने बताया कि यहां से प्राप्त राशि से उन्होंने अपने छोटे बेटे की शादी की है और घर का खर्च अच्छी तरह से चल रहा है।

**पपीते की खेती, मछली पालन और बतखपालन :** गौठान के व्यापक पैमाने पर पपीते की खेती भी की जा रही है। मछली पालन और बतखपालन किया जा रहा है। यहां गोबर से लगभग 55 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है। गौठान में साढ़े 10 एकड़ में आम, जाम, नीबू, नारियल, कटहल, मुनगा, काजू के फलदार वृक्ष भी लगाए गए हैं।

# मैट्स यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज



**पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर**
www.dailypioneer.com

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, मैट्स यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव आगाज-2022 पोस्ट कोविड -19 का उद्घाटन किया। आगाज-2022 ने चौंका देने वाले अनुपात का एक गुण प्रस्तुत किया। उत्सव में विभिन्न तकनीकी कार्य म, रचनात्मक प्रतियोगिताएं और प्रतिभा उन्मुख सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल थे। खाद्य एवं प्रौद्योगिकी के डेयरी विज्ञान के डीन, डॉ ए के त्रिपाठी, समापन मूल्य वितरण समारोह के मुख्य अतिथि थे। टेक्निकल फेस्ट की शुरुआत मैट्स यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. के पी यादव के स्वागत नोट से हुई। उन्होंने इन गतिविधियों में भागीदारी के माध्यम से संगठनात्मक कौशल की उपलब्धि के महत्व पर जोर दिया। डॉ. बृजेश पटेल, प्रिंसिपल एमएसईआईटी और संयोजक, आगाज-2022 ने तीन दिवसीय फेस्ट के दौरान होने वाले विभिन्न कार्य मों की जानकारी दी । उनके साथ प्रभात मिश्रा और नीलाद्री सरकार टेक फेस्ट के सह-संयोजक थे। गजराज पगारिया, चांसलर, मैट्स यूनिवर्सिटी और प्रियेश पगारिया, महानिदेशक, मैट्स यूनिवर्सिटी ने इस तीन दिवसीय आयोजन में दौरा किया और सभी छात्रों को विभिन्न कार्य मों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। गोकुलानंद पांडा, रजिस्ट्रार मैट्स यूनिवर्सिटी ने इस टेक्नो-कल्चरलफेट और फेस्ट के सफल आयोजन के लिए छात्रों, प्रतिभागियों, विभिन्न आयोजनों के विजेताओं और आयोजकों को बधाई दी।

# जहां एक ओर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है वही जिले का एक गांव शुद्ध पानी को तरस रहा

## आयरन युक्त पानी पीने मजबूर हुए ग्रामीण

■ भीषण गर्मी में भी नहीं मिल रही राहत

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के हलामीमुंजमेटा ग्राम पंचायत के आश्रित गाँव कापसी के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में भी हैंडपंप से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। बता दें जिला मुख्यालय से 9किमी दूर ग्राम पंचायत हलामीमुंजमेटा के आश्रित गाँव कापसी के ग्रामीण लाल पानी को मजबूर हैं।

ग्रामीण चन्दरु का कहना है कि कापसी के लोहरा पारा में दस से बारह घर है और सभी परिवार इसी हैंडपंप के भरोसे है। इस हैंडपंप के अलावा और कोई विकल्प नहीं है सो मजबूरन हमे इस हैंडपंप से निकले गंदे पानी को छान कर पीना पड़ता है।

इस गंदे पानी को पीने के कारण हमारे शरीर मे भी बुरा असर पड़ रहा है कई प्रकार के गंभीर बीमारियों से जूझना पड़ता है।

एक ओर जहां देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है वही एक गाँव आज भी शुद्ध पानी की दो बूंद के लिए तरस रहा है।

वही गाँव की महिलाएं बताती हैं कि कई वर्षों से हैंडपंप पानी लेकर जा रहे हैं परंतु हैंडपंप से पानी भरने के कुछ घंटों बाद पानी ऑटोमेटिक लाल हो जाता है और बर्तन भी गंदे नजर आते हैं जो कि हैंड पंप से जंग खाया हुआ पानी निकल रहा है, ऐसा गंदा मटमैला पानी पीने से बैक्टीरिया इन्फेक्शन जैसी बीमारियों का शिकार ग्रामीण जन बन सकते हैं जिसकी सूचना कई बार ग्राम पंचायत के नुमाइंदों को दी गई परंतु जागरूकता दिखाते हुए आज तक निराकरण नहीं किया गया. निराकरण उच्च अधिकारियों को मामले पर ध्यान देने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई जिससे कि ग्राम वासियों की समस्या का निराकरण हो सके।

> टीम भेज कर चेक करवा दिया जायेगा अगर हैंडपंप में कुछ खराबी हो गई होगी तो सुधार दिया जायेगा।
>
> **संतोष वर्मा**
> **एसडीओ पीएचई नारायणपुर**

# विधायक संतराम नेताम के निवास में प्रतिदिन लग रहा है जनचौपाल



पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल विधायक सन्तराम नेताम इन दिनों लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। साथ ही अपने केशकाल स्थित निवास कार्यालय में भी प्रतिदिन जनचौपाल लगाकर आम जनता से मुखातिब होकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। जहां केशकाल, बडेराजपुर एवं फरसगांव विकासखंड के अलग अलग ग्रामों के लोग अलसुबह विधायक निवास आकर अपनी समस्याओं व मांगो से विधायक को अवगत करवाते हैं। विधायक भी इन मांगों को बड़ी ही संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लेते हुए तत्काल सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत कर त्वरित निराकरण भी कर रहे हैं। आपको बता दें कि विधायक ने इन दिनों अपनी एक दिनचर्या तय कर ली है, जिसके तहत सुबह 8 बजे से 12 बजे तक वह अपने निवास कार्यालय में ही चौपाल लगाकर लोगों से मुलाकात करते हैं। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से देर शाम तक क्षेत्र के अलग अलग गांव में जाकर जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से गांव वालों की समस्याएं सुनते हैं। साथ ही सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होते हैं। विधायक द्वारा इस सकारात्मक अंदाज में लोगों से मिलना और उनकी समस्याओं का निराकरण करने से समूचे क्षेत्र की जनता काफी खुश है। वही विधायक संतराम नेताम ने बताया कि जनता ने ही मुझे विधायक के रूप में चुना है इसलिए मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं अपने क्षेत्र की जनता के सुख और दुख दोनों ही कार्यों में उनके साथ खड़ा रहूं। चाहे किसी के घर की शादी हो या फिर शोक कार्यक्रम, यदि मैं केशकाल में मौजूद हूँ तो मेरा पूरा प्रयास रहता है कि मैं वहां जाकर शामिल हो सकता हूँ। जब ग्रमीण अंचलों में हमारे कार्यकर्ता और जनता द्वारा मुझे मांदरी व डीजे के धुन के बीच डांस करने के लिए कहते है तो मैं स्वयं को रोक नही पाता, यही कारण है कि हमारे युवा वर्ग में भारी उत्साह बना रहता है। मेरा प्रयास है कि मैं अपने क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उनकी समस्याओं और मांगों को पूरा करूँ ताकि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाया जा सके।

# मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन किरंदुल ने दी अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे पर शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने वाले समस्त नर्स भाईयों एवं बहनों को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मेटल माईस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप की गरिमामयी उपस्थिति में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना अस्पताल एवं शासकीय 30 बिस्तर अस्पताल किरंदुल में जाकर यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष चिन्नास्वामी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश पत्र पढ़ कर सहृदय बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई साथ ही साथ यूनियन की ओर से सभी नर्स को एक एक पेन देकर सम्मानित किया गया। कोविड-19 संक्रमण काल में स्वास्थ्य रक्षा के हित में चिकित्सक, नर्स एवं पैरामेडिकल की टीम से अतुलनीय अमूल्य सेवा पूरे मानव समाज को प्राप्त हुआ जिसके लिए यूनियन ने दिल से सभी को बहुत बहुत साधुवाद दिया। विदित हो कि माडर्न नर्सिंग के संस्थापक फेलोरिंस नाइटिंगेल का के जन्मदिन को इंटरनेशनल नर्सेस डे के रूप में मनाया जाता है। उनके सम्मान में वर्ष 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स द्वारा अंतरराष्टीय नर्स दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई, तब से प्रति वर्ष समूचे विश्व मे अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एमएमडब्ल्यू यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश रथ, रवीश तिवारी, मनीष गुप्ता, दिलीप राणा उपस्थित थे।

# एएमएनएस ने प्रगतिशील किसानों को सब्जी उत्पादन के लिए प्रदान किया कृषि यंत्र

पायनियर संवाददाता
◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



आजीविका की कमी का जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे स्वास्थ्य, पोषण,शिक्षा और जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है इसके लिए किसान केंद्रित दृष्टिकोण बनाना होगा जो खेत से बेहतर कमाई कर सके।

इसी दिशा में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील सी एस आर टीम प्रयासरत है और समय समय पर कड़मपाल, किरंदुल बस्ती,पालनार और फूलपाड़ के किसानो को खेती सम्बन्धित जानकारी, बीज तथा कृषि यंत्र आदि द्वारा प्रोत्साहित किया है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चोलनार में सरपंच भीमा तथा सी एस आर टीम द्वारा 18 प्रगतिशील चयनित सब्जी उत्पादक किसानों को कृषि यंत्र रापा, हसिया,गैती प्रदान किया गया।ये सभी किसान आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील सी एस आर टीम के प्रशिक्षक की देख रेख में सब्जी उत्पादन विगत वर्षो से कर रहे है।सीएसआर प्रमुख डॉ तेज प्रकाश ने बताया सब्जियों की फसलें विभिन्न कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में छोटे किसानों के लिए उत्तम है,मुख्य रूप से आय के साथ-साथ भोजन के स्त्रोत के रूप में भी इसका प्रयोग शरीर में पोषण की कमी को पूरा करता है विशेष रूप से ग्रामीण आदिवासी बच्चो एवं महिलाओ में जिनकी आय सीमित है।

# किरंदुल पहुंचे पादप औषधि बोर्ड उपाध्यक्ष नए वाहनों का किया शुभारंभ

**किरंदुल।** औषधि पादप बोर्ड उपाध्यक्ष छबीन्द्र कर्मा आज एक दिवसीय प्रवास पर किरंदुल पहुंचे जहां किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय द्वारा स्वच्छता कार्य एवं पेय जल के लिए नवीन वाहन क्रय किया गया हैं जिसका शुभारंभ छबीन्द्र कर्मा द्वारा पूजा एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। बता दें नगरपालिका परिषद द्वारा 02 ट्रैक्टर,04 ट्रैक्टर ट्रॉली 02 छोटा हाथी,01 छोटा लिफ्टर का क्रय किया गया हैं।इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप,तपन दास, उप अभियंता तीरथ राम सिन्हा,सुनील जैन, गौरीशंकर तिवारी, नरेश साहू,पार्षद राजू कुंजाम, गायत्री साहू, भानमती नाग, अशोक कश्यप, मिलेन्द्र केरकेट्टा, प्रमोद सिंह एवं नगरपालिका के समस्त कर्मचारी उपिस्थित रहें।



# बूथ कमेटी कंग्रेस को करेगी और मजबूत

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



कांग्रेस में संगठन चुनाव को लेकर पार्टी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक अपने अपने प्रभार वाले जिले में जाकर कांग्रेस संगठन में जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर कांग्रेस पार्टी के जिला स्तर के कार्यो का अवलोकन कर रहें है,संगठन चुनाव को लेकर कांग्रेस सरकार सभी जिले में डिस्टिक रिटर्निंग ऑफिसर बना कर भेज रही है।दंतेवाड़ा जिले के लिए डीआरओ पार्टी के द्वारा बैदनाथ को बनाया गया है।शुक्रवार को डीआरओ के द्वारा दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेस के सभी ब्लाक अध्यक्ष बूथ कमेटी अध्यक्षों की बैठक ली,डीआरओ ने कहा संगठन चुनाव को लेकर मुझे दंतेवाड़ा का प्रभारी बनाया गया है,दंतेवाड़ा में कांग्रेस का संगठन मजबूत है,बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक दंतेवाड़ा में कांग्रेस मजबूत है,दंतेवाड़ा के जैसे ही कांग्रेस पार्टी के सभी जिले में कार्य करना चाहिए,यंहा बूथ कमेटी को लेकर अच्छा काम हुआ है, आने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूत संगठन का पार्टी को फायदा मिलेगा। डीआरओ की बैठक में दंतेवाड़ा जिले के कंग्रेस के दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण, बारसूर ब्लाक अध्यक्षों से भी डीआरओ ने संगठन चुनाव को लेकर चर्चा की।

डीआरओ द्वारा ली गई बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम,पादप बोर्ड उपाध्यछ छबिन्द्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यछ तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, रितेश जैन किरन्दुल मृणाल राय, भास्कर राठौर, जेपी मरकाम, राजू भास्कर, सावन नाग सहित कांग्रेस के जिला ब्लाक बूथ कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे, सभी ने डीआरओ के सामने अपनी बातें भी रखी। और दंतेवाड़ा में पार्टी के संगठन के मजबूती की बात दंतेवाड़ा पहुचे डीआरओ के सामने कही।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



राजस्व प्रकरणों को नियत समय-सीमा में निराकृत करने के लिए दर्ज प्रकरणों के आधार पर कार्ययोजना तैयार किया जाये और निराकरण हेतु कार्यवाही सुनिश्चत किया जाये। वहीं प्राकृतिक आपदा से पीडितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए संवेदनशीलता के साथ पहल किया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने कलेक्टोरेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। बैठक में जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा भू-अभिलेख के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने अविवादित नामांतरण-बंटवारा, विवादित नामांतरण-बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और लंबित प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होने भोपालपटनम तहसील के अंतर्गत अविवादित बंटवारा प्रकरणों के निराकरण में कोताही बरतने वाले संबंधित पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर त्वरित कार्यवाही करने कहा। कलेक्टर श्री कटारा ने शासकीय भूमि में अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही कर ऐसे भूमि को शासकीय प्रयोजन हेतु आरक्षित किये जाने के निर्देश दिए। वहीं नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमण भूमि का व्यवस्थापन के तहत् 7500 फीट तक भूमि आबंटन के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत किये जाने के निर्देश दिए। उन्होने जन सुविधा केन्द्रों पर विभिन्न लोक सेवाओं नक्शा ,खसरा, बी-वन प्रदाय, आधार पंजीयन, आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय आदि को सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर कटारा ने नक्शा बटांकन, नामांतरण और अभिलेख दुरस्तीकरण को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होने ई-कोर्ट में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को समयबद्ध ढंग से निराकृत करने कहा। कलेक्टर कटारा ने नवीन तहसील गंगालूर एंव कुटरु में आवश्यक व्यवस्था तथा जन सुविधाओं की शीघ्र सुलभता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मसाहती एंव असर्वेक्षित ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने के उपरांत राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्रकरणों का निराकरण, वनाधिकार पट्टा प्रदाय, आरआरसी वसूली ईत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गयी।

# गीदम में ब्लॉक स्तरीय ग्रीष्मकालीन ज्ञान उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ गीदम/दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




जिला दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कर्मा एवं जिला मिशन समन्व्यक श्यामलाल शोरी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 15 दिवसीय विकास खंड स्तरीय ग्रीष्म कालीन उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय जावंगा, गीदम में गुरुवार को शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़े पनेडा ग्राम पंचायत सरपंच रामपाल वेक, गीदम विकास खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, खंड स्रोत समन्व्यक अनिल शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहन किया और बताया कि परीक्षाएं समाप्ति पर नए सत्र कक्षाएं शुरू होते तक बच्चों में पूर्व ज्ञान को सतत रखने और बेहेतर प्रदर्शन हेतु ज्ञान उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम में आयोजित किए जाने वाले सभी विधाओं में बच्चों में छुपी हुई कला एवं प्रतिभा को परिचय देने की प्रेरणा दी। प्रतिभावन बच्चों को राज्य तथा राष्ट्यि स्तरीय कार्यक्रमों में मौका दिया जाएगा। संकुल प्राचार्या तथा कार्यक्रम पर्यवेक्षक कैलाश नीलम ने कहा कि 15 दिवसीय ज्ञान उपचारात्मक शिक्षण कार्यक्रम 12 से 26 मई 2022 तक प्रति दिन प्रातः 8ः30 से 10ः30 बजे तक पाठ्यक्रम तथा पाठ्यक्रमेतर विभिन्न गतिविधियाँ पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें गणित कौशल, विज्ञान प्रयोग व उपयोग, हिंदी व अंग्रेज़ी भाषा कौशल, सामाजिक ज्ञान, पठन व लिखन कौशल, तकनीकि शिक्षा, प्रश्नोत्तरी, प्रोजेक्ट तयारी, पारंपरिक व सांस्कृतिक ज्ञान, क्राफ्ट वर्क, चित्रकला, मूर्तिकला एवं दैनिक जीवन में आवश्यकता विधाओं पर विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गीदम के शिक्षक तथा कार्यक्रम समन्व्यक राकेश मिश्रा ने कलेक्टर दीपक सोनी जी से पूर्व में चर्चित शिक्षण प्रारूप, कार्यक्रम गतिविधियों पीपीटी को बच्चों एवं शिक्षकों से साझा किय। भारतीय विज्ञान कांग्रेस संस्था, विज्ञान व प्रदौगिकी विभाग भारत सरकार के विशेषज्ञ तथा ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजुरी विश्वनाथ ने कहा कि पूर्व ज्ञान को आधार केंद्र बनाकर वर्तमान में विभिन्न विषयों पर सृजनात्मक तथा नवाचार कार्यप्रणाली से ज्ञान प्राप्त करना आवश्यकता है एवं समापन समारोह में बच्चें एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कैलाश नीलम, जितेंद्र यादव, सर्व प्राचार्य, हउरनार संकुल समन्व्यक जितेंद्र चौहान, गीदम संकुल समन्व्यक योगेश सोनी, जावंगा संकुल समन्व्यक नितिन विश्वकर्मा, प्रशिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ, आईटीआई प्रशिक्षक, शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चें उपास्थित थे।

# ट्रक चालक के मौत का कारण बनी नींद की झपकी, परिचालक घायल

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेड़मा के समीप नेशनल हाइवे 30 पर शुक्रवार की सुबह लगभग 4.30 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही मिनी ट्रक के चालक को अचानक नींद की झपकी आने के कारण उक्त ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे स्थित विशालकाय पेड़ से जा टकराई है। टक्कर इतनी घमासान थी कि ट्रक का चालक कृपाल सिंह निवासी मोवा रायपुर घण्टो तक बीच मे ही फंसा रहा, जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी है। वहीं परिचालक कपूर सिंह निवासी मोवा रायपुर को सामान्य चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल थाना प्रभारी राजेन्द्र मण्डावी पेट्रोलिंग टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां घायल परिचालक कको उपचार हेतु केशकाल अस्पताल भेजा गया। वहीं मृत चालक ट्रक और पेड़ के बीच मे फंसे होने के कारण जेसीबी की मदद से ट्रक को खींच कर चालक के शव को निकाला गया। ततपश्चात उसे पोस्टमार्टम हेतु केशकाल अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है, साथ ही उक्त मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# फ्लैगशिप योजनाओं का मैदानी हालात जानने कलेक्टर ने तीन विधानसभा के आधा दर्जन गांवों का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर डोमन सिंह ने फ्लैगशिप योजनाओं का मैदानी हालात जानने जिले के 3 विधानसभा के आधा दर्जन गांव में आकस्मिक रूप से पहुँचकर विभिन्न विभागीय कार्यो का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान भाटापारा विधानसभा अंतर्गत ग्राम निपानिया, ग्राम पंचायत किरवई, कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला, ब्लदाकछार एवं बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम बार मे पहुँचकर वहां संचालित राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना,ग्राम सुराजी, गौधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना,जल जीवन मिशन, राशन दुकान, समाजिक भवन, पंचायत भवन, स्कूल स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधा, गौठान में संचालित हो रहे विभिन्न आजीविका गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं की जमीनी स्तर में क्रियान्वयन सम्बंधित जानकारी हासिल किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में अपने आवेदन एवं समस्याओं के बारे में जानकारी कलेक्टर को दिए जिस पर कलेक्टर डोमन सिंह ने आवेदनों को शीघ्र ही निराकरण करनें का आश्वासन दिए है। इस मौके पर कसडोल अंतर्गत ग्राम ब्लदाकछार में वर्षो से लंबित अति विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जनजाति के 9 लोगो को जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कलेक्टर ने अपने हाथों से उन्हें मौके पर ही प्रमाण पत्र दिया। प्रमाण पत्र मिलते ही आवेदकों के चेहरे में मुस्कान छा गयी। प्रमाण पत्र मिलने पर आवेदक कृष्णा पिता चमरू कमार ने बताया कि कई सालों से हम लोगों का जाति प्रमाण पत्र नही बन रहा था। पर कलेक्टर ने हमारा जाति प्रमाण पत्र बना कर हम लोगों के वर्षो के सपनों को पूरा किया। उपस्थित कमार जाति के लोगों ने ताली बजाकर कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने बताया कि बचे हुए लोगों का भी शीघ्र ही प्रमाण पत्र समय सीमा के भीतर जारी किया जाएगा। गौरतलब है 20 दिनों पूर्व ग्राम ब्लदाकछार में गौठान निरीक्षण के दौरान कमार जनजाति के महिलाओं ने जाति प्रमाण पत्र नही बनने की गम्भीर शिकायत कलेक्टर से की थी। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कसडोल को विशेष शिविर लगाकर ऐसे लोगो को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत जारी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। इसके साथ ही बंसोड़ परिवारों को रियायत दरों में बांस उपलब्ध करानें हेतु हितग्राही पुस्तिका का भी वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने इस मौके पर गाँव के सरपंच,पंच,वरिष्ठ नागरिकों सहित महिला स्व सहायता के सदस्यों से मुलाकात कर गांव में चल रहे योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने विशेष कर गौधन न्याय योजना में भुगतान सम्बंधित समस्याओं के बारे में पूछा।

### ढेंकी का चांवल

ग्राम देवरीकला के गौठान में ढेंकी का यूनिट लगाया जा रहा है। जिसका चांवल जल्द ही सी मार्ट में बिकने के लिए उपलब्ध होगा। इसकी प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। ढेंकी के साथ हाथ वाले जांता भी लगाने की योजना है। गौरतलब है कि ढेंकी छत्तीसगढ़ की अपनी एक पहचान है। इस यूनिट के लगने से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोने मे मदद मिलेगा। साथ ही इससे महिलाओं की आमदनी में वृद्धि एवं रोजगार के साधन उपलब्ध होंगें। इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, डीएफओ के आर बढ़ई सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी गण उपस्थित थे।


# ग्राम टंडवा में पंचायतीराज अधिनियम बना मजाक

## फर्जी बिल लगाकर पंचों ने अपने ही खातों में डलवा दिए पंचायत के पैसे, एसडीएम के पास पहुंची शिकायत

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

पंचायतीराज अधिनियम की किस तरह से बखिया उधेड़ी जा रही है, जिसका जीता-जागता नमूना तिल्दा के ग्राम पंचायत टंडवा में देखने को मिल सकता है। इस गांव के जनप्रतिनिधियों और पंचायत सचिव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पंचायत की राशि को अपने निजी खाते में अंतरित कर लिया है। मामले की जानकारी जब गांव को उपसरपंच को लगी तो उसने इसकी शिकायत एसडीएम तिल्दा से की है, जिसके बाद ग्राम सचिव के बयान से हलचल मची हुई है।

आरोप है कि ग्राम पंचायत टंडवा की महिला सरपंच और सचिव ने मिलकर पंचायत की राशि का जमकर बंदरबांट कर रहे हैं। पंचों को दिए गए चेक के संबंध में सचिव का कहना है दो साल पूर्व हुए किसी कार्य के नाम से राशि का आहरण किया गया है, जो गांव के पंच विनोद वर्मा, यशवंत निर्मलकर, टीकम राय, और पंच पति राकेश बघेल को भुगतान किया गया है। सवाल यह है कि गांव के सरपंच ओर सचिव पंचायती राज अधिनियम के विपरीत कैसे कार्य कर सकते हैं। कैसे गांव के किसी जनप्रतिनिधि को पंचायत से लाभ देकर उसे भुगतान कर सकते हैं। बता दें कि बताया जा रहा है कि पूर्व में जो सचिव थी, उस पर भी कई आरोप लगे थे, जिसे हटाकर नंद कुमार साहू को सचिव यहां का सचिव बनाया गया था, ताकि यहां हो रहे शासकीय राशि के दुरुपयोग पर लगाम लगाया जा सके। मगर कुछ ही महीनों में सचिव भी यहीं के रंग में रंग गए हैं। यहां तक कि पंचायती राज अधिनियम के विपरीत कार्य कर के अपनी नौकरी तक को दांव पर लगा बैठे हैं, भले ही पंच सरपंच के दबाव में ही कार्य किया हो।


प्रति,
श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय
तिल्दा जिला रायपुर (छ0ग0)
विषयः– श्रीमती पुष्पलता नायक(सरपंच ग्राम पंचायत टंडवा) नंद कुमार साहू (सचिव ग्राम पंचायत टंडवा) एवं विनोद वर्मा, यशवंत निर्मलकर, टिकम राय, एवं पंचपती राकेश बघेल (पंचगण ग्राम पंचायत टंडवा) के द्वारा पद का दुरुपयोग कर पंचायत की राशि अपने निजि खातें में अंतरित करने के विरुद्ध उचित कार्यवाही किए जाने बाबत
महोदय,
मैं मुन्नालाल गुप्ता पिता श्री स्वामीनाथ गुप्ता (उपसरपंच ग्राम पंचायत टंडवा) निवासी ग्राम पंचायत टंडवा तह तिल्दा जिला रायपुर छ0ग0 मों0न0 9301758050 का निवासी हूँ।
महोदय मैं ग्राम टंडवा के सरपंच, सचिव एवं पंच के द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दिनांक 15.04.2022 को उपर वर्णित्व्यक्तियों के द्वारा पंचायत के विकास एवं अन्य कार्य हेतु पंचायत के खाते में रखी गयी राशि को उक्त व्यक्तियों के द्वारा पंचायत का कार्य पूर्ण किये बिना ही चेक के माध्यम से अपने निजी खाते में पंचायत के खाते से राशि अंतरित करा लिया गया है जो की पंचायती राज अधिनियम में उपबंधित प्रावधान के विरुद्ध है तथा पूर्व में भी उक्त व्यक्तियों के द्वारा पंचायत के विकास कार्य के नाम पर अपने एवं अपने परिजन के खाते में पंचायत की राशि अंतरित की गयी।
अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराकर दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही किया जावे।
रायपुर
दिनांक
आवेदक
मुन्नालाल गुप्ता
पिता श्री स्वामीनाथ गुप्ता
(उपसरपंच ग्राम पंचायत टंडवा)
निवासी ग्राम पंचायत टंडवा तह
तिल्दा जिला रायपुर छ0ग0
मो0न0 9301758050

# बाइक चोर गिरोह सक्रिय

पायनियर संवाददाता ◀ सरसींवा
www.dailypioneer.com





सरसीवां एवं आसपास के गांवों में जहाँ एक तरफ शादी सीजन की धूम चल रही है वही मोटरसाइकिल चोर भी सक्रिय हो गए है मोटर सायकिल का चोरी होना सरसीवा छेत्र के लिए आम बात हो गयी है बीते रात स्मृति भवन मार्ग के अंदर गली में अज्ञात चोरों ने 2 मोटरसाइकल को अलग अलग समय मे चोरी कर लिया जानकारी में मनीष अग्रवाल ने बताया कि वो अपना हीरो कॉम्पनी का एच एफ डीलक्स बाइक हर रोज की भांति घर के सामने खड़े किए थे सबेरे देखा तो गाड़ी गायब था तब बगल में दीपक अग्रवाल के दुकान में सीसी टीवी देखने पर पता चला कि दीपक अग्रवाल का पल्सर गाड़ी भी भी चोरी हो गया है सी सी टीवी देखने से पता चला कि अज्ञात चोर 2 जने थे और अलग एक बाइक में आये थे 3 बजकर 10 मिनट में पहले पल्सर गाड़ी छ्त्त06-5410 को चोरी करके ले गए 1 घण्टा बाद पुनः वापिस आये और 4,10 में एच एफ डीलक्स हरे कलर का को चोरी करके ले गए थाना प्रभारी को जानकारी होने पर सी सी टी वी देखने अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुचे और सीसी टीवी देख कर चोर को पकड़ जाने की बात कही।

पूर्व में भी सरसीवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण से एक नया मोटरसाइकल ,खंडेलवाल फ्यूल्स से एक मोटरसाइकल चोरी हुआ था जिसका आजतक कोई पता ही नही चला सरसीवा सरपंच द्वारा आई पी कैमरा सराईपाली चौक में लगवाया गया है लेकिन वो अभी तक चालू नही हो पाया है आज 15 दिन हो गया अगर कैमरा चालू रहता तो शायद चोर पकड़े जाते सीसी टीवी में फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद चोर यदि पकड़े नहीं जाते है तो यह पुलिस विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही होगी रात्रि गस्त होने के बावजूद चोरी समझ से परे है।

# हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में की सहायता





पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम डोंगरीडीह महानदी पुल पर दो ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग वाहन तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर इस दुर्घटना में घायल वाहन चालक को तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के माध्यम से हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां घायल व्यक्ति का इलाज प्रारंभ हो पाया। तत्पश्चात दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को महानदी पुल से हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया। यह बहुत व्यस्त मार्ग है, जिसमें दोनों वाहनों के पुल में ही फंसे रहने से पुल के दोनों ओर गाड़ियों का लंबा जाम लग सकता था। जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता। हाईवे पेट्रोलिंग की इस त्वरित कार्यवाही से घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सीय सुविधा मिली तथा आमजनों एवं राहगीरों के लंबे ट्रैफिक जाम में फंसने से भी बचाव किया गया।

# निरंकारी भवन में बच्चों एवं बड़ों के लिए समर कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



संत निरंकारी मंडल द्वारा निरंकारी भवन में 5 साल से लेकर 30 के युवा युवतियों एवं छोटे-छोटे बच्चों एवं बड़ों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन तिल्दा नेवरा ब्रांच के मुखी महात्मा सुन्दर लाल जेस्वानी के नेतृत्व में किया जा रहा है जिसमें गीता निरंकारी-काम्या वाधवानी, काजल रोहरा, सुधा दुम्बानी, सिमरन दुबानी, अनिता निचलानी, सिमरन रोहरा, ममता रोहरा,नम्रता राजपाल ,पूजा भोजवानी, श्रुति निहिचलानी ,मुस्कान रांझानी और कई आदि शामिल है। हर्षा पंजवानी सेवादार ने बताया कि समर कैंप का मकसद बच्चों की पर्सानालिटी डेवलपमेंट के साथ-साथ कुछ सीखाने का भी है। यहां आर्ट क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, डांस, म्यूजिक, गुड टच एंड बैड टच के बारे में बच्चों को बताया जाएगा।आपको बता दें होमवर्क असाइनमेंट पूरा करने के साथ आप उन्हें डांसिंग, सिंगिंग, पेंटिंग, कुकिंग और क्रिकेट जैसा कोई भी समर कोर्स जॉइन करवा सकते हैं। अगर आपके बच्चे की स्पोर्ट्स में रुचि है तो खेलों से जुड़े वर्कशॉप्स करा सकते हैं। वहीं और भी बच्चे के इंट्रेस्ट की चीजें सिखाई जा रही है ।लैंग्वेज कोर्स बच्चों को गर्मियों में बिजी रखने का यह भी बढ़िया तरीका है। ऐसे बच्चा नई भाषा सीखेगा और कम्युनिकेशन स्किल्स भी बेहतर होंगी। शोध बताते हैं कि नई भाषा सीखने से दिमाग भी तेज होता है लड़का हो या लड़की, कुकिंग हर किसी को आनी चाहिए। बच्चों को समर वकेशन में कुकिंग क्लास भी जॉइन करवाई जा सकती है। यह कला उनके जीवन में आगे बहुत काम आएगी।

# सेवा सुगंधम समिति ने किया 15वीं पुत्री का परिणय संस्कार

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उनकी सेवा भावी संस्था ने समीपस्थ ग्राम धनेली में 15 वा पुत्री परिणय संस्कारोंत्सव का सफल आयोजन गत दिवस सम्पन्न किया। ग्राम धनेली के अशोक तिवारी की सुपुत्री सौ.का. भावना व राजिम निवासी चि. ऋषि परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धरसीवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, जसगीत सम्राट दिलीप शड़ंगी, गीतकार कवि मीर अली मीर, खिलेंद्र वर्मा, गणेश वर्मा, प्रह्लाद साहू उपस्थित रहे और वर वधु को सफल वैवाहिक जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सेवा सुगंधम सेवा संस्थान के कर्मठ व सक्रिय कार्यकर्ता राजेन्द्र पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, विनीत, सन्नी ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि अनिता योगेंद्र शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि गरीब परिवार की बेटियो का विवाह कराना इस संस्था की पहली प्राथमिकता रही है और यह इस संस्था का 15 वा आयोजन है जो हम सब के लिए प्रेरक और अनुकरणीय है। दो परिवार को जोड़ने एवम पूरी तन्मयता के साथ विवाह को संपन्न कराना समाज के लिए भी प्रेरणा दायक है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए संस्था को बधाई दी।

मीर अली मीर ने अपने कविता के माध्यम से बेटी को आशीर्वाद दिया। दिलीप शड़ंगी ने बेटी के महत्व के बारे बताते हुए कहा बेटी एक घर नहीं दो दो घर बसाती है बेटी महान है। आभार व्यक्त करते हुए टिकेंद्र उपाध्याय ने पुत्री परिणय संस्कारोत्सव में सहयोग करने वालो के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य रूप से राजीव अग्रवाल, सुधीर दुबे, सत्यनारायण पटेल, डॉ विकास आडिल, कान्हा अग्रवाल, संकेत शर्मा, जगदीश गोयल, आशीष शुक्ला, ईश्वरी देवागन, अजय जोशी, वैभव, नंदन सिंह, शंकर तलरेजा, नितेश जैन का विशेष सहयोग रहा।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भाटापारा मे सत्र 2022- 23 के लिये नये विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्राप्त आनलाईन आवेदन के दावा आपत्ति के पश्चात पात्र विद्यार्थियों का चयन लाटरी सिस्टम द्वारा अधिकारीगण एवं अभिभावको के उपस्थिति में 13 मई को शहर के नगर भवन मे आयोजन सम्पन्न हुआ। लाटरी पध्दति के अंतर्गत सर्वप्रथम पहली क्लास के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लाटरी सिस्टम का आरंभ हुआ, जिसमें बलिका के लिये 50 प्रतिशत व बीपीएल कार्डधारीयों के लिये 25 प्रतिशत व सामान्य के लिये 25 प्रतिशत नाम लाटरी सिस्टम में शामिल किया गया, साथ ही महत्तारी दुलार योजना के अंतर्गत कोरोनाकाल मे इस महामारी से खत्म हो चुके उनके माता पिता के बच्चे को सीधे प्रवेश दिया गया। उक्त लाटरी सिस्टम के प्रक्रिया पूरे 3.30 घंटे तक पहली क्लास से लेकर नवमी क्लास तक लिये संचालित हुआ। जिसमे सभी सैकडों पालकगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों के बीच पूरे पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ वहा पर मौजूदा पालकगणों के माध्यम से लकी ड्रॉ निकाला गया। जिसमे पुरुषों के साथ साथ महिला बच्चे बुजुर्ग विकलांग सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि वर्ग के लोग भी शामिल होकर लाटरी सिस्टम के पारदर्शिता व निष्पक्षता को प्रामाणिकता के साथ मजबूत आधार दिया। उक्त प्रक्रिया से वहां पर मौजूद सभी पालकगणों ने संतोष भी जहिर किया व नये प्रवेशित विद्यार्थियों के नाम लकी ड्रॉ मे नाम आने पर तलियों के गडगडाहट के साथ स्वागत किया। अंत मे नवमी क्लास का अंतिम लाटरी अपर कलेक्टर आशीष कर्मा के द्वारा निकाला गया। उक्त आयोजन को सफल सम्पन्न कराने मे विशेष रुप से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके.यद्दु, बीआरसी साहू, एबीओ अग्रवाल, देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि आलोक मिश्रा, एल्डरमैन मुकेश साहू, पालक संघ सोनू पटाक सहित आदि गण्यमान्य जन भारी संख्या मे उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके यद्दु ने उपस्थित आमजनों का आभार जताया।

## सकारात्मक सोच रखो तो सफलता अवश्य मिलेगी

# जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन जरूरी : ब्रह्माकुमारी रीतु दीदी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित प्रेरणा समर कैम्प के नौंवे दिन राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रीतु दीदी ने स्व अनुशासन विषय पर बोलते हुए बच्चों को जीवन में अनुशासन का महत्व बतलाया।

ब्रह्माकुमारी रीतु दीदी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जीवन में अनुशासन का होना जरूरी है। भले ही हम पढ़ाई में कैसे भी हों लेकिन हमारा आचरण और व्यवहार श्रेष्ठ होगा तो हम सभी का दिल जीत सकते हैं।

रीतु दीदी ने महापुरूषों के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बतलाया कि जीवन में संघर्ष करने वाले लोग ही आगे चलकर सफल होते हैं। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरकर सामने आता है। इसलिए जीवन में अगर किसी चीज का अभाव हो तो दुःखी नहीं होना चाहिए। बल्कि सोचना चाहिए कि यह मुझे आगे बढ़ाने का साधन है। सकारात्मक सोच रखो तो सफलता अवश्य मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण गोल्डन समय है। सच्चे अर्थो में व्यक्तित्व का निर्माण इसी अवधि में होता है। जीवन को दिशा देने का काम इसी दौरान किया जाता है। हम जैसा बनना चाहें वैसा अपने को बना सकते हैं। इसीलिए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। हमारा व्यवहार, बोलचाल और दिनचर्या अनुशासित हो तो हम आदर्श विद्यार्थी के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं। इससे घर-परिवार में बड़ों का और स्कूल में अध्यापकों का दिल जीत कर उनके प्रिय बन सकते हैं। उन्होंने बच्चों को सभी का आदर करने प्रेरणा देते हुए कहा कि चाहे कोई आपसे छोटा हो या बड़ा सदैव उनको आप कहकर सम्बोधित करना चाहिए। कई बच्चे तू-तुम कहकर आपस में बात करते हैं जो कि ठीक नहीं है। घर और स्कूल में प्रतिदिन अपने से बड़ों का अभिवादन अवश्य करें। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेना चाहिए। जब कोई सलाह या कार्य मिले तो हाँ जी कहकर उसे स्वीकार करें। हमारे शब्दों में मधुरता और नम्रता हो।

# चोरी की सामान खरीदने वाला कबाड़ व्यवसायी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले में अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत कार्यवाही कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोशन राजपूत थाना भाटापारा ग्रामीण एवं साइबर सेल प्रभारी उमेश वर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कबाड़ दुकान के आड़ में चोरी की संपत्ति खरीदने वाले कबाड़ी व्यवसाय को किया गया गिरफ्तार। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 11.05.2022 को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम खोखली निवासी दुर्गा चतुवेदी कबाड़ दुकान की आड़ में चोरी की संपत्ति खरीद कर उक्त संपत्ति को अन्ययंत्र खपाने की फिराक में अपने वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 2562 में लोड किया है की सूचना पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी दुर्गा प्रसाद चतुवेदी पिता मंतूराम चतुवेदी निवासी ग्राम खोखली थाना भाटापारा ग्रामीण के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 02/2022 धारा 41(1-4) दं प्र सं/379 भादवी कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# कलेक्टर महोबे ने गुंडरदेही ब्लॉक के विभिन्न गांवों का किया औचक निरीक्षण, ग्राम सरेखा में लगाई जनचौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

## पीएचई के एसडीओ, आरईएस विभाग के उपअभियंता एवं पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव/बी, सरेखा और माहुद/बी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। कलेक्टर महोबे ग्राम भाठागांव बी के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुँचे। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में संचालित पेयजल व्यवस्था का कार्य अपूर्ण होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उप संभाग गुण्डरदेही के अनुविभागीय अधिकारी और ग्राम पंचायत के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्राम सरेखा में सामुदायिक भवन के कार्य में दरवाजा व खिड़की संबंधी शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग गुण्डरदेही के उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम भाठागांव/बी के आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियाँ कराने के निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए। उन्होंने वहाँ शासकीय उचित मूल्य की दुकान पहुँचकर राशनकार्डधारी हितग्राहियों की संख्या, स्टॉक पंजी, वितरण पंजी का अवलोकन किया तथा सभी पंजी को नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दुकान संचालक को दिए। उन्होंने कहा कि खाली बारदानों का सुरक्षित रखरखाव करें। कलेक्टर ने राशन कार्ड संबंधी प्राप्त आवेदनों की भी जानकारी ली और राशन दुकान में उपलब्ध राशन सामग्री के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को दिए। कलेक्टर ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने गौठान में विद्युत व्यवस्था व पानी की समस्या का निराकरण करने के निर्देश जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने गौठान में सघन वृक्षारोपण करने तथा अन्य गतिविधि हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वसहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर ओपीडी पंजी, दवाईयों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुण्डरदेही को दिए।

**ग्राम माहुद/बी के गौठान का किया निरीक्षण**

कलेक्टर महोबे ने ग्राम सरेखा में जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याए सुनी। ग्रामीणों से पीडीएस से राशन व राजस्व संबंधी समस्या की जानकारी ली। विद्युत संबंधी लो-वोल्टेज की समस्या पर विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा नए ट्रांसफार्मर की स्थापना कार्य प्रस्तावित होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सरेखा के गौठान में विद्युत एवं पानी की आपूर्ति की समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक स्वसहायता समूह की सदस्यों से चर्चा की तथा समूह की मांग पर मुर्गी शेड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि गौठान में सघन वृक्षारोपण हेतु कार्ययोजना बनाए।

# कृषिमंत्री चौबे ने किया जिले में सी-मार्ट का शुभारंभ सुपर बाजार के तर्ज पर सी-मार्ट की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के कृषि विकास एवं कल्याण, जैवप्रौद्योगिकी, पशुधन विकास, मछली पालन, जलसंसाधन एवं आयाकट मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज बेमेतरा शहर में सी-मार्ट का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने परंपरागत रुप से सर्वप्रथम माता लक्ष्मी की प्रतिमा का पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होने स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा उत्पादित देशी सामग्री का निरीक्षण किया। तत्पश्चात एकता महिला स्व-सहायता समूह चारभाटा बेमेतरा द्वारा संचालित गढ़कलेवा में बनाये गये छत्तीगढ़ी व्यंजन चिला, फरा, ठेठरी, चौसेला को चखा और इसकी सराहना कर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धमेंन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा शकुंतला मंगत साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा होरी सिंह ठाकुर सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कृषिमंत्री चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में सुराजी गांव योजना के तहत छत्तीसगढ़ में सुपर बाजार के रूप में सी-मार्ट शुरू किया जा रहा है. इसमें गांव के देशी प्रोडक्ट की बिक्री की जाएगी। बेमेतरा जिले का पहला सी-मार्ट शुरू हो गया है, अब प्रदेश एवं जिले में बनाए जा रहे प्रॉडक्ट आसानी और वाजिब दामों में मिल जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों को उनके हाथों से बनाए गए उत्पादों के लिए संगठित बाजार उपलब्ध कराने पूरे प्रदेश में सी-मार्ट स्टोर्स शुरू किए जा रहे है। इससे महिला समूहों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। सी-मार्ट स्टोर में महिला समूहों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के हर्बल साबुन, आचार, मसाले, मुर्रा, दोना-पत्तल, काजु, विभिन्न प्रकार के शर्बत, देवभोग के डेयरी प्रोडक्ट, कोरिया की हर्बल चाय, लेमन ग्रास चाय, विभिन्न ऑइल से लेकर डिशवॉशर, टायलेट फ्लोर क्लीनर, मशरूम पाउडर, शहद, तेल-गुड़, देसी चना, लाल चॉवल का पोहा, चॉवल का आटा से लेकर बेसन तिखुर और दूसरी स्थानीय खाद्य सामाग्रियां भी लोगों के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा हर्बल प्रोडक्ट ईमली, हर्रा, बहेड़ा, आंवला, शहद जैसे वन उत्पाद की बिक्री की जा रही है। सी-मार्ट से हैंडलूम पर बने गमछे और अन्य आकर्षक सूती कपड़े भी खरीदे जा सकते है। इसके अलावा बेमेतरा जिले के ग्राम राखी में उत्पादित केला तना से रेशा से निर्मित हस्तशिल्प एवं हथकरधा से बने उत्पाद का भी विक्रय किया जायेगा।

# नगर में पेयजल समस्या को लेकर पार्षद नीतू कोठारी ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




गर्मी लगते ही बेमेतरा जिला के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में आम जन के जलजीवन अस्त व्यस्त दिखाई पड़ते हैं जिसका सीधा प्रभाव क्षेत्र में रहने वाले लोगों के ऊपर दिखाई देता है साथी नेताओं के चुनावी वादे में शामिल सड़क नाली निर्माण की अग्नि परीक्षा का भी समय होता है। वही पिछले दिनों बेमेतरा नगर में गर्मी के चलते पेयजल की भारी समस्या उत्पन्न हुई है जहां एक और जल स्तर का कमी होना वहीं दूसरी ओर संबंधित कर्मचारियों का समय पर काम ना करने से बेमेतरा नगर के लगभग सभी वार्डों में पानी की समस्या देखने को मिल रही है उक्त विषय को लेकर बेमेतरा वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद नीतू कोठारी ने अपने वार्ड वासियों के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी को समस्या से अवगत कराने पहुंचे उन्होंने बताया कि, कई बार नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को अवगत कराने के पश्चात भी कोई समाधान नहीं हो रहा है जिसके कारण हम आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पास पहुंचे हैं उन्होंने कहा कि उक्त मांगे 5 दिवस के भीतर वार्डों में उचित पेयजल की व्यवस्था नहीं होती तो बेमेतरा नगर के समस्त वार्ड वासियों को पार्षद नगर पालिका अधिकारी का घेराव करेंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।पार्षद नीतू कोठारी ने बताया कि कई दिनों से वार्डवासी टेंकर से पानी भर रहे है लगातार पेयजल की समस्या को अवगत कराने के बाद भी शहर में पेयजल की आपूर्ति के लिये नगर पालिका द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस अवसर पर वर्षा शर्मा,उषा सोनी,तारिणी तिवारी,कल्याणी शर्मा,प्रतिमा चौबे,प्रिंस तिवारी एवम समस्त वार्ड वासी उपस्तिथ थे।

# 14 मई 2022 को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन




**बेमेतरा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश बेमेतरा जयदीप विजय निमोणकर ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के अनुसार 14 मई 2022 को संपूर्ण भारत देश में नेशनल लोक अदालत आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला न्यायालय बेमेतरा में लबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआईएक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दं.प्र.सं. तथा मेट्रोमोनियम डिस्पुट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, राजस्व संबंधी, प्रकरण ट्रैफिक्र चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को आपसी राजीनामा के आधार पर इस नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निरात किया जाना है। प्री-लिटिगेशन के 884 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के आधार पर किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के होने के संभावनारण निराकरण नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय के लिये 07 एवं तालुका विधिक सेवा समिति हेतु 01 खंडपीठ का गठन किया गया है।

# शिक्षकों की समस्या निवारण के लिए 17 से शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ थानखमारिया
www.dailypioneer.com




स्कूली शिक्षा विभाग में शिक्षकों के व्यक्तिगत व विभिन्न विभागीय समस्या निराकरण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (डी.डी.ओ.) स.लोहारा अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों की स्थाई समस्या एवं मांगों के निराकरण हेतु ब्लॉक के मुख्यालय शिक्षा कार्यालय में 7 दिवसीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन 17 मई से किया जा रहा है। 1 दिन में 5 संकुलो के शिक्षकों को बुलाया गया है। सहसपुर लोहारा के ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर संतोष भास्कर ने बताया कि पिछले कुछ लंबे समय से विकासखंड के कुछ शिक्षकों का कुछ विभागीय कार्य लंबित पड़ा हुआ है भास्कर ने बताया कि ग्रीष्मावकाश शिविर में सर्विस बुक का अद्यतन किया जाना है जिसमें कर्मचारी की वेतन वृद्धि मार्च 2022 तक, अवकाश लेखा, पदोन्नति एवं स्थानांतरण, वेतन निर्धारण का सत्यापन संबंधित कार्य, उच्च योग्यता की प्रविष्टि, कर्मचारियों का नॉमिनेशन, समूह बीमा एवं अन्य आवश्यक प्रविष्टि किया जाना है। इस प्रकार सर्विस बुक में समस्त जानकारी अद्यतन होने पर शिक्षकों को छोटे-छोटे कामों के लिए ऑफिस का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा अपना पूरा समय विद्यालय में देगा। लोहारा विकास शिक्षा अधिकारी संतोष भास्कर ने बताया कि विकासखंड के 182 प्राथमिक शाला में 172 प्रधान पाठक एवं 351 सहायक शिक्षक तथा 95 पूर्व माध्यमिक शाला में 85 प्रधान पाठक एवं 336 शिक्षक कार्यरत है। जिनकी सेवा पुस्तिका का संधारण का कार्य शिविर के माध्यम से पूर्ण किया जाना है जिससे कि किसी शिक्षक को अनावश्यक रूप से परेशान ना हो न पड़े।इस कार्य के निष्पादन हेतु प्राथमिक स्तर के लिए प्रभारी अधिकारी प्रार्थना शर्मा (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी) एवं प्रभारी लिपिक गेंदसिंह ठाकुर तथा पूर्व माध्यमिक शाला स्तर के लिए प्रभारी अधिकारी निलेश चंद्रवंशी (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी) एवं प्रभारी लिपिक झूलेंद्र ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

# भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने हरिकिशन कुर्रे

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय की सहमति से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी की अनुशंसा पर भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामकुमार भट्ट ने पंचायत प्रकोष्ठ में जिला संयोजक बेमेतरा के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता हरि किशन कुर्रे को नियुक्त किया है। वहीं सह-संयोजक प्रेम वर्मा को बनाया गया है। हरिकिशन की नियुक्ति पर पूरे बेमेतरा जिला भाजपा में हर्ष की लहर व्याप्त है। गुरुवार को घोषणा के बाद से ही कुर्रे को लगातार फोन एवं सोशल मीडिया पर बधाई संदेश मिल रहे है। वहीं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाइयों ने हरिकिशन की नियुक्ति की जानकारी होते ही आतिशबाजी व मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया है। ज्ञात हो कि हरिकिशन कुर्रे नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंघ के जमाने से ही राजनीतिके चर्चित नाम है, विधानसभा में उनकी अच्छी खासी पैठ मानी जाती है, वे क्षेत्र के सतनामी समाज से एक बड़े नेता के रूप में जाने जाते है। संघ में भी हरिकिशन शुरू से सि य रहे है। नवागढ़ विधानसभा में भाजपा के शुरुआत ले समय झंडा उठाने वाले दिग्गजो में इनकी गिनती की जाती है। नियुक्ति पर हरिकिशन कुर्रे ने कहा कि वे राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रकोष्ठ के संयोजक रामकुमार भट्ट को इस दायित्व के योग्य समझने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा एवं जिला महामंत्री विकास धर दीवान का आभार जताते हुए कहा कि बेमेतरा जिला संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर वे खरा उतरेंगे। संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रतिबद्ध है। कुर्रे की नियुक्ति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, नरेंद्र शर्मा, फिरतु राम साहू,चन्द्रपाल साहू, दीपक तिवारी,रीना साहू,बबलु राजपूत, छब्बू गुप्ता, राजेन्द्र खुराना,राजेन्द्र मिश्रा, होरिलाल सिन्हा, सुभाष सोनी, दुर्गा सोनी,मिंटू बिसेन, सुरेश साहू, दयावंत धर बांधे, गिरेन्द्र महिलांग, प्रदीप शुक्ला, देवादास चतुवेर्दी, मधु रॉय, निमिराज सोनवानी, विकास घरडे, अनुज दिवाकर, डॉ जगजीवन खरे, मनमोहन बघेल, गुरमुख भार्गव, सुरेश निषाद, अभिषेक राजपूत, गजेंद्र साहू, महेश टण्डन, कपिल बंजारे, केदार साहू, कुंज बिहारी, विनोद साहू, टीकम पूरी, रमेश निषाद, गोलू सिन्हा, श्रीकांत ठाकुर, रुम्पल टुटेजा, मनीष श्रीवास, रोहित साहू, रामसागर साहू, उमेश ध्रुव, साहू, रामकुमार देशलहरे,फूलचंद साहू, अश्वनी साहू, अमिता बघेल, उमा मिश्रा, सती सिंहा, अनिल मिश्रा, रितेश मिश्रा, जेपी ठाकुर, राजाराम चंद्राकर,घनश्याम साहू, मीना साहू,मनी साहू, संदीप वैष्णव, प्रेमु वर्मा,युपेश साहू, मुचकुंद राजपूत,अर्पित गुप्ता, छब्बू सोनी, रमणीक गुप्ता, शिव सोनकर, धनीराम निर्मलकर, प्रणय दीवान, युपेश साहू, मुचकुंद राजपुत,परमेश्वर साहू, विजय डहरिया, वीरेन्द्र घृतलहरे, वीरेश सिंह,गुड्डा खान,वेदप्रकाश वर्मा, गया वर्मा, भुनेश्वर साहू,त्रिलोक साहू, राजा खान, हेमा यादव, अवतार यादव, ईश्वर कुम्भकार, कुलेश्वर सिन्हा, महेंद्र जायसवाल, अर्पित गुप्ता,सन्तोष देवांगन, युवराज ठाकुर,बबलु बांधे, दुर्जन साहू, संजू राजपूत, बालशंकर वर्मा, तोपसिंह साहू, मोनू गोस्वामी, सन्दीप वैष्णव, काल्विन जोशी, मिथलेश सोनकर, कृष्णा ध्रुव, सुभाष महिलांग सहित कार्यताओं ने शुभकामनाएं दी।

# खदान मजदू संघ ने सीएम को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



13 मई को खदान मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राजहरा शाखा के सचिव लखन लाल चौधरी के नेतृत्व में महाप्रबंधक नगर प्रशासन राजहरा खदान समूह से चर्चा किया और नियमित कर्मचारी और ठेका श्रमिकों के हितार्थ एक 11 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा की गयी मांगें इस प्रकार रही। बीएसपी आवास आवंटन में बीएसपी कर्मी को प्राथमिकता दी जाए, प्रतिमाह प्रत्येक टाईप के क्वाटरों की वैकेंट लिस्ट निकली जाए जिससे की पारदर्शिता बनी रहे। मकान आबंटन में हो रही अनियमितता में रोक लगे और वरीयता के आधार पर मकान आबंटित किया जाए साथ ही संघ के सचिव लखन लाल चौधरी ने कहा कि , भिलाई की तर्ज पर आनलाइन पद्धति से दल्लीराजहरा में भी मकान आबंटित किया जाए। जिस पर नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस पर प्रबंधन भी तैयार हो गया था कि भिलाई की तर्ज़ पर आनलाइन पद्धति से मकान आबंटित किया जावे, किंतु सीटू यूनियन ने इस पर आपत्ति लगाई हुई है, जिससे ये प्रक्रिया रूकी हुई है। अब भारतीय मजदूर संघ की मांग पर पर्सनल विभाग से चर्चा कर इसे जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष एम पी सिंग ने प्रबंधन से कहा कि, टाउनशिप में साफ सफाई, और नाली सफाई का कार्य नहीं हो रहा है। बरसात के पूर्व इसे कराना अतिआवश्यक है। क्योंकि अभी कुछ दिन पूर्व अचानक हुई बरसात से लोगों के घरों में पानी घुस गया था। इसलिए टाउनशिप के सभी नालियों की सफाई की जाए और साथ ही बरसात के पूर्व मकानों में हो रही सीपेज की समस्या को दूर करने हेतु तारपेलींग कार्य अतिशीघ्र कराया जाए। पूरे टाउनशिप में कर्मचारियों के क्वार्टरों की बैकडोर सफाई का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महारत्न कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को कंपनी की ओर से साफ-सफ ाई की सुविधा भी उपलब्ध नहीं करवा पाना खेदजनक है। टाउनशिप के मकानों का बरसात के पूर्व बैकडोर की सफाई अनिवार्य रूप से करवाई जाए। संघ के प्रतिनिधिमंडल में शामिल भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने मांग किया, की बीएसपी के रिक्त आवासों को थर्ड पार्टी आबंटन के बजाय ठेका श्रमिकों को वरीयता के आधार पर आबंटित किया जाए। जिस पर नगर प्रशासन विभाग ने सहमति जताई है और कहा कि प्रक्रिया के अनुसार ठेका श्रमिकों को मकान के लिए आवेदन करना होगा उन्हें सबसे पहले एक आवेदन जहां वो कार्यरत हैं उस विभाग से एप्रूव कराकर मुख्य महाप्रबंधक खदान के कार्यलय में जमा कराना होगा वहां से आपका आवेदन मार्क होकर नगर प्रशासन विभाग में आयेगा और फिर ठेका श्रमिकों को विभाग द्वारा मकान आबंटित किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने ठेका श्रमिकों को वरियता के आधार पर मकान आबंटित करने के लिए सहमति देने के लिए प्रबंधन का धन्यवाद किया। आगे प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा में आगे कहा कि टाउनशिप में केबल डालने के नाम पर या अन्य किसी भी कारण से जगह जगह बड़े खड्ढे बने हुए हैं और वो सभी कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते है मगर प्रबंधन द्वारा इनको भरने के लिए किसी भी तरह का प्रयास न करना कर्मचारियों के प्रति आपकी सोच को दिखाता है।

## नगर निगम ने जवानों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाया विशेष मेडिकल कैंप

# देश की सुरक्षा करने वाले जवानों की स्वास्थ्य सुरक्षा भी जरूरी

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



लोगों के स्वास्थ्य का असर शहर के विकास पर भी पड़ता है। इसके लिए क्षेत्र की जनता का स्वस्थ होना भी नितांत आवश्यक है। नगर पालिक निगम भिलाई अपनी सीमा क्षेत्र में रचे-बसे जन के स्वास्थ्य को लेकर भी सदैव अलर्ट मोड में रहता है। इसी उद्देश्य की प्रतिपूर्ति करने के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल कैम्प लगा रहा है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सीआईएसएफ सेक्टर 3 में मोबाइल मेडिकल कैम्प में जवानों से मिले। इस दौरान मोबाइल यूनिट में उपचार कराने पहुंचे जवान एवं उनके परिवार से जानकारी ली। सीआईएसएफ और उनके परिवार के लोगों को इलाज और मिलने वाली दवाईयों के संबंध में जानकारी दी। आयुक्त ने डॉक्टरों से भी दवाओं के स्टाक की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मरीजों की जांच का लैब में जल्द परीक्षण करवाकर जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि वास्तविक बीमारी का जल्द पता चल सके और इसका समुचित उपचार कराया जा सके। मरीजों के इससे शीघ्र स्वस्थ लाभ लेने की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने सिस्टम और समुचित तरीके से उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ अपने निर्धारित समय पर शिविर में अवश्य मौजूद रहे। शिविर में सेवा दे रहे चिकित्सकों ने बताया कि ब्लड आदि का लैब में नमूना लेने के बाद कुछ ही समय बाद कैम्प स्थल पर ही रिपोर्ट मुहैया कराई जा रही है। इसके लिए मरीजों को घंटों इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। स्वास्थ्य शिविर में ईसीजी, शुगर, हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी एवं अन्य आवश्यक जांच के लिए रक्त परीक्षण कराने के बाद कुछ ही घंटों में मरीजों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही। वर्तमान में भिलाई में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट शहर के स्लम क्षेत्र में संचालित हो रही हैं। आज खुर्सीपार जोन 3 वार्ड में बीएसपी स्कूल के बाजू स्थित प्रांगण में सामान्य क्लिनिक व टाटा लाइन के सियान सदन में दाई-दीदी क्लिनिक भी लगाए गए। सीआईएसएफ के विशेष मेडिकल कैम्प में 99 पुलिस अधिकारी-कर्मी व उनके परिवार के लोगों ने व खुर्सीपार में 53 लोगों ने उपचार कराया। वहीं कोहका के टाटा लाईन दाई-दीदी क्लीनिक में 54 माता व बहनों ने उपचार कराए।

# 35 प्रतिशत अनुदान राशि से शुरू करें स्वरोजगार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर श्रृजन कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसमें परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाता है। पीएमईजीपी हेतु ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है। इसके अलावा मुख्यमंत्री सृजन कार्यक्रम के लिए आवेदन और अन्य वांछित जानकारी खादी ग्रामोद्योग कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग से प्राप्त कर सकते हैं।

fincare Small Finance Bank | शाखा पता परिवर्तन के संबंध में सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को और फिनकेयर स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के ग्राहकों को यह सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित शाखाओं का पता बदला जाएगा। शाखा में वर्तमान में अनुरक्षित सभी खाते/संव्यवहार पूर्ववत रहेंगे।
विभिन्न स्थानों के पुराने और नए पते का विवरण परिवर्तन की प्रभावी तिथि सहित सूचना के साथ परिशिष्ट–4 के रूप में संलग्न है। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे अपने संव्यवहारों के लिए शाखा प्रबंधक से सम्पर्क करें/नए पते पर जाएं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमें विजिट करें अथवा संबंधित शाखाओं के शाखा प्रबंधक से सम्पर्क करें। संबंधित शाखाओं के शाखा प्रबंधक का सम्पर्क नंबर इस सूचना के साथ संलग्न परिशिष्ट–क में दिया गया है।
फिनकेयर स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

'परिशिष्ट–क'

| क्र. | शाखा | राज्य | पता परिवर्तन की प्रभावी तिथि | पुराना पता | नया पता | सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ –10537 | सीजी | 05–06–2022 | प्रथम तल, शहीद भगत सिंह चौक, रायगढ़, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ | प्रथम तल, प्लॉट नंबर 333/1–352/1, शुभम कॉम्प्लेक्स, निकट केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एसबीआई के ऊपर, कन्या छात्रावास के सामने, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़–496001 | 7229046486 |
| 2. | पेंड्रा रोड –10488 | सीजी | 05–06–2022 | प्रथम तल, अमरकंटक रोड, निकट रेलवे क्रॉसिंग, गोरेल्ला, पोस्ट एवं जिला – पेंड्रा रोड, छत्तीसगढ़– 495117 | प्रथम तल, सी/ओ अतुल अग्रवाल, खसरा नंबर 32/3, वार्ड नंबर 10, नाथ गली के सामने, ज्योतिपुर, पेंड्रा रोड, जिला – गोरेल्ला, छत्तीसगढ़–495117 | 6351238774 |

संपादकीय

## स्वागत योग्य कदम देशद्रोह कानून स्थगित

**सर्वोच्च** न्यायालय ने अत्यधिक निन्दित देशद्रोह कानून को स्थगित रखने का निर्णय किया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। यह जनता को आश्वस्त करने की दिशा में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण कदम है। लोगों को विश्वास हो गया है कि देश की सर्वोच्च अदालत के आंख कान खुले हैं और वह अपने न्यायाधिकार में नागरिकों के अधिकारों को राज्य द्वारा कुचलने से रोकने के लिए सब कुछ कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उसने केन्द्र को पुनः समीक्षा तथा कानून पर पुनर्विचार का समय दिया, लेकिन यह शर्त भी लगा दी कि इस बीच यह औपनिवेशिक कानून स्थगित रखा जाएगा। उसने केन्द्र का यह तर्क ठुकरा दिया कि देशद्रोह कानून के अंतर्गत अनेक आरोपी आतंकी व धनशोधन कृत्यों में संलिप्त हो सकते हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून के अंतर्गत जेलों में बंद लोगों को जमानत के लिए अदालतों में जाने की अनुमति भी दे दी। ऐसा लगता है कि केन्द्र यह कानून बनाए रखना चाहता है। उसने अदालत से कहा कि भारतीय दंड संहिता-आईपीसी की धारा 124ए के अंतर्गत या देशद्रोह कानून में मामले केवल क्षेत्रीय पुलिस सुपरिंटेंडेंट द्वारा लिखित में कारण बताने पर ही दर्ज किए जा सकते हैं। केन्द्र का कहना था कि एक संज्ञेय अपराध को दर्ज करने से रोकना उचित नहीं होगा और देशद्रोह कानून के अंतर्गत मामला दर्ज करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जांच जरूरी होगी। अदालत ने इस दृष्टिकोण से सहमति नहीं दिखाई तथा कानून को स्थगित रखने का आदेश दिया। देखना होगा कि केन्द्र जनमत समझ कर ऐसा कानून लागू करने में न्यायिक खिंचाई की चिन्ता करता है या नहीं जिसका बार-बार दुरुपयोग मुख्यतः राजनीतिक विरोधियों व मानवाधिकार एक्टिविस्टों को बदनाम और उनके खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए किया गया।

दर्जनों ऐसे मामले हैं जहां पत्रकारों को भ्रष्टाचार व शक्तिशाली राजनेताओं द्वारा किए जाने वाले अपराध उजागर करने पर इस क्रूर कानून के अंतर्गत बंद किया गया। इसी प्रकार फिल्म निर्माताओं, कवियों व राजनीतिक एक्टिविस्टों को राज्य के खिलाफ अपराध के आरोप में देशद्रोह कानून के अंतर्गत पकड़ा गया। उन पर आईपीसी की धारा 121 के अंतर्गत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने या उसका प्रयास करने अथवा उसे उकसाने, धारा 121 के अंतर्गत दंडनीय अपराध का षडयंत्र करने तथा धारा 122 के अंतर्गत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए हथियार एकत्र करने के आरोप लगे हैं। इस कानून का इतना भयंकर दुरुपयोग हुआ था कि पांच साल में देश के विभिन्न भागों में लोगों के खिलाफ देशद्रोह के 326 मामले दर्ज किए गए, लेकिन राज्य केवल 6 मामलों में ही सजा दिला पाया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को सरकार ने पसंद नहीं किया है। आदेश के फौरन बाद केन्दीय विधि मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि वे 'अदालत व उसकी स्वतंत्रता का सम्मान' करते हैं, पर एक 'लक्ष्मण रेखा' है जिसे पार नहीं किया जा सकता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मंत्री का 'लक्ष्मण रेखा' से क्या मतलब है क्योंकि किसी कानून की समीक्षा करना या उसे स्थगित करना अदालत के अधिकार में आता है। प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमना ने अपनी ओर से ठीक ही कहा कि नागरिक स्वतंत्रताओं व नागरिकों के हितों तथा राज्य के बीच संतुलन रखने की आवश्यकता है।

# भारत के लिए साइबर सिद्धान्त महत्वपूर्ण

### भारत को साइबर शक्ति प्रदर्शन करने पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे विरोधी सामान्य रूप से साइबर हमले शुरू करने से हिचकेंगे।



**निष्ठा कौशिकी**
(पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)



बहुत से लोगों ने चीनी हैकरों द्वारा दिसंबर, 2021 व जनवरी, 2022 में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के निकट राज्य लोड डिस्पैच केन्द्रों-एसएलडीसी पर हमले की खबरों को रूटीन मान लिया, जबकि सैनिक अवस्थापना को इसे गंभीरता से लेना चाहिए था। इसके साथ ही भारत की जनता को भी समझना चाहिए कि साइबर हमले के नतीजे कितने खतरनाक हो सकते हैं। ये केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी या वित्तीय लेनदेन में बाधा डालने तक सीमित नहीं हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऐसे साइबर हमलों का उद्देश्य तैयारी के लिए सूचनायें एकत्र करना है ताकि भविष्य में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए कोई बड़ी कार्रवाई कर सके। पीएलए की अकादमी आफ मिलिट्री साइंसेज़ द्वारा 2013 में प्रकाशित 'साइंस आफ मिलिट्री स्ट्रेटिजी' में 'इन्फार्मेनाइजेशन की स्थितियों में स्थानीय युद्धों में विजय' की बात कही गई है। इस पहल के अंतर्गत चीन ने अपनी साइबर युद्ध इकाइयों का आधुनिकीकरण किया है तथा इनको आक्रामक व रक्षात्मक, दोनों प्रकार की तकनीकों से लैस किया गया है। 'वुल्फ वैरियर' राजनय का प्रयोग करने तथा लद्दाख व अरुणाचल पर नजरें जमाए रखने वाला चीन भविष्य के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ना चाहता है। चीन चाहता है कि उसके ऐसे इरादे और शक्ति हो कि वह भारत के सिविलियन व सैनिक अवस्थापनाओं के खिलाफ साइबर युद्ध छेड़ सके। ऐसे में भविष्य के युद्ध कैसे होंगे? विरोधी के कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन, कंप्यूटरों, खुफिया, निगरानी व जासूसी-सीफोरआईएसआर में मैलवेयर डाले जा सकते हैं जो महीनों व संभवतः सालों तक खामोश पड़े रहेंगे, जब तक सिस्टम खुले टकराव की स्थिति में बहुत अधिक क्षमता से काम न करने लगे। वैकल्पिक रूप से किसी बड़े हमले के पहले सैनिक अड्डों, अस्पतालों तथा प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया को बिजली सप्लाई करने वाली बिजली ग्रिडों को काटा जा सकता है। यहां तक कि कृत्रिम बुद्धि-एआई का प्रयोग कर फर्जी वीडियो बनाए तथा उनको इंटरनेट पर असंख्य प्रयोगकर्ताओं को भेजा जा सकता है। ऐसे वीडियो से देश की आंतरिक शांति व सुरक्षा को बाधित करने के प्रयास हो सकते हैं। यह काम जवाबी हमले शुरू होने या देश को नया यथार्थ समझने से पहले ही किया जा सकता है। इस प्रकार भविष्य के युद्ध बहुत तेज, गहन तथा तुलनात्मक रूप से कम समय के हो सकते हैं। ये 5-6 घंटे या कुछ दिन के हो सकते हैं। ऐसे हमलों में अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून द्वारा निर्धारित तटस्थता व अन्य पहचान की रेखायें धुंधली हो सकती हैं।

हमारे विरोधियों की आक्रामक साइबर क्षमताओं की घुसपैठ तथा गैर-राज्य कारकों तक उनकी आसान पहुंच ने असमान शक्ति संघर्ष में टैक्टिकल मुद्दे पैदा कर दिए हैं। ऐसे आयुधीकरण से अंतरिक्ष व गैर-अंतरिक्ष आधारित संचार व्यवस्थायें साइबर हमलों के जोखिम का शिकार हो सकती हैं। साइबर प्रतिरोधक क्षमता के वर्तमान युग में सरकार को निष्क्रिय प्रतिरोधक या ऐसी रक्षा व्यवस्था तैयार रखनी चाहिए जिससे साइबर-हमलों को विफल किया जा सके। इस परिदृश्य में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मजबूत नेटवर्क बनाने का सुझाव देते हैं ताकि डिजिटल ढांचागत संरचना को सुरक्षित रखते हुए हमलों को न्यूनतम किया जा सके। दुहरी सुरक्षा व्यवस्था रखने तथा इस प्रकार सफलता सुनिश्चित करने के लिए आपरेशनल क्षेत्र का विस्तार कर इसमें सक्रिय प्रतिरोध को शामिल करना चाहिए। इससे समान तथा समानुपातिक साइबर बदले की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। सशस्त्र बलों की आपरेशनल क्षमताओं में ज्यादा बदले वाली व विघटनकारी क्षमताओं को शामिल करना चाहिए। स्वदेश में विकसित मिसाइल व्यवस्थाओं की सुरक्षा के लिए ऐसी तकनीकें तुलनात्मक रूप से खर्चीली हो सकती हैं जिनको विकसित करने में हमारे वैज्ञानिकों व अन्य का सालों का कठोर परिश्रम शामिल है। सर्वोच्च स्तर पर सशस्त्र बलों को दुश्मन के सैनिक कमांड व ढांचागत व्यवस्था को अक्षम बनाने तथा उनकी मिसाइल कमांड व्यवस्थाओं के लिए अलग रास्ता बनाने में सक्षम होने चाहिए। सक्रिय प्रतिरोधक ऐसा परिदृश्य सुनिश्चित करेगा जहां विरोधी की मिसाइलें उड़ान न भर सकें या देश की सुरक्षा के लिए उनके रास्ते बदल दिए जांए। हमारी प्रतिरोधक क्षमताओं का रणनीतिक संचार ऐसा होना चाहिए जो हमारी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सके तथा इससे मुकाबला करने वाले में भय पैदा हो। साइबर शक्ति प्रदर्शन से विरोधी सामान्य रूप से भारत पर हमले शुरू करने से हिचकेंगे। इसके साथ ही उनको कृत्रिम बुद्धि-एआई व अन्य प्रचार एवं मनोवैज्ञानिक युद्ध तकनीकों से लैस किया जा सकता है। स्पष्ट है कि हमें ऐसी स्थिति के लिए तैयार होना होगा जहां खुले आक्रमण के साथ हाइब्रिड युद्ध जैसी स्थिति हो। ऐसे में हमें यह विचार भी करना चाहिए कि दूसरे देश अपनी साइबर सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं। 2008 में वाशिंगटन की राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति निर्देश संख्या 54 ने साइबर सुरक्षा पर समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। बाद में, 2010 में अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में डिजिटल ढांचे को रणनीतिक राष्ट्रीय परिसंपत्ति बताया गया और इसलिए इसकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता सामने आई। इसके साथ ही अमेरिकन मिसाइल रक्षा रणनीति में सक्रिय रूप से 'लेफ्ट आफ लांच' रणनीति को शामिल किया गया है जिसमें विरोधी द्वारा मिसाइलें छोड़ने से रोकने के लिए पूर्व-नियोजित हमले की व्यवस्था है। इसका प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए ईरान के खिलाफ सक्रिय रूप से किया गया। अमेरिका के रास्ते पर चल कर नाटो ने भी 2014 में परिष्कृत नीति और कार्ययोजना बनाई।

रूस की स्थिति पर गौर करें तो वर्ष 2000 में आए उसके सूचना सुरक्षा सिद्धान्त में उन खतरों को शामिल किया गया जिनसे सूचना समर्थन बाधित हो सकता है। इसमें प्रचार व मनोवैज्ञानिक युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि इसमें 'रूसी समाज में स्वीकृत मूल्यों के खिलाफ नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक मूल्यों तथा हिंसा की संस्कृति पर आधारित जन-संस्कृति माडलों का प्रचार हो सकता है।' इसने व्यवस्थाओं की सुरक्षा के अलग मानक अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा 'आयुधों व सैनिक उपकरणों का अनौपचारीकरण, सैनिकों तथा शस्त्र नियंत्रण प्रणालियों की सुरक्षा तथा प्रबंधन व्यवस्थाओं की सुरक्षा के साथ पर्यावरणीय रूप से जोखिम व अर्थिक रूप से महतवपूर्ण उद्यमों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।' रूस और यूक्रेन के बीच जारी टकराव में एआई के दुष्टतापूर्ण प्रयोग के साथ ही साइबर हमले भी हुए। 2021 में आई अपनी राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति के माध्यम से पाकिस्तान ने साइबर हमलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख आयामों पर हमलों की तरह माना है और इसके लिए अत्यन्त गोपनीय तरीके से 'सक्रिय रक्षा' की बात कही है। 'न्यूनतम प्रतिरोध' के स्थान पर 2013 में आई उसकी 'फुल स्पेक्ट्रम' प्रतिरोध में 'परंपरागत से स्ट्रेटिजिक स्तर तक खाली स्थान भरने' की बात कही गई है और निश्चित रूप से इसमें साइबर हमलों के तत्व भी शामिल हैं। हालांकि, भारत ने आस्ट्रेलिया के साथ क्षेत्रीय साइबर दृढ़ता में सुधार के लिए द्विपक्षीय शोध को संस्थाबद्ध करने का कदम सही दिशा में उठाया है। इसके लिए संयुक्त रूप से 'सेंटर आफ एक्सलेंस फार क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलोजी पालिसी' की स्थापना की जाएगी। लेकिन अन्य रणनीतिक साझीदारों के साथ बहुत कुछ करना अभी बाकी है।

अब से दो तीन साल बाद भू-राजनीतिक व टैक्टिकल स्थिति ज्यादा शत्रुतापूर्ण होगी। यदि आवश्यकता हो तो भारत को अपने नाभिकीय मिसाइलों के बारे में पहले प्रयोग नहीं-एनएफयू स्तर पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि वर्तमान स्थिति के उलट मिसाइलों को युद्धास्त्रों से लैस कर लांच के लिए तैयार रखना जरूरी होगा। ऐसी स्थिति में 'लेफ्ट आफ लांच' रणनीति के समान दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें विरोधी को मिसाइल हमले रोकने के लिए पहले हमला करना शामिल है। उपरोक्त उद्देश्य से हमें रूस, फ्रांस व जापान जैसे रणनीतिक सहयोगियों से सहायता के साथ ही स्वदेशी तकनीकों का विकास जरूरी होगा। क्वाड व आकुस के स्तर पर संयुक्त साइबर सुरक्षा की पहल होनी चाहिए।

पिछले कुछ सालों में सरकार के दूरगामी रणनीतिक दृष्टिकोण के चलते नेशनल साइबर सिक्यूरिटी कोआर्डिनेटर व नेशनल क्रिटिकल इन्फार्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन एजेंसी-एनसीआईआईपीसी जैसे संस्थानों का गठन हुआ है। वे भारतीय सशस्त्र बलों की डिफेंस साइबर एजेंसी-डीसीए व मिलिट्री डिफेंस स्पेस एजेंसी-डीएसए के समानान्तर हैं। सिविलियन व सैनिक अवस्थापनाओं के बीच समन्वय तथा एक रणनीतिक सिद्धान्त की आवश्यकता है जिसमें शक्तिशाली प्रतिरोध के लिए शक्ति प्रदर्शन भी शामिल हो।

# अहिंसा : शांति की संस्कृति का सार

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(अध्यात्म शिक्षक)



जिस व्यक्ति ने अपनी भावनाओं, विचारों,शब्दों व कर्मों से हिंसा को समाप्त कर दिया है, वो स्वभाविक ढंग से शांत रहेगा और शांति की सूक्ष्म तरंगों से घिरा रहेगा। महाभारत की कहानी एक ऐसे संघर्ष को प्रस्तुत करती है जो प्रत्येक चिंतनशील पुरुष और स्त्री के दिमाग के युद्धस्थल पर घटित होता है जब इच्छाएं, अपेक्षाएं और दोष आत्मा के जन्मजात गुणों को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। इन परिस्थितियों में, पवित्र गीता हमें बताती है कि कैसे हम इन आंतरिक युद्धों को जीत सकते हैं और सभी बंधनों से मुक्त होकर बेहतर इंसान के रूप में उभर सकते हैं। महाभारत में अहिंसा को व्यक्ति का सर्वोच्च कर्तव्य बताया गया है। हालांकि, वास्तविक जीवन में, ज्यादातर लोग सोचते हैं कि पूरी तरह से अहिंसक होना संभव नहीं है। क्या ऐसा है? हालांकि, आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, उसकी स्थिति को देखते हुए, एक कारक जिसे एक दिव्य सत्ता के उच्च स्तर से हमारे पतन का सबसे बड़ा कारण माना जा सकता है, वह है अपने सभी रूपों में उपस्थित हिंसा । इसलिए, जब हम हर स्थिति में अहिंसक होने का फैसला करते हैं, तो यह हमारे वाचन और व्यवहार को प्रभावित करता है। जो व्यक्ति अहिंसक होना चाहता है, वह ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जो उसे हिंसा से जुड़ी स्थिति में ले जाए, चाहे वह भावनात्मक, मौखिक या चरम मामले में, शारीरिक हिंसा हो। ऐसा व्यक्ति मिलनसार, विनम्र, धैर्यवान, सहनशील, विचारशील और प्यार करने वाला होता है। जब ऐसे व्यक्ति का भाषण व आचरण उपरोक्त गुणों द्वारा चिन्हित होता है, तो वे किसी को परेशान या दुखी नहीं करेंगे या दूसरों में ऐसी भावनाएं नहीं पैदा करेंगे जो उन्हें इस व्यक्ति के प्रति आक्रामक बना दे। इस सब का परिणाम दूसरों के साथ सौहार्द्रपूण संबंध बनेगा जिसमें हिंसा की कोई संभावना नहीं होगी।



हालांकि, एक व्यक्ति जो यह मानता है कि उसे कभी-कभी बल प्रयोग करने की आवश्यकता पड़ सकती है, भले ही वह केवल आत्मरक्षा में ही क्यों न हो, और इसलिए उसके पास हथियार रहे, वह भी कभी-कभी आक्रामक ढंग से कार्य करने के लिए उत्साहित महसूस कर सकता है। इस तरह का व्यवहार स्पष्ट रूप से उसके किसी भी दोस्त को जीतने वाला नहीं है, यह केवल उसकी असुरक्षा और आक्रामकता को पोषित करेगा। कोई यह तर्क दे सकता है कि भले ही हम सभी के लिए अच्छे हों, मगर कोई निहित स्वार्थ या बुरे इरादों के कारण हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। वह कहते हैं कि अच्छा होना स्वयं के साथ अच्छा करने की कोई गारंटी नहीं है। फिर क्या? यहीं पर सूक्ष्म शक्तियां काम में आती हैं। हमें यह समझना चाहिए कि जिस व्यक्ति ने अपनी भावनाओं, विचारों, शब्दों और कर्मों से हिंसा को हटा दिया है, वह स्वाभाविक रूप से शांत होगा और इसलिए ऐसे व्यक्तियों से शांति की सूक्ष्म तरंगें निकलती हैं और वातावरण और उसके आसपास के लोगों को प्रभावित करती हैं। इस परिघटना का प्रमाण पूजा स्थलों में पाया जा सकता है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में भी, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च के अंदर शांति का नखलिस्तान है। ये स्थान मन को शांत करते हैं और बाहरी हलचल से राहत प्रदान करते हैं। इन जगहों का माहौल ऐसा इसलिए है क्योंकि जो लोग वहां जाते हैं वे वहां रहते हुए सकारात्मक, पवित्र या शांतिपूर्ण विचार पैदा करते हैं। कम से कम वे नकारात्मक या सांसारिक विचार रखने से बचते हैं। इसलिए, वास्तविक अर्थों में, यह मानवीय विचार हैं जो किसी स्थान के वातावरण या स्पंदन का निर्माण करते हैं। इसीलिए उन जगहों पर वातावरण में तनाव होता है जहां लोग तनावग्रस्त, क्रोधित, चिड़चिड़े या निराश होते हैं।

यह समझना चाहिए कि जब हम दूसरों के साथ बातचीत करते हैं, तो हम जो सूक्ष्म ऊर्जा विकीर्ण करते हैं, वह हमारे प्रति उनके व्यवहार पर सबसे अधिक प्रभाव डालती है। क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे मीठे शब्द और मुस्कान किसी ऐसे व्यक्ति को समझाने में विफल क्यों होते हैं जिसके लिए हम भीतर से बहुत अच्छी भावनाएं नहीं रखते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि वे हमसे निकलने वाले नकारात्मक स्पंदनों को पकड़ रहे होते हैं, हमारे शब्दों को नहीं।

एक शांत व्यक्ति हमेशा अपने चारों ओर शांति की आभा रखता है। यह उन लोगों को भी प्रभावित करता है जिनकी उसके प्रति नकारात्मक भावनाएं हो सकती हैं। और यह प्रभाव सभी प्राणियों, यहां तक कि प्रकृति के तत्वों तक फैला हुआ है। यह पवित्र पुरुषों और महिलाओं की जीवन कहानियों में वर्णित है, कि कैसे मारने वाले उनके पास आने पर हृदय परिवर्तित हो गए थे, कैसे जंगली जानवर उनकी उपस्थिति में शांत हो गए; और कैसे प्रकृति-तत्व उनकी सहायता के लिए आए। इस प्रकार, एक व्यक्ति जिसने अपने मन और बुद्धि को शांत कर लिया है, वह हिंसक इरादों वाले लोगों को भी शांत कर सकता है। यहां क्रिया और प्रतिक्रिया के अहिंसक नियम या कर्म के नियम का उल्लेख करना आवश्यक है।

कभी-कभी, व्यक्ति द्वारा झेली गई हिंसा उसके कर्म खातों का परिणाम हो सकती है, चाहे वह वर्तमान जन्म की हो या पहले की। लेकिन ऐसी स्थिति में भी व्यक्ति की हिंसक प्रतिक्रिया उसके कर्म बंधन को ही बढ़ाएगी। यदि हम इस तथ्य को समझ लें और शांति से हिंसक स्थिति का सामना करें, तो हमारे कर्मों का बोझ जल्द ही समाप्त हो जाएगा और हिंसक स्थिति शांत हो जाएगी।

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** के विरोधियों को भी मानना पड़ा है कि मोदी एक परिघटना हैं।

**– एम. वेंकैया नायडू**
उप-राष्ट्रपति



**समय** आ गया है कि सभी श्रीलंकाई आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट हों।

**– गोटाबाया राजपक्षे**
श्रीलंका के राष्ट्रपति



**अदालत** को सरकार व विधायिका का सम्मान करना चाहिए। इसी प्रकार सरकार को भी अदालत का सम्मान करना चाहिए।

**– किरन रिजिजू**
विधि मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## कानून का भय जरूरी

**औपनिवेशिक** काल में लागू किए गए राजद्रोह कानून का उद्देश्य पूर्ण होने से अब इसका जारी रखना किसी भी प्रकार से न्यायिक नहीं है। आश्चर्य होता है कि पूर्व और वर्तमान केंद्र सरकारों ने कई अनुपयोगी कानून समाप्त भी किए किंतु राजद्रोह कानून को अभी तक जारी रखना क्यों उचित समझा। स्वतंत्र भारत में अब राजद्रोह कानून पूर्णतः अनुपयोगी नहीं, किंतु विवादास्पद अवश्य हो गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए सुनवाई भी की और विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए हैं। बेहतर हो कि केंद्र सरकार इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनाए और अध्यादेश जारी कर तुरंत इस कानून को समाप्त करे तथा समय की आवश्यकतानुसार नवीनतम वैकल्पिक नया कानून पास करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि देशद्रोही और अराजक लोगों में कानून का भय भी बना रहे। यदि देशद्रोही लोगों में कानून का भय समाप्त हो गया तो यह स्थिति देश के लिए बिल्कुल उचित नहीं रहेगी। इसके साथ ही कानून लागू करने वाली एजेंसियों व अधीनस्थ न्यायपालिका को भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कानूनों का दुरुपयोग न हो।

– **बी एल शर्मा**, उज्जैन

## नए कानून की संभावना

**श्री** किरेन रिजिजू, माननीय कानून और न्याय मंत्री का कल ट्वीट के माध्यम से गुस्सा देखने को मिला। वैसे यह संबोधित तो था राहुल गांधी को था मगर उनका असल निशाना था सर्वोच्च न्यायालय। जिसने यह व्यवस्था दी है कि जबतक केंद्र सरकार धारा 124 ए पर समीक्षा नहीं कर लेती तबतक इस अमानवीय प्रावधान को स्थगित रखा जायेगा। जबकि केंद्र सरकार नहीं चाहती थी कि इस प्रावधान को खत्म किया जाय। क्योंकि यही वो हथियार है जिससे तमाम सरकारें आज़ादी के बाद से आलोचना करने वालों के खिलाफतथा असंतोष व मुक्त अभिव्यक्ति को दबाने के लिए व उन्हें डराने के लिए करती आयी है। अतीत में भी इसका व्यापक इस्तेमाल हमने देखा। अंग्रेज़ अपनी सत्ता बचाने के लिए इसे प्रयोग कर रहे थे। ए हमारे वाले अपने सत्ता के खातिरए इस कानून को रखने के हक़ में हैं। हो सकता है कि सरकार ऐसा प्रस्ताव पेश कर दे जिससे अदालत भी सहमत हो जाये। वैसे इस कानून के अलावे भी सरकार के पास अनेक कठोर कानून हैं जिनके जरिये सरकार आलोचकों के माथे पर तलवार हमेशा लटकाये रख सकती है।

ज्ञ- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

## ज्ञानवापी की असलियत

**इतिहास** में यह अंकित है कि 18 अप्रैल 1669 को औरंगजेब ने एक फरमान जारी कर काशी विश्वनाथ मंदिर ध्वस्त करने का आदेश दिया था। यह एशियाटिक लाइब्रेरी, कोलकाता में आज भी सुरक्षित है। औरंगजेब के दरबारी लेखक साकी मुस्तइद खां ने भी इस ध्वंस का वर्णन किया है। काशी विश्वनाथ मंदिर तोड़ने की भी उस समय व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी। छत्रपति शिवाजी, पेशवा बाजीराव, महारानी अहिल्याबाई समेत हजारों लोगों ने इस संघर्ष में भाग लिया। हालांकि, बाद में मंदिर बना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्वनाथ कारीडोर को भव्य रूप भी दिया गया। लेकिन जब तक 18 अप्रैल 1669 से पहले की स्थिति स्पष्ट नहीं होगी तब तक ये संघर्ष चलता ही रहेगा। न्यायालय के आदेश से ज्ञानवापी की पूरी असलियत जनता के सामने आनी चाहिए। विडंबना है कि एक पक्ष इस काम में अड़ंगे डाल रहा है जो स्वयं उस समुदाय के दीर्घकालीन हित में भी नहीं है।उम्मीद करनी चाहिए कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

## लापरवाही बरते जाने पर फूड इंस्पेक्टर को किया निलंबित

# आयुक्त कावरे ने पीडीएस दुकान का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में आगामी दिनों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर दुर्ग संभाग के आयुक्त महादेव कावरे गुरुवार को बालोद जिले के दौरे पर पहुचे। जहां कावरे ने गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम खुटेरीरंग के पीडीएस दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्टॉक पंजी का अवलोकन किया और हितग्राहियों को वितरित की जाने वाले चावल की क्वालिटी भी चेक की। वही निगरानी समिति की बैठक काफी दिनों से नही होने पर फूड इंस्पेक्टर पर आयुक्त कावरे ने गाज गिराई। फूड इंस्पेक्टर सुधीर खेस को तत्काल निलंबित किया। जिसके बाद कावरे ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में शासन के फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा बैठक ली। सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि जिले के आमजनों की समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करें। आमजनों की शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुने और उसका नियमानुसार त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर आयोजित कर नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण 15 जून तक अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गांरटी अधिनियम का पंजी निर्धारित प्रारूप में संधारित किया जाए तथा प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें। विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर पेंशन से संबंधित प्रकरणों तथा राशन कार्ड के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित हो।

**ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्यो की प्रगति की ली जानकारी**

संभागायुक्त कावरे ने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता हो। सभी विभागों में फाइलें व्यवस्थित संधारित हो। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की और चयनित गौठानों में स्थापित किए जा रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक गोवर्धन राम ठाकुर, वन मण्डल अधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका चन्द्राकर इस अवसर पर मौजूद थे। कावरे ने गौठानों में संचालित विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि गौठानों में अधिक से अधिक आजीविकामूलक गतिविधियॉ संचालित किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिले के समय-समय पर प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं पर अमल की जानकारी ली। उन्होंने जिले में अब तक हुए नरवा संवर्धन के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि नरवा संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराए। उन्होंने जिले में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्य तथा कार्यरत मजदूरों के संबंध में जानकारी ली।

**जल जीवन मिशन के कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश**

संभागायुक्त कावरे ने आगामी खरीफ सीजन हेतु धान के बदले अन्य फसल को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शासन से हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में वर्तमान में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण की जानकारी ली। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अधोसंरचना एवं शिक्षकों की व्यवस्था, खेल सामग्री, फर्नीचर आदि की जानकारी ली। श्री कावरे ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि जिले में पेयजल की समस्या ना हो। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना तथा जिले में सड़कों का रखरखाव आदि की जानकारी ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक की समाप्ति पर कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आरएस ठाकुर, सिल्ली थामस, अभिषेक दीवान सहित समस्त एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने तहसील कार्यालय व जनसमस्या निवारण शिविरों का किया निरीक्षण

**चारों जोन में प्राप्त हुए कुल 217 आवेदन आबादी पट्टा के मिले सबसे ज्यादा आवेदन, राशन कार्ड का तुरंत ऑनलाइन किया निराकरण**

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने भिलाई तहसील कार्यालय सहित जोन 3 के वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में गुरूद्वारा के पीछे सामुदायिक भवन और जोन 4 के चंद्रशेखर आजाद नगर वार्ड 39 के सुभाष नगर सामुदायिक भवन में लगे जनसमस्या निवारण शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जोन 3 आयुक्त येशा लहरे, जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा, जोन स्वास्थ्य प्रभारी द्वय महेश पांडे व सुदामा परगनिहा मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर डॉ. भुरे ने तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया और सीमांकन, राजस्व मामलों से संबंधित व पेंडिग कार्य के जल्द निपटान करने के निर्देश तहसीलदार क्षमा को दिए। जनसमस्या निवारण शिविरों में शिकायतों के निराकरण के लिए दिए गए आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने निगम आयुक्त व जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कराया जाए, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देशों का पालन करते हुए सभी वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे के दिशा-निर्देशन में जोन एक के वार्ड 3 मॉडल टाउन के पंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक भवन, जोन 2 के वार्ड 16 सुपेला में सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के पास भी शिविर लगाए गए, जहां वार्ड के लोग अपनी समस्या का निवारण करने के लिए पहुंचे थे। आज जोन 1 नेहरू नगर में 151, जोन 2 वैशाली नगर में 27, जोन 3 मदर टेरेसा नगर में 19, जोन 4 शिवाजी नगर में 7 व जोन 5 सेक्टर 6 में 13 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पीएम आवास के 1, सामाजिक सहायता पेंशन के 4, राशन कार्ड के 20, सीमेंट सड़क 6, नाली निर्माण 19, जल प्रदाय 22, प्रकाश व्यवस्था 3, भवन निर्माण 1, आबादी पटटा 122, अतिक्रमण हटाने 1, सफाई कार्य 13 व अन्य के 4 को मिलाकर कुल 217 आवेदन प्राप्त हुए। यहां राशन कार्डो का तुरंत ऑनलाइन निराकरण किया गया।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जोनवार प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा पूरे शहर के विभिन्न वार्डो /स्कूलों तथा चौक- चौराहों में रैली और घर-घर संपर्क तथा बच्चों में जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। डे- एनयूएलएम टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है आज स्वच्छता हेतु जागरूकता का प्रचार- प्रसार करने में इन समूह की महिलाओं ने हर संभव प्रयास किया है। शहर के विभिन्न वार्डो में चित्रकारी व रंगोली प्रतियोगिता के बाद अब एनयूएलएल की टीम जोन वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। शहर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में तथा नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर डे- एन यू एल एम टीम ने जोन क्रमांक 3 के कुशाभाऊ ठाकरे भवन (आदित्य नगर) में रंगोली के साथ चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया। चित्रकारी में 100 से अधिक बच्चों ने शहर को स्वच्छता का संदेश देने प्रतियोगिता में भाग लिया। सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया स्वच्छता को लेकर आकर्षक रंगोली बनाई। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर विश्वनाथ पाणिग्रही तथा नवीता शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन डे- एनयूएलएम के मिशन प्रबंधक मनीष त्रिपाठी व मुक्तेश कान्हे के साथ साथ सभी सामुदायिक संगठक द्वारा किया गया। रंगोली व चित्रकारी को देखने हेतु वार्ड के कई नागरिको ने कुशाभाऊ ठाकरे भवन में भ्रमण किया।

# सियान जतन क्लीनिक से बुजुर्ग मरीज हो रहे लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित किए जाने वाले 'सियान जतन क्लीनिक' में बुजुर्ग मरीज इलाज कराकर लाभान्वित हो रहे हैं। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पाठक ने बताया कि अप्रैल माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 45 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 92 बुजुर्ग मरीजों की आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार मई माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 103 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 90 बुजुर्ग मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया।

## मनोचिकित्सक के पद पर वाक-इन-इन्टरव्यू

**दुर्ग।** कलेक्टर सह अध्यक्ष डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला खनिज न्यास मद जिला दुर्ग द्वारा दी गई सहमति से मनोचिकित्सक विशेषज्ञ के पद पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इस हेतु इच्छुक आवेदक अपने सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन वाक-इन-इन्टरव्यू हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। पंजीयन हेतु निर्धारित तिथि 20 मई सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक, पात्र सूची का प्रकाशन दोपहर 02.00 बजे तक, दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय दोपहर 02.00 से 02.30 बजे तक, दावा आपत्ति निराकरण दोपहर 02.30 से और साक्षात्कार शाम 04.00 बजे से होगा। विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त, राशनकार्ड, पेंशन से लेकर गुमास्ता और आधार कार्ड में संशोधन मौके पर ही करेंगे अधिकारी

## पुरैना मंगल भवन में लगेगा शिविर

पायनियर संवाददाता ✓ रिसाली
www.dailypioneer.com

छोटी-छोटी समस्याओं के लिए हितग्राहियों को तेज धूप मेंलंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय पहुंचने से छुटकारा मिलेगा। रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर वार्ड स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार से किया जा रहा है।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रिसाली निगम के 40 वार्डो की समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करना है। यही वजह है कि इस कार्यक्रम का नाम 'निदान-40' रखा गया है।

शिविर का उद्घाटन निगम महापौर शशि अशोक सिन्हा व सभापति केशव बंछोर करेंगे। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि नए राशन कार्ड बनाना, राशन कार्ड में संसोधन, पेंशन प्रकरण, बीपीएल प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था, मामूली मरम्मत कार्य के अलावा नल संधारण व पेयजल संधारण समेत आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नं. जोड़ने का कार्य मौके पर किया जाएगा। वहीं बड़े बजट के कार्यों को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।

शिविर के माध्यम से आवेदन लेकर समस्या का निराकरण किया जाएगा। शिविर का लाभ अधिक से अधिक मिल सके इसके लिए 2 से 3 वार्ड के मध्य स्थान चयनित कर शिविर लगाया जा रहा है। आयुक्त ने इसके लिए सभी विभाग प्रमुख व संबंधित शाखा के लिपिक को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिए है।

**अवकाश निरस्त**

शिविर को सफल बनाने और अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्वीकृत अवकाश को निरस्त कर दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि शासकीय अवकाश का लाभ केवल अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा। 6 जून तक किसी भी तरह के अवकाश स्वीकृत नही किए जाऐंगे।

# चौकी दामापुर के ग्राम सैहामालगी में बाराती की हत्या का प्रयास

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त**

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस ने बाराती की हत्या का प्रययास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी पंचराम पिता अघनू राम यादव उम्र 45 साल सा. संडी रैतापारा थाना पाण्डतराई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जब सुबह यह घर में था तो इसे पता चला कि इसका लड़का लक्ष्मण यादव जो ग्राम सैहामालगी बारात गया था उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पेट में चाकू मार दिया अंतड़ी बाहर निकल गया है और वह कवर्धा के सरकारी अस्पताल में भर्ती है कि रिपोर्ट पर अप . क . 159/22 धारा 307 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया अपराध कायमी पश्चात चौकी प्रभारी स.उ.नि. रघुवंश पाटिल के द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जो मामले गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक डा . लाल उमेद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया महोदय नरेंन्द्र कुमार बेंताल के द्वारा आरोपी का पतासाजी हेतू निर्देशित किया कि पुलिस अधीक्षक महोदय डा . लाल उमेद सिंह एवं अति 0 पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंन्द्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में आरोपी लक्ष्मण उर्फ पकला पिता राजकुमार चंद्रवंशी उम्र 23 साल सा . निंगापुर चौकी दामापुर थाना पाण्डातराई को हिरासत मे लेकर बारीकी से पूछताछ किया जो बताया कि यह अपने घर से चाकु लेकर रैतापारा बारातियों के साथ अपने मामा छोटू के साथ सैहामालगी रात मे शामील हुआ कुछ बराती और छोटु के बीच में विवाद हुये मारपीट हुये कि आरोपी ने मेरा मामा छोटू को मार रहै है सोचकर भीड़ में आरोपी ने लक्ष्मण यादव के पेट मे चाकु मार कर अपने घर निंगापुर भाग गया। पूछताछ में अपराध कबूल किया और घटना में प्रयुक्त 01 नग बटननुमा चाकु को जप्त किया गया और आरोपी को 13 मई को गिरप्तार कर मान न्यायालय पेश किया गया है। कार्यावाही में चौकी प्रभारी दामापुर सउनि रघुवंश पाटिल प्र. आर. 355 रघुनंदन चंद्रवंशी, प्र. आर. 342 रवि प्रकाश पटले, आर. 493 हिरेश सिंह, आर. अजय यादव, सै.75 खगेश्वर सिंह से मानूप्रताप सिंह का सराहनीय योगदान रहा है।

# जिले के प्रभारी सचिव परदेशी ने आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण निर्माणाधीन बिल्डिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आत्मानंद स्कूल श्री राम चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य का अवलोकन किया। सचिव ने कहा कि स्कूल बिल्डिंग का निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आत्मानंद स्कूल के लिए निर्धारित स्ट्रेंथ की जानकारी ली। रामनगर मुक्तिधाम के समीप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण प्रभारी सचिव ने किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सक एवं हितग्राहियों से भी बात की। शिविर के दिन का रूट प्लान की जानकारी मुनादी के माध्यम से वार्ड में सभी को देने के निर्देश दिए। उन्होंने दीदी क्लिनिक के स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्या का बेहतर इलाज होना पाया। वहीं उन्होंने दवाई की उपलब्धता परखी और सभी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे विशेष रूप से मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से श्री राम चौक में स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में दो मंजिला भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, प्रिंसिपल रूम, स्टाफ रूम एवं 11 क्लास रूम तथा बालक और बालिका के लिए शौचालय की व्यवस्था होगी। एक करोड़ उन्चास लाख की लागत से बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। भवन का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा हो गया है, कुछ कार्य शेष हैं जिसे पूरा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुराने शाला भवन में सभी कमरों में टाइल्स, प्लास्टर, पुट्टी, पेंटिंग, विद्युतीकरण कराया जा चुका है।

टॉयलेट, सेप्टीक तथा पूर्व से बने कमरों का रिनोवेशन भी किया गया है, प्रथम तल पर सात कमरों का नया निर्माण किया गया है, इस प्रकार से 4 फेस के कार्य पूर्ण हो चुके हैं 1 फेस का काम प्रगति पर है, जिसे निगमायुक्त ने 30 मई तक पूर्ण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, अधीक्षण अभियंता बीके देवांगन, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं अखिलेश चंद्राकर, तपन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**ग्राम पोंड़ी में स्वच्छता अभियान चरमराया हर तरफ गंदगी, कचरों का ढेर**

# पोंड़ी के स्वच्छता दीदियों को 6 माह से नहीं हुआ भुगतान, पंचायत निष्क्रिय

पायनियर संवाददाता ✓ पोंडी
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत पोंडी मे 1 नवंबर को पोंडी में 04 रिक्शो को आँचल महिला स्व साहयता समूह को महीने के हिसाब से भुगतान करने को लेकर महिला समूह को काम सौप दिया था।जिसके बाद लगातार महिला समूहों की स्वच्छता दीदियों ने कड़ी मेहनत करते हुए प्रत्येक सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को पोंडी में कचरे को साफ करने को अपने घर से सभी मुहल्ले गलियों में कचरा उठाने वाला रिक्शा लेकर जाती रही और कचरा उठाने का काम करते-करते पूरे 06 महीने बीत गए लेकिन स्वच्छता दीदियों को 01 रुपया का भी भुगतान नही किया गया है। स्वच्छता दीदियों ने नवंबर महीने से काम की शुरुवात की जिसके बाद लगातार 06 महीना कचरा उठाने का काम किया। इस बीच मुख्य त्यौहार भी पड़े उस समय भी स्वच्छता दीदियों को उनकी राशि भुगतान नही किया गया दीवाली निकल गया होली निकल लेकिन पंचायत की ओर से उनको भुगतान नही किया गया।स्वच्छता दीदियों को हर महीने पूरा होने पर 05 हजार देने की पंचायत के सरपंच और सचिव ने कही थी जो आज तक भुगतान नही हो पाया।

**भुगतान नहीं होने पर छोड़ा काम**

पूरे बोड़ला विकासखण्ड में ग्राम पंचायत पोंडी में बस तो महिला समूह की महिलाओं ने रिक्शा लेकर स्वच्छता अभियान चलाने को चाहा लेकिन उनकी मेहनत का भुगतान समय नहीं होने से उन्होंने छोड़ा काम।सरकार अनेक योजनाओ से महिलाओं को जीवन मे रोजगार देने का काम कर रही है लेकिन पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा गरीब तबके के लोगो को महीनों काम कराने के बाद भी भुगतान नहीं किया ऐसे में स्वच्छता दीदियों को अपना काम बंद करना पड़ा।आँचल महिला स्व सहायता समूह में कुल 10 महिलाएं मिलकर स्वच्छता का बेड़ा उन्होंने ने उठाया था लेकिन इनकी मेहनत की राशि ही उनको नही मिली जिससे उन्होंने ने काम छोड़ दिया।

**काम बंद होने से कबाड़ में तब्दील हुआ कचरा उठाने वाला रिक्शा**

स्वच्छ भारत मिशन पोंडी में अपने अंतिम सांस गिनती हुई नजर आ रही है ।जिस रिक्शा को लेकर पोंडी में स्वच्छता अभियान के तहत कचरा उठाकर स्वच्छ बनाया जाना था अब वो खुद अपनी सांसे गिन रही है क्योंकि स्वच्छता दीदियों के काम बंद करने से रिक्शा में फिर जंग लग चुका है रिक्शा पार्ट्स खराब हो रहे है।तपती धूप, बरसात के पानी में खुले आसमान में खड़ा रहने से रिक्शा में जंग लगते जा रहा है जिससे पूरा कबाड़ में तब्दील होते जा रहा है।

**कलेक्टर के पास शिकायत करने की बात कही**

आँचल महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष नुरेशा जातिन ने बताया कि उन्होंने लगातार हर महीने 05 हजार रुपये के भुगतान करने को लेकर 06 महीने काम किया जिसके बाद महिला समुहो की महिलाओं को 06 महीने तक भुगतान नही किया जिसके बाद हमने काम बंद कर दिया।आखिर 06 महीने काम करने के बाद भी अब तक भुगतान नहीं किया गया सरपंच और सचिव 03-04 महीनों से हमे भटका रहे है इस महीने आएगा उस महीने आएगा करके भटकाते रहे।लेकिन अब तक नही मिल पाया।

# स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत स्टॉफ नर्स का किया गया सम्मान

**दुर्ग।** जिले में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर टाटा ट्रस्ट के सहयोग से स्टॉफ नर्सो को जिला चिकित्सालय में संस्थावार सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग के दिशा निर्देश में समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत स्टॉफ नर्स के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी मेश्राम ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र जिम्मेदारियों से भरा हुआ है। नर्स हमेशा नेतृत्व करती हैं, अस्पतालों में किसी भी इमरजेंसी के वक्त डॉक्टर्स से पहले नर्स आकस्मिक स्वास्थ्य उपचार के लिए तत्पर रहती हैं। स्थिति चाहे जैसी भी हो नर्सेज मरीजों के लिए अहम भूमिका निभाती हैं। इसलिए उनकी निष्ठा एवं ईमानदारी के लिए आज का दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाटन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के द्वारा स्टॉफ नर्स शिव कुमारी दुबे, महिला आर.एच.ओ. कुंती दिनाकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निकुम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. बेलचंदन द्वारा स्टॉफ नर्स जेस्सी चेरियन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उतई में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.एल. बंजारे द्वारा स्टॉफ नर्स जितेश्वरी भारती, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धमधा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.पी, ठाकुर द्वारा समस्त स्टॉफ नर्स तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टंकी मरोदा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.सी.एस. नायक द्वारा स्टॉफ नर्स मृदूला साईमन को उत्कृत कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# इंजीनियर को धमकाकर 15 लाख मांगे

## आरोपी ठेकेदार को पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

19 जनवरी को हंडी चैक रायगढ़ में रहने वाले नवीन शर्मा पिता विनोद शर्मा उम्र 24 वर्ष द्वारा थाना कोतवाली रायगढ़ में रायपुर के फर्म श्याम कंन्ट्रक्शन के प्रोपराइटरध्पेटी ठेकेदार धीरज मित्तल द्वारा स्वयं को नुकसान पहुँचाकर झूठी रिपोर्ट लिखकर फंसा देने की धमकी देकर 15 लाख रूपये की मांग करने के संबंध में आवेदन दिया गया? साथ ही रिपोर्टकर्ता बताया कि प्रोपराइटर पेटी ठेकेदार धीरज मित्तल द्वारा इसकी कम्पनी से पहले ही 24,75000 रूपये प्राप्त कर चुका है, रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर आरोपित धीरज मित्तल के विरूद्ध धारा 294, 506, 385 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



अपराध पंजीबद्ध के बाद से कोतवाली पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार उसके ठिकानों पर दबिश दिया जा रहा था जो गिरफ्तारी के भय से भूमिगत था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा आरोपी गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगाकर रखा गया था, जिनके द्वारा सूचना दिया गया कि आरोपी धीरज मित्तल कम्पनी के इंजीनियर नवीन शर्मा से समझौता कराने के लिये रायगढ़ आया हुआ है जिसे तत्काल टीआई मनीष नागर द्वारा गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ पर अपराध कबूल किया गया है जिससे उसके मोबाइल की जप्ती की गई है जिस पर इंजीनियर पीड़ित नवीन शर्मा को व्हाटसअप मैसेज पर दिये गये धमकी भरे चैट सुरक्षित है, इस महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती कर प्रकरण में धारा 386 धारा विस्तारित कर आरोपी धीरज मित्तल पिता घासीराम मित्तल उम्र 31 वर्ष निवासी बंगला 4 विनायक विहार क्न् रायपुर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी गिरफ्तार,पतासाजी में निरीक्षक मनीष नागर, थाना प्रभारी कोतवाली, प्रधान आरक्षक नंदु सारथी, आरक्षक अभय यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता नवीन शर्मा बताया कि मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल के प्रोजेक्ट रायगढ़ से झारसुगडा चैथे रेल्वे लाईन विस्तार निर्माण कार्य में इंजीनियर व साईट इंचार्ज का कार्य विगत 6 माह से कर रहा है। फर्म श्याम कंन्ट्रक्शन के प्रो. धीरज मित्तल जो पेटी कांटेक्टर है, रायगढ़ से हिमगिर तक रेल्वे लाईन में पुलिया निर्माण के कार्य के लिये बात करके कार्य प्रारंभ किया था उसे जितना काम करेगा उसके हिसाब से भुगतान करने की बात हुई थी लेकिन धीरज मित्तल द्वारा निर्माण कार्य समय पर नहीं किया जा रहा था और अनावश्यक रूप से धमकी देकर रूपयों की मांग करता था। धीरज मित्तल के पास निर्माण सामाग्री नहीं होने पर उसे मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल की कम्पनी निर्माण सामाग्री उपलब्ध कराया गया।

धीरज मित्तल द्वारा धमकी देकर रूपये की मांग करने पर सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा 14 जनवरी को 4,75000 रूपये धीरज मित्तल के फर्म श्याम कंसट्रक्शन के एकाउंट इंडसइन बैंक लिमिटेड बिलासपुर के खाता में ट्रांसफर्र किया गया था। उसके बाद भी धीरज मित्तल द्वारा अपने कार्य को समय पर पूरा नहीं किया जा रहा था और रूपयों की मांग कर रहा था। 19 जनवरी को धीरज मित्तल अपने बिमारी के ईलाज के लिये रूपयों की जरूरत है कहकर बहाना करके धमकी दिया कि तुरंत 15 लाख रूपये नहीं देने पर कोई भी घटना कर अपने आप को नुकसान पहुंचाकर झूठी रिपोर्ट लिखाकर फंसा देगा। रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर आरोपी धीरज मित्तल पर उद्दापन का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बीबी ने पति पर मढ़ा गर्भपात कराने का आरोप



- पति के दूसरे विवाह पर पत्नी ने कोतरा रोड थाने में दर्ज कराई एफआईआर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

दूसरी शादी करने के पूर्व पति द्वारा अपनी पहली पत्नी से विधिवत दूसरी शादी करने के लिये सहमति लेनी होती है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहा पत्नी को षडयंत्र पूर्वक मायेके भेजने के उपरांत पत्नी को बिना बताए पति ने दूसरी शादी कर ली है एवंम अपनी पहली पत्नी को छोड़ दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।शिकायत पत्र से मिली जानकारी के अनुसार गंगा चैहान जिनकी विवाह लगभग 5 साल पूर्व 16 अप्रैल 2017 को ग्राम कुसमुरा के निवासी शैलेन्द्र चैहान पिता मसिम चैहान थाना कोतरा रोड रायगढ़ के साथ हुआ था। शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक था परन्तु कुछ ही समय बाद मार पीट करना प्रताड़ित करना व खाना ना देना का सिलसिला चलता रहा। विगत 6 माह पूर्व गर्भपात के दौरान उपचार हेतु जब वह अपने मायके आई और पांच माह तक टाल मटोल करने पर भी जब पति द्वारा लेने नहीं आने पर पत्नी को मालूम चला की पति ने दूसरी शादी कर ली है, जिसकी सूचना व कार्रवाई की गुहार कोतरा रोड थाने में शिकायत कीया गया पर कार्रवाई के अभाव में श्रीमती गंगा चैहान की मुलाकात सर्व धर्म महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष पंकज लता यादव से हुई वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग से संपर्क किया गया व थाने जाकर एफ आई आर दर्ज करवाया गया जिस पर पुलिस विभाग द्वारा संतोषजनक कार्रवाई आज तक नहीं की गयी है वहीं इस मामले को सर्व धर्म महिला कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा बैठक में असहाय व पीड़ित महिलाओं के अधिकारों के लिये आवाज बुलंद करेगी एवं जरूरत पड़ने पर आंदोलन करने पर भी विचार किया गया है। इस अवसर पर सर्व धर्म कल्याण समिति के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष पंकज लता यादव, रूबी जहा सचिव, चंद्रप्रभा पटेल, जयंती केसरिया, स्नेहा मिश्रा, गंगा चैहान आदि उपस्थित रहे।

# नया ट्रांसफार्मर नहीं लगने से वार्ड के नागरिकों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जहां घरों में लोगों को पंखे एवं कूलर राहत पहुंचाते हैं, तो वहीं नगर पंचायत अ?भार के वार्ड क्रमांक-3 सुंदर कटकवार वार्ड के नागरिक इन दिनों विद्युत ट्रांसफार्मर की परेशानियों से जूझ रहे हैं, तथा अड़भार शहर में दशकों से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा 133 केवी का विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया गया है, जिससे शक्ति शहर सहित आसपास के अनेकों इलाकों में विद्युत आपूर्ति की जाती है, किंतु अड़भार शहर के नागरिक ही विद्युत की समस्या से परेशान हो रहे हैं,तथा नगर पंचायत अड़भार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 3 सुंदर कटकवार वार्ड के नागरिकों द्वारा लगभग 3 माह पूर्व ही विद्युत मंडल के अधिकारियों को इस समस्या के संबंध में अवगत करा दिया गया है, किंतु दुर्भाग्य है कि आज पर्यंत तक उक्त वार्ड का ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया, जिसके चलते आए दिन उक्त ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है, तथा बाद में विद्युत विभाग को खबर करने के बाद घंटों बाद वहां कर्मचारी पहुंचते हैं, तथा वार्ड के नागरिकों का कहना है कि उक्त ट्रांसफार्मर तकनीकी रूप से बदलने लायक हो गया है, तथा अगर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो इसी तरह से मोहल्ले के नागरिकों को तथा विद्युत उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा तथा उक्त ट्रांसफार्मर की तकनीकी कमी के चलते यह हालत है कि रात को अचानक 2:00 बजे ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है, तथा नागरिकों को आधी रात को ही विद्युत विभाग को खबर करना पड़ता है,तथा नागरिकों का कहना है कि हमारे शहर से ही दूसरी जगह विद्युत आपूर्ति हो रही है, किंतु हम ही बिजली की समस्या से दो-चार हो रहे हैं,क्या यह उचित है, उल्लेखित हो कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा पूरे प्रदेश में जगह-जगह नई विद्युत लाइनें बिछाई जा रही हैं, तथा नए विद्युत उपकरण भी लगाए जा रहे हैं, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश में विद्युत ट्रांसफार्मरों की खराब स्थिति के चलते विगत वर्षों में भी प्रदेश में यह बात प्रमुखता से उठाई गई थी कि बड़ी कंपनियों द्वारा जब विद्युत ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति की जाती है तो उसे हल्की क्वालिटी के बनाए जाते हैं।

# यादव समाज के रत्न थे दिवंगत ध्वजाराम : पुनिता प्रजापति



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

सन 1996 में यादव समाज का संविधान बनाने वाले दिवंगत ध्वजाराम यादव किसी परिचय के मोहताज नही थे, वे समाज के सजग प्रहरी व समाज के अनमोल रत्न थे, स्व. ध्वजाराम यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की है। उक्ताशय का विचार पुनिता प्रजापति सदस्य माटीकला बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन ने पुण्य तिथि के अवसर पर आज पामगढ़ में आयोजित रक्त दान शिविर के शुभारंभ पर व्यक्त की। पुनिता प्रजापति ने कहा कि स्व. ध्वजाराम यादव समाज के लिए प्रेरणा रहे है। इसके अलावा वे सामाजिक और राजनीति में 1980 से लगातार सक्रिय रहते हुए उन्होंने निरंतर समाज को एक नई दिशा दी है। पामगढ़ के राजनीति क्षेत्र में उनका बड़ा नाम रहा है। शिवम हॉस्पिटल पामगढ़ और एकता ब्लड बैंक बिलासपुर के सभी स्टाप के सहयोग से आयोजित रक्त दान शिविर में युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वनाथ प्रताप, राकेश यादव, हरिशंकर, अजय साहू, सुरेन्द्र कश्यप, लकेश यादव, देवेन्द्र यादव, ऋषभ पटेल, रवि कुमार, पंकज, पवन, विजय, उदय हरबंस सुग्रीय यादव, मोनू गोयल, कर्ण साहू सहित सैकडो युवाओ ने रक्तदान देकर श्रधांजलि अर्पित किया है।

# छत का एल्बसटर तोड़कर हजारों के जेवरात ले उड़े चोर

**रायगढ़।** चक्रधर नगर क्षेत्र के अतरमुड़ा के चोरों ने एक मकान का छप्पर उखाड़कर हजारों रूपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल थाना चक्रधरनगर में बड़े अतरमुड़ा में ज्वेलरी दुकान के संचालक प्रशांत मंडल द्वारा उसके घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता प्रशांत मंडल पिता सिद्धी नाथ मंडल उम्र 37 वर्ष निवासी चक्रधरनगर बडे अतरमुडा मांझापारा जिला रायगढ बताया कि उसका मूल निवास ग्राम निश्चिंतपुर वेस्ट बंगाल जिला वेस्ट मैदनीपुर थाना दासपुर है, रायगढ़ टीव्ही टावर रोड में बी एस एन एल कालोनी के सामने मां ज्वेलर्स नाम से दुकान है सोनारी काम करता है। 28 अप्रैल को घरेलू काम से दोनो पती पत्नी घर में ताला लगाकर अपने मूल निवास वेस्ट बंगाल चले गये। 10 मई को प्रशांत मंडल अकेले घर वापस आया देखा घर के समान अस्त व्यस्त बिखरे पड़े थे अलमारी और घर में अपने समानों की जानकारी लिया तो घर में रखे सोने का डल्ला , सोने के जेवर गले का मोती माला, लाकेट सोने का , कान का टाप्स, शंखा चूडी सोने का डिजाईन किया हुआ, एवं चांदी का पायल लगभग 400 ग्राम को कोई चोर घर के छत के सीट को उठा कर घर अंदर घुस कर चोरी कर ले गया है। थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध नकबजनी का अपराध दर्ज कर माल मुलजिम की पतासाजी की जा रही है।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले के विशेष न्यायाधीश पोक्सो खिलावन राम रिगरी ने 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास और ?50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर 5 साल अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश भी दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 अगस्त 2021 को पामगढ़ थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन करीबी रिश्तेदार ने बच्ची के पिता को शराब लेने भेज कर घर के सूनेपन का फायदा उठाते हुए 05 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के वक्त बच्ची की मां पति से विवाद होने के चलते घर छोड़कर अपने देवर के यहां चली गई थी। बच्ची के पिता जब घर वापस लौटे तब घर में रोती बिलखती बच्ची को देखकर उन्हें माजरा समझते देर नहीं लगा वे तत्काल बच्ची को लेकर पामगढ़ थाने पहुंचे जहां आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। लगभग 08 माह चले सुनवाई के बाद आज जिले के विशेष न्यायाधीश पोक्सो खिलावन राम रिगरी ने 5 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी धनंजय भारद्वाज उम्र 41 साल को आजीवन कारावास और 50000 के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर 5 साल अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश भी दिया है।

# जंगली सुअर के हमले में घायल महिला की मौत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के घरघोड़ा ब्लाक में जंगली सुअर के हमले से एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो जाने की खबर निकल कर सामने आ रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा क्षेत्र के बाइहामुड़ा की रहने वाली महिला अमरीन बाई पति सूख सागर 74 साल जो कि 6 मई की सुबह तकरीबन 8 बजे तेंदू पत्ता तोड़ने जंगल गई हुई थी, इसी दरम्यान जंगल के झाड़ियों में छिपे जंगली सुअर ने उस पर अचानक हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में महिला के हाथ और पेट मे गंभीर रूप से चोट आने पर परिजनों के द्वारा सर्वप्रथम उसे घरघोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां हालात में सुधार नहीं होने पर उसे 10 मई को रायगढ़ जिला चिकित्सालय में रिफर किया गया था।

# जन समस्या निवारण शिविर को औपचारिकता न बनाये : गगन जयपुरिया

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

10 मई को बम्हनीडीह जनपद के ग्राम बिर्रा और 06 मई के बाद दुबारा 11 मई को बम्हनीडीह मुख्यालय में जन समस्या निवारण शिविर संपन्न हुआ,ज्ञात हो की पुरे प्रदेश के साथ - साथ जिले में आम जनता के साथ परस्पर संवाद स्थापित करने सहित उनकी मांग एवं समस्याओं के निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम बम्हनीडीह एवं बिर्रा में आयोजित ब्लाक स्तरीय समाधान शिविर के दौरान मुख्य अतिथि सदस्य एवं सभापति गगन जयपुरिया, तहसीलदार, सीईओ जनपद सहित जिले में संचालित समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी मांग एवं समस्याएं सुनी और निराकरण के लिए आवश्यक पहल किया। दोनों समाधान शिविर में




कुल 376 प्राप्त आवेदन पत्रों में 68 प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। वहीं शेष 308 प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंन्धित विभागों को सूचित किया जायेगा,इस मौके पर मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया ने ग्रामीणों को समाधान शिविर से लाभान्वित होने का आग्रह करते हुए कहा कि कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है,शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और मैदानी अमले मौजूद हैं। ग्रामीण जन अपनी तथा अपने गांव की जरूरत, मांग एवं समस्याओं के बारे में अवगत करा सकते हैं, जिसे यथासंभव निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा की शिविर को औपचारिकता न बनाये और ग्रामीणों की जो भी समस्याएं है उसे तत्परता के साथ निराकरण करे द्व आम जन विभागों के चक्कर काटने के बाद परेशान होकर शिविर में बहुत आस लेकर आता है उसे निराशा नहीं होनी चाहिए,उसकी समस्या तुरन्त हल होनी चाहिए द्व निवारण शिविर में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओ की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित होने का आग्रह किया। तहसीलदार आस्था चंद्राकर एवं प्रियंका चन्द्रा ने नामांतरण-बंटवारा, सीमांकन आदि राजस्व मामले के निराकरण सहित किसान पुस्तिका प्रदाय की जानकारी देते हुए कहा कि भूमि स्वामियों को ऐसे राजस्व प्रकरणों के निपटारा के लिए आगे होना पड़ेगा।

# चाकूबाजी का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा के जय स्तंभ चैक में सरेराह चाकूबाजी करके युवक को घायल करने के बाद फरार हो गए आरोपी को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। बीते कुछ हप्ता पहले जने कुर्रे और उसके साथियों द्वारा जय स्तंभ चैक के पास घरघोडा वार्ड क्रमांक 13 निवासी विकास ठाकुर पर जान लेवा हमला करते हुए चाकूबाजी किया गया था जिस पर विकास ठाकुर के चेहरे पर चाकू से वार किया गया था जिसमे उसे गम्भीर चोट आई थी जिसकी रिपोर्ट घरघोड़ा थाना में दर्ज की गई जिस पर घरघोड़ा पुलिस ने जने कुर्रे सहित अन्य के खिलाफ धारा 307 सहित अन्य धाराओं के साथ अपराध पंजीबद्ध किया था और आरोपियों की खोजबीन की जा रही थी, तभी कल 11 मई को मुखबिर की सूचना पर घरघोड़ा थाना प्रभारी अमित सिंह के निर्देश पर एएसआई मसीह, आरक्षक नरेंद्र पैंकरा,नंदू पैंकरा,दीपक भगत,सीमा लकड़ा पुलिस स्टाफ द्वारा घरघोड़ा के वार्ड क्रमांक 4 से जने कुर्रे एवं बबलू वारे को गिरफ्तार किया गया। आदतन अपराधी जने कुर्रे एवं उसके साथियों द्वारा युवा संगठन बनाकर पूर्व में भी कई बार तलवार बाजी, लूटपाट, चोरी, सहित अन्य घटना को अंजाम दे चुके है साथ ही पूरे क्षेत्र में नशे का लेबलेट, सिरप, गांजा, व्यापार चलाया जा रहा है जिससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी नशे की लत के कारण कई अपराध को अंजाम दे रहे है,अब देखना है की घरघोड़ा पुलिस जने कुर्रे और उनके साथियों के खिलाफ आगे और क्या कार्रवाई करती है।

# एक को दिया शादी का झांसा दूसरे की थी तैयारी

**रायगढ़।** पूर्व प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने के बाद दूसरी शादी की तैयारी कर रहे युवक को पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना कापू क्षेत्र के रैरूमा खुर्द चैकी की है। कल पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द में चैकी क्षेत्र की नाबालिग बालिका अपने परिजनों के साथ आकर उसके गांव के पंकज माझी (उम्र 21 वर्ष) के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने व अब शादी से इंकार करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पीड़ित बालिका ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के घर रह कर पढ़ाई कर रही है। 09 दिसंबर 2020 की रात पंकज माझी घर के परछी से उठाकर अपने खाली मकान में ले गया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया, इस घटना से जब बालिका का स्वास्थ्य खराब हुआ। तब घर परिवार के लोग गांव में मीटिंग कराएं मीटिंग में पंकज माझी, बालिका के बालिग हो जाने पर शादी करूंगा बोला परंतु अब दूसरी लड़की से शादी तय कर शादी की तैयारी कर रहा है।



# 70 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम खुडुभांठा के चन्द्रदीप कुर्रे द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर चन्द्रदीप कुर्रे के घर जाकर रेड किया गया। जांच के दौरान 100 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक ड्रम लाकर दिखाए गया, जिसमें करीब 70 लीटर अवैध शराब किमती 14,000 रूपये जप्त किया गया। आरोपी पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया।

**पुसौर व कोसीर में भी पकड़ाई शराब-** थाना केडार प्रभारी उप निरीक्षक झामलाल मार्को के हमराह पुलिस टीम द्वारा ग्राम बरभांठा में शराब रेड कार्रवाई दौरान, जीवन कुर्रे पिता बालाराम कुर्रे उम्र 50 वर्ष साकिन बरभांठा थाना केडार के घर परछी में छुपाकर रखा हुआ 30 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। वहीं कोसीर पुलिस द्वारा आरोपी रामदयाल बनज पिता स्व बरतराम उम्र 35 वर्ष साकिन दहिदा थाना कोसीर के कब्जे से 02 जरीकेन में 10 लिटर महुआ शराब जप्त कर आरोपी पर धारा 34 (2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

# पुलिस को हाईवे पेट्रोलिंग के लिए मिले तीन वाहन

- ह्युमन ट्रैफिकिंग सेल के लिए मिली अर्टिगा कार
- एसपी ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किए रवाना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिला पुलिस रायगढ़ को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर, छत्तीसगढ़ से 3 हाइवे पेट्रोलिंग और 1 ह्युमन ट्रेफिंग सेल के लिए अर्टिगा कार प्राप्त हुआ है ,जिसे कल एसपी अभिषेक मीना द्वारा पुलिस कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर पेट्रोलिंग के लिये रवाना किया गया है। वाहनों को पेट्रोलिंग पर रवाना करने के पूर्व पुलिस अधीक्षक स्वयं वाहनों की टेस्ट ड्राइव किए मौके पर उन्होंने ने बताया कि प्रदेश शासन, पुलिस मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सभी जिलों में हाईवे पेट्रोलिंग के लिए वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ पुलिस को पुलिस मुख्यालय द्वारा तीन हाईवे पेट्रोलिंग और एक ह्युमन ट्रैफिकिंग सेल के लिए अर्टिगा कार प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय रहे कि कोरोना काल के बाद से सड़कों पर यातायात का दबाव पहले की तरह है, कहीं ना कहीं एक्सीडेंट भी बढे हैं। ऐसे में हाईवे पेट्रोलिंग के लिये वाहनों का प्राप्त होना काफी अच्छा है जो हाईवे पर पेट्रोलिंग कर दुर्घटनाओं को रोकने व दुर्घटनाओं में घायल की मदद के लिए सहायक होगा। हाईवे पेट्रोलिंग पर ट्रैफिक का स्टाफ रहेगा, हाईवे पेट्रोलिंग जल्द ही प्रमुख मार्गो में पेट्रोलिंग करते दिखेगी। इस दौरान एएसपी लखन पटले, एएसएपी (ट्रैफिक) माहेश्वर नाग, एमटीओ राज कुमार राय, रक्षा टीम प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा एवं ट्रैफिक थाना के स्टाफ मौजूद थे।

# जिले में 4 रेत खदान स्वीकृत, 11 नई स्वीकृति के लिए चिन्हांकित, विधिवत रॉयल्टी जमा कर रेत की हो रही आपूर्ति

## झारखंड की सीमा पर ही होता है अवैध उत्खनन, कुजरी खदान से रेत निकासी है बंद

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




सहायक खनिज अधिकारी ने बताया कि तहसील कुनकुरी के सीमावर्ती क्षेत्र तहसील कांसाबेल में ग्राम टांगरगांव मैनी नदी खसरा नंबर 628 रकबा 5.000 हेक्टेयर क्षेत्र पर रेत खदान हैप्पी अग्रवाल पिता सुनील कुमार अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर रोड पत्थलगांव एवं सीमावर्ती क्षेत्र तहसील दुलदुला में श्री नदी खसरा नम्बर 900 रकबा 2100 हेक्टेयर क्षेत्र पर रेत खदान अमित अग्रवाल पिता सत्य लाल अग्रवाल निवासी बसना जिला महासमुन्द के नाम से स्वीकृत है। उक्त खदान में विधिवत् रॉयल्टी जमा कर रेत की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि कुजरी, कमलपुर, गोविंदपुर में लावा नदी से रेत के अवैध खनन से संबंधित है। खनिज निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन अनुसार ग्राम कुजरी जिला जशपुर लावा नदी में पुल का निर्माण कराया जाना पाया गया। मौके पर पुल निर्माण कार्य में संलग्न योगेन्द्र सिंह आ. नेमदास निवासी गोइन्द्रा थाना पथरिया जिला मुंगेली द्वारा बताया गया कि वर्तमान में नदी में रेत निकासी का कार्य बंद है एवं ग्रामवासियों के अनुसार ग्राम भुइकेला जिला जशपुर लावा नदी के दूसरी ओर ग्राम कमलपुर ग्राम पंचायत गोविन्दपुर आता है जो कि झारखण्ड राज्य में है। नदी के दूसरे ओर कमलपुर गांव से ट्रैक्टर द्वारा रेत की निकासी की जाती है। जिले में कुल 04 रेत खदान स्वीकृत होकर संचालित है जिससे जिले के भीतर रेत की आपूर्ति की जाती है इसके अतिरिक्त सीमावर्ती जिलों में स्वीकृत रेत खदानों से भी रेत की आपूर्ति होती है।

### 37 प्रकरण में 1.29 लाख की वसूली

खनिज विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अवैध रेत परिवहन के 34 प्रकरण एवं अवैध रेत भण्डारण के 03 प्रकरण, कुल 37 प्रकरण दर्ज कर राशि 1,29,360 रूपए अर्थदंड समझौता राशि के रूप में वर्सल किया गया है।

### 11 नए रेत खदान चिन्हांकित

जिले में स्वीकृत 04 खदानों के अतिरिक्त अन्य 11 स्थानों पर रेत खदान स्वीकृति हेतु जगह का चिन्हांकन कर लिया गया है, जिसमें संबंधित ग्राम सभा से प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। चिन्हांकित स्थलों पर रेत खदान स्वीकृति उपरांत जिले में रेत आपूर्ति अत्यन्त सुलभ हो जाएगी, जिससे यदा-कदा होने वाले रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन पर भी प्रभावी नियंत्रण होगा।

जिले में रेत का परिवहन स्वीकृत 4 रेत खदानों से रॉयल्टी चुकाकर किया जा रहा है। रेत खदानों को बढ़ाने के लिए 11 ग्राम पंचायतों में चिन्हांकित कर दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं जल्द ही उनकी नीलामी कराई जाएगी जिससे राजस्व बढ़ेगा।
**योगेश साहू,** खनिज अधिकारी जशपुर

# अभिषेक मलिक कलर्स के 'मुस्कुराने की वजह तुम हो' में तन्वी मल्हारा और कुणाल जयसिंह के साथ नजर आयेंगे

**रायपुर।** कलर्स का नया सोशल ड्रामा 'मुस्कुराने की वजह तुम हो' एक छोटे से शहर की एक सिंगल मदर की मनोरंजक कहानी पेश करने के लिये तैयार है। मशहूर अभिनेता अभिषेक मलिक को इस शो में राहुल का किरदार? निभाने के लिये चुना गया है और वे तन्वी मल्हारा और कुणाल जयसिंह के साथ नजर आयेंगे, जो इस शो में क्रमशः कथा और कबीर की भूमिकायें अदा कर रहे हैं। कॉकस्टो और शायका एन्टरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस शो में नैनीताल की रहने वाली एक आशावादी लड़की कथा (तन्वी मल्हारा द्वारा अभिनीत), एक रहस्यमयी व्यक्तित्व वाले करिश्माई इंसान राहुल (अभिषेक मलिक द्वारा अभिनीत) और एक मेहनती लड़के कबीर (कुणाल जयसिंह द्वारा अभिनीत) की कहानी दिखाई जायेगी। हालांकि, जब उनके रास्ते टकराते हैं, तो उनकी कहानी एक अनापेक्षित मोड़ ले लेती है। किस्मत उन तीनों को किस मोड़ पर लेकर आयेगी और कबीर, कथा एवं राहुल की जिंदगी में आगे क्या होने वाला है, यह देखना दिलचस्प होगा। अभिषेक मलिक ने राहुल का किरदार निभाने पर अपने विचार साझा करते हुये कहा, मैंने परदे पर पहले कई किरदार निभाये हैं, लेकिन राहुल जैसा किरदार अब तक नहीं निभाया है। वह एक करिश्माई लड़का है, लेकिन उसके स्वभाव का कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता।

# आयशर ट्रैक्टर्स ने लॉन्च किया प्राइमा G3–नए ज़माने के किसानों के लिए प्रीमियम ट्रैक्टर रेंज




**रायपुर।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माता, टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड समूह के आयशर ट्रैक्टर्स ने आयशर प्राइमा G3 सीरीज़ लॉन्च करने की घोषणा की। प्रीमियम ट्रैक्टरों की एक पूरी नई रेंज - आयशर प्राइमा G3 सीरीज़ नए ज़माने के भारतीय किसानों को ध्यान में रख कर निर्मित की गई है जो बेहतरीन स्टाइल वाले, कार्यक्षम और मज़बूत ट्रैक्टर की चाह रखते हैं। आयशर प्राइमा G3 40-60 एच.पी. रेंज में ट्रैक्टरों की एक नई सीरीज़ है, जो दशकों के बेजोड़ अनुभव के साथ विकसित की गई शानदार स्टाइलिंग, उन्नत टेक्नोलॉजी और बेहतरीन आराम प्रदान करती है। आयशर प्राइमा ल3 सीरीज़ को लॉन्च करते हुए, टैफे की सी.एम.डी. मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा दशकों से आयशर ब्रांड, कृषि और कॉमर्शियल - दोनों क्षेत्रों में अपने भरोसे, विश्वसनीयता, मजबूती और बहुमुखी उपयोगिता के लिए जाना जाता है। प्राइमा ल3 के लॉन्च से आधुनिक भारत के प्रगतिशील किसानों को अधिक उत्पादकता, आराम और आसान परिचालन का लाभ मिलेगा, जिसकी वे आकांक्षा करते हैं। साथ ही उन्हें कम लागत में ज़्यादा फ़ायदे का विकल्प भी प्राप्त होगा, जो सदा से आयशर का वादा रहा है। नया प्राइमा G3 नए ज़माने के एरोडायनामिक बॉनेट के साथ आता है जिससे ट्रैक्टर को एक अनूठा, शानदार स्टाइल प्रदान करता है और यह वन-टच ओपन, सिंगल पीस बॉनेट इंजन तक आसान पहुंच प्रदान करता है, जिससे ट्रैक्टर का रख-रखाव आसान हो जाता है। उच्च तीव्रता वाली 3D कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ बोल्ड ग्रिल, रैप-अराउंड हेडलाइट और डिजी-NXT डैशबोर्ड इसे देखने में आकर्षक बनाते हैं और ज़्यादा क्रॉस-एयर फ्लो देते हैं जिससे इन ट्रैक्टरों का लंबे समय तक निरंतर परिचालन किया जा सकता है। टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड (टी.एम.टी.एल.) की डिप्टी एम.डी. डॉ. लक्ष्मी वेणु, ने कहा बताया कि, भारत के युवा और प्रगतिशील किसान टेक्नोलॉजी और कृषि-तकनीकी समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि कार्यों से अधिकतम लाभ हासिल करना चाहते हैं, और उनके लिए प्राइमा G3 कृषि में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने में आदर्श पार्टनर की भूमिका निभाएगा। ग्राहकों को ध्यान में रख कर आधुनिक तकनीक से बनाए गए आयशर प्राइमा ल3 रेंज में हाई टॉर्क - फ्यूल सेवर (एच.टी.-एफएस.) लिक्विड कूल्ड इंजन है,जो बेहतरीन परफॉर्मेंस और ईंधन की ज़्यादा बचत प्रदान करता है। इसका कॉम्बीटॉर्क ट्रांसमिशन अधिकतम शक्ति, टॉर्क और उत्पादकता देने के लिए इंजन और ट्रांस-एक्सल का सटीक ताल-मेल प्रदान करता है। नया मल्टीस्पीड पी.टी.ओ. 4 अलग-अलग पी.टी.ओ. मोड की विशिष्ट सुविधा देता है, जिससे आयशर प्राइमा G3 कई प्रकार के कृषि और कमर्शियल कार्यों के लिए बन जाता अनुकूल है।

# सेन समाज ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव को किया सम्मानित



**रायपुर।** पिछले दिनों नेपाल में हुए ह ैं ड ब ा ॅ ल प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरंग के ग्रामीण क्षेत्र के गौरव ठाकुर का चयन हुआ,जिसमें नेपा- इंडोनेशिया चैंपियनशिप में भारत को प्रथम स्थान दिलाने में सेन समाज के गौरव ठाकुर ने महत्वर्पर्ण र्भमिका निभाई, एवं भारत को प्रथम स्थान दिला, स्वर्ण पदक दिलवाने वाले गौरव ठाकुर को सेन समाज के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने श्रीफल शाल, एवं प्रतीक चिन्ह ,मंत्र पटका,देकर, वीर हनुमान शौर्य सम्मान से सम्मानित किया ,उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश केंद्रीय अध्यक्ष डीआर ठाकुर, राधेश्याम श्रीवास, फेर्क राम, ठाकुर, दाऊ लाल श्रीवास, रामजी सेन, शिव सेन, राजेंद्र ठाकुर ,मोहन सेन, ललित श्रीवास, दिलीप सेन, विष्णु प्रसाद श्रीवास,नोहर सेन, सीताराम ,लोकनाथ, हेमलाल, होरीलाल, प्रकाश श्रीवास, निर्मला ठाकुर, सोहिनी सेन, शिव कुमारी, सांता ,शकुन, लता, श्यामा, दिनेश,जिवीतराम, प्रताप सिंह, दौलत राम, आंनद राम, ईश्वर लाल,रमेश, इंद्राणी, संतोषी, रामशरण, दिलीप, अनिल,दानीराम, राजाराम, कमलेश, जीवनलाल,पवन, दिनेश, धनीराम, भोलाराम, राजेंद्र कौशिक,डेमनसेन,हिरेंद्र, जुगर्न राम,नीलकंठ,भेषलाल,नरसिंग सेन,सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी समाज प्रमुख डॉ मनोज ठाकुर व दिलीप सेन ने दी।

# कलेक्टर और एसपी ने ग्राम घोटिया के स्वास्थ्य केन्द्र व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक गोवर्धन राम ठाकुर ने आज डौंडी ब्लॉक के ग्राम घोटिया में उप स्वास्थ्य केन्द्र व आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई व दवाईयों के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मौसमी बिमारियों से संबंधित दवाईयॉ तथा एंटी स्नेक वेनम व एंटी डॉग बाइट्स संबंधी दवाईयॉ उपलब्ध रहे। डॉक्टर नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित रहें। ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टर की शिकायत भी की गई। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र पहुॅचकर बच्चों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर, उन्हें सुपोषित करने पोषण पुनर्वास केन्द्र डौण्डी भेजें। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के खेल गतिविधियों में विशेष ध्यान दें। गर्भवती और शिशुवती माताओं को नियमित रूप से गरम भोजन प्रदान करें तथा उनका स्वास्थ्य जॉच कराए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु प्राकश्वलन तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याए सुनी। उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल व विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने वहॉ धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों की जानकारी ली और ज्यादा से ज्यादा किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार मरकाम आदि उपस्थित थे।

# 'नेशनल हेल्प लाइन सेंटर' 14567 के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को अपनी समस्याओं का निराकरण करने में मिलेगी सहायता




**बालोद।** भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस, नई दिल्ली द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए ''नेशनल हेल्प लाईन सेंटर-14567'' का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। इस ''नेशनल हेल्प लाईन सेंटर-14567'' के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी लेने एवं अपनी समस्याओं का निराकरण कराने में सहायता मिलेगी। जिला क्षेत्राधिकारी वैशाली डडसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, निराश्रित उक्त हेल्प लाईन नम्बर में संपर्क कर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन नम्बर पर जिले के वृद्धजनों को भी लाभ मिल पाएगा।

# एमआरएआई ने 9वें आईएमआरसी में पुन: उपयोग, कमी और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने हरी झंडी दिखाई'

**रायपुर।** भारत को वैश्विक पुनर्चक्रण केंद्र बनाने की दिशा में मटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफइंडिया (एमआरएआई) भारत में सर्कुलर इकोनॉमी और टिकाऊ रीसाइक्लिंग संचालन की दिशा में काम करने वाले उत्प्रेरक के रूप में रहा है। लीला कन्वेंशन सेंटर, शाहदरा, दिल्ली में 9वें आईएमआरसी सम्मेलन ने 2030 तक भारत को एक हरित महाशक्ति बनाने के लिए बढ़ती चिंताओं को संबोधित किया। एमआरएआई ने उत्पादन स्तर पर कचरे के पृथक्क रण, न्यूनतम प्रतिशत का उपयोग जैसे मुद्दों को संबोधित करने की मांग की। भारत में प्रत्येक विनिर्माण गतिविधि में पुनर्चक्रण योग्य स्क्रैप, भारत में रीसाइक्लिंग पार्क/क्लस्टर स्थापित करना और भारत सरकार के तहत रीसाइक्लिंग विभाग के लिए एक उद्योग का दर्जा और निकट भविष्य में कच्चे माल के लिए जीएसटी को 18 फीसदी से 5 फीसदी तक संशोधित करना जैसे मामलों पर ध्यान देने पर जोर दिया। एमआरएआई ने रिसाइकिल इंडिया अभियान को भी हरी झंडी दिखाई और भारत सरकार से जन जागरूकता के कारण को अपनाने की मांग की।

# बेहतरीन स्पिलवे क्लाइम्ब के साथ नई रेंज रोवर स्पोर्ट्स का शानदार ग्लोबल प्रीमियर

**रायपुर।** नई रेंज रोवर स्पोर्ट्स का ग्लोबल प्रीमियर दुनिया भर में पहली बार आइसलैंड में बांध के रैंप पर पानी से लबालब भरे रास्ते से गुजरकर डैम की ऊंचाई तक पहली बार गाड़ी की चढ़ाई कराकरशानदार अंदाज में किया गया।गाड़ी की ऐतिहासिक और जबर्दस्त चढ़ाई ने यह दिखा दिया है कि नई रेंज रोवर स्पोर्ट्स 750 टन प्रति मिनट की दर से दुनिया में अपनी तरह के सबसे बड़े बांध करहंजुकर बांध के रैंप से पानी की बहती धार का काफी मजबूती से सामना कर सकती है। गाड़ी की खींचने की प्रक्रिया में जरा भी सी ढिलाई से रैंप के मुहाने से खतरनाक ढंग से 90 मीटर की तेज रफ्तार से नीचेजमीन पर गिरने का खतरा था। लैंड रोवर की लग्जरी परफॉर्मेंस एसयूवी की थर्ड जेनरेशन की कार पसंदीदा, तकनीकी रूप से उन्नत और जबर्दस्त क्षमता वाली एसयूवी है। यह लैंड रोवर में अब तक फिट किए गए सबसे उन्नत चेसिस तकनीक के मिश्रण का फायदा उठाते हुए ड्राइविंग के समय काफी बेहतर रेस्पॉन्स देती हैऔर सड़क पर अपनी प्रभावशाली मौजूदगी दर्ज कराती है। ब्रिटेन के गेडन स्थित जगुआर लैंडरोवर के एडवांस्ड प्रॉडक्ट क्रिएशन सेंटर में बांध के रैंप पर लैंडरोवर की सफल चढ़ाई की स्क्रीनिंग एक विशेष रूप से आयोजित इवेंट में की गई। जब गाड़ीने अपनी पकड़, कर्षण, परफॉर्मेंस और संयम का प्रदर्शन करते हुए इस रोमांचक कारनामे को अंजाम दिया।

# तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे डॉ राजाराम त्रिपाठी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल संस्थान के तत्वावधान में प्रदेश की राजधानी रायपुर में आज संध्या पांच बजे वृंदावन के सभागार सिविल लाइंस में काव्य गोष्ठी एवं 'पुस्तक विमोचन' का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखक, चिंतक, हरित योद्धा डॉ राजाराम त्रिपाठी होंगे। इस कार्यक्रम में लेखक राजेंद्र पांडे की तीन पुस्तकों का विमोचन क्या जाएगा तथा विमोचित पुस्तकों की विद्वान समीक्षकों के द्वारा समीक्षाएं भी होंगी साथ में चुनिंदा कवियों द्वारा काव्य पाठ भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल के अध्यक्ष आचार्य इंजीनियर अमरनाथ त्यागी जी द्वारा की जाएगी। राजेंद्र पांडे की तीन पुस्तकों की समीक्षा क्रमशः(1) अतिथि देवो भव - समीक्षक - इंजी. शीलकांत पाठक, (2) मोर गांव के बिहान - समीक्षक - डॉ. मृणालिका ओझा, (3) महतारी के हाथ - समीक्षक - डॉ. राम कुमार बेहार , के द्वारा की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख साहित्यकार तथा गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे। इस आशय की सूचना छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य मंडल के प्रमुख सचिव सुनील पांडे के द्वारा जारी की गई।

# रिलायंस निप्पॉन लाइफइंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 22 में क्लैम सेटलमेंट में उत्कृष्टता और शुद्ध लाभ में 30% की बढ़त के साथ मजबूत वृद्धि दर्ज की

**रायपुर।** रिलायंस कैपिटल और जापान की निप्पॉन लाइफके जॉइंट वेंचर, रिलायंस निप्पॉन लाइफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2022 को वर्ष की समाप्ति के लिए अपने फाइनेंशियल रिजल्ट्स की घोषणा की। 31 मार्च, 2022 तक की प्रमुख परफॉर्मेंस में निम्न बिंदु शामिल हैं:- एकत्रित कुल प्रीमियम बढ़कर 5,037 करोड़ रूपए- 6.3 की वृद्धि, कुल नया प्रीमियम कलेक्शन बढ़कर 1,282 करोड़ रूपए- 13% की वृद्धि, मैनेजमेंट के तहत एसेट्स बढ़कर 27, 619 करोड़ रूपए- 13.3% की वृद्धि, कर पश्चात लाभ (प्रॉफिट आफ्टर टैक्स) 65 करोड़ रूपए-30% की वृद्धि,13वें महीने की निरंतरता 78% है, क्लैम्ससेटलमेंटरेश्यो98.7%- 98.5% से ऊपर, कोविड-19 क्लैम्स सेटलमेंट रेश्यो 99.15%, 150% की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 235% का सॉल्वेंसी रेश्यो, ग्राहकों को दिए जाने वाले लाभ-3,158 करोड़ रूपए, घोषित/सममूल्यपॉलिसीधारकों को भुगतान किए गए बोनस का मूल्य- 228 करोड़ रूपए-215 करोड़ रूपए से ऊपर, 83,228 करोड़ रूपए की कुल बीमा राशि के साथ 23,96,976पॉलिसीज़ लागू हैं।



# बंधन बैंक के व्यवसाय में वित्त वर्ष'22 की चौथी तिमाही में मजबूत वृद्धि 31 मार्च, 2022 तक, कुल ग्राहक आधार 2.63 करोड़ रहा

**रायपुर।** समावेशी बैंकिंग-उन्मुख सार्वभौमिक बैंक, बंधन बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।



जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था मजबूती से वापस पटरी पर लौटी, बैंक के व्यापार में मजबूत वृद्धि हुई। बैंक का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) साल-दर-साल 18.6% बढ़कर 31 मार्च, 2022 को लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। बैंक भारत के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 34 में 5,639 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 2.63 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बंधन बैंक के कर्मचारियों की कुल संख्या 60,211 है। चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान, बैंक की जमा बही पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 24% बढ़ी। कुल जमा अब 96,331 करोड़ रुपये है। इस अवधि में, बैंक की खुदरा जमा बही में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और यह वर्ष-दर-वर्ष 21त्न बढ़कर 74,441 करोड़ रु. हुआ। चालू खाता और बचत खाता (CASA) बही में वर्ष-दर-वर्ष 18त्न की वृद्धि हुई, और अब कासा अनुपात समग्र जमा बही का 41.6% है। अग्रिमों के संबंध में, बैंक के पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 16% की वृद्धि हुई और कुल अग्रिम अब 99,338 करोड़ रु. है। बैंक की स्थिरता का संकेत, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 20.1 है, जो नियामक आवश्यकता से काफी अधिक है।

# कलेक्टर का फरमान छुट्टी के दिन भी बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना अनुमति के कार्यालय तथा मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सर्व विभाग प्रमुखों को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सीमावर्ती जिला सरगुजा, बलरामपुर, र्सरजपुर, कोरिया, रायगढ़ से कार्यालयीन दिवस पर आवागमन नहीं करेंगें एवं अवकाश दिवसों पर भी अद्योहस्ताक्षर के बिना पर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त निर्देशाों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा कि स्थिति संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**तितरी** के समस्त आश्रित ग्राम **तितरी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया हैः-
**ग्राम का नाम-** 1. तितरी, 2.तितरी, **आवेदक का नाम-** 1.भुगेश, 2. भुगेश, **हितग्राही का नाम-** 1. सुरूची, 2. लक्ष्य, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 070501221400277,07050122400277, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-** 1.पंवार, 2.पंवार।
अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 27/05/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 12/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 12/05/2022
पेशी दिनांक - 27/05/2022

**नायब/तहसीलदार**
मुहर **बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./2022050325000.../ब-121/2021-22
ग्राम-सन्ना, तहसील-सन्ना, जिला जशपुर (छ.ग.)
एतद द्वारा आम जनता ग्राम पंचातय सन्ना, प.ह.न. 09, रा.नि.मं. सन्ना, तहसील सन्ना, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि युवा खेल समिति सन्ना एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत सन्ना, जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पंचायत सन्ना स्थित भूमि खसरा नंबर 1172/1 रकबा 5.95 एकड़ में से सन्ना क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए शासकीय भूमि आबंटित करने की मांग की गई है जो श्रीमान् कलेक्टर महोदय जशपुर से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज दिनांक 21.06.2022 तक अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सन्ना, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - सरदार वल्लभ भाई पटेल**
**वार्ड क्र. 39, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 100/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 157/39, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - रामसिंग साहू W/o प्रभुराम, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** नंदनी साहू W/o चरण लाल साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - संत कबीर**
**वार्ड क्र. 17, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 101/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 93/17, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भिखारी राम साहू S/o शोभाराम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** राकेश कुमार साहू S/o स्व. दीनानाथ साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
**वार्ड क्र. 02, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 102/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 353/02, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - डोमारी लाल निषाद S/o समय लाल निषाद, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** मनोज कुमार साहू S/o डोमन लाल साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
**वार्ड क्र. 02, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 103/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 40/02, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जगदीश निषाद S/o स्व. समयलाल, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** ताराचंद साहू S/o डोमन लाल साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - संत कबीर वार्ड**
**वार्ड क्र. 17, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 104/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 93/17, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - भिखारी राम साहू S/o शोभाराम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** राजेन्द्र प्रसाद साहू S/o स्व. दीनानाथ साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल**
**वार्ड क्र. 13, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 105/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 1471/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - दुलेश्वरी बाई साहू W/o लोमश साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** टिकेश्वर साहू S/o गोविन्द साहू.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**
**वार्ड क्र. 02, वर्ष 2021-22**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **12.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 106/13.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 207/02, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - जसबाई सतनामी W/o गेंदलाल सतनामी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** सती सिंह राजपूत W/o बसंत सिंह राजपूत.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
मुहर

# काले कानून के विरोध में 16 मई को भाजपा का जेल भरो आंदोलन

## राहुल गांधी कहते हैं कि देश में आंदोलन करने के लिए क्या अनुमति लेने की जरूरत पड़ेगी ?

- लगता है उन्होंने भूपेश बघेल का काला कानून नहीं पढ़ा : बृजमोहन अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






कांग्रेस सरकार द्वारा जन आंदोलन को कुचलने के लिए लाए गए काले कानून के विरोध में भारतीय जनता पार्टी 16 मार्च को मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर, जेल भरो आंदोलन करने जा रही है। इसकी तैयारियों के लिए आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में बैठक आहूत की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के आपातकाल को देश की जनता ने टिकने नहीं दिया। उसके सामने कांग्रेस शासन के इस काले कानून की हैसियत ही क्या है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कहते हैं कि देश में आंदोलन करने के लिए क्या अनुमति लेने की जरूरत पड़ेगी? लगता है उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का काला कानून नहीं पढ़ा है। राहुल गांधी भाजपा को बदनाम करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस शासित राज्य में प्रदर्शन के लिए अनुमति लेने वाला काला कानून खुद ही लागू किए हुए है। उन्होंने कहा कि यह डरी हुई सरकार है जो अपने विरुद्ध होने वाले किसी भी आंदोलन को कुचलने के लिए विभिन्न कुप्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरे प्रदेश में भय का वातावरण बनाकर लोगों के मौलिक अधिकार छीनने का प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा है कि 16 तारीख को इस अत्याचारी, दमनकारी, लोकतंत्र विरोधी सरकार के विरुद्ध विद्रोह का शंखनाद करना है। भाजपा जिला प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का ब्रह्मास्त्र है। उन्होंने कहा कि अत्याचारी सरकार के दमन से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए उस ब्रह्मास्त्र के संधान का वक्त आ गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि कांग्रेस के 3 वर्षों में जनता को वादाखिलाफी, झूठ, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं मिला। अब जनता पूछ रही है कि जो वादे करके कांग्रेस सत्ता में आई थी वह कहां हवा हो गए। यह सरकार जनता की सवालों से डरकर काला कानून लेकर आई है। इसके विरोध में भाजपा 16 मई को रायपुर के चार स्थानों से मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर जेल भरो आंदोलन करेगी। बैठक का संचालन महामंत्री ओंकार बैस व आभार उपाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने किया। बैठक में मुख्यरूप से पूर्व ग्रामीण विधायक नंदे साहू, संजय श्रीवास्तव, देवजी भाई पटेल, राजीव अग्रवाल, मीनल चैबे, केदार गुप्ता, ओंकार बैस, अशोक पांडे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, डॉक्टर सलीम राज, सीमा साहू, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल, अमरजीत छाबड़ा, आशु चंद्रवंशी, बजरंग खंडेलवाल, अवधेश जैन, किशोर महानंद, मृत्युंजय दुबे, अनिल सोनकर, राहुल राव, खेम सेन, प्रीतम ठाकुर, श्रीनिवास राव, भूपेन्द्र ठाकुर, सुनील चौधरी, गोविंदा गुप्ता,बिट्टू शर्मा,गज्जू साहू, अनूप खेलकर,ओमप्रकाश साहू, रचना शुक्ला, रविन्द्र सिंह, मंजुल श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# हसदेव अरण्य में विरोध के बावजूद पेड़ काटे जा रहे, काम रोको आदेश हो नहीं तो उग्र आंदोलन होगा : कोमल हुपेंडी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में आदिवासी लगातार विरोध कर रहे है और पर्यावरण विशेषज्ञों की चेतावनी के बाद भी राज्य की कांग्रेस सरकार ने परसा कोयला खदान को मंजूरी दे दी है। यह कोयला खदान दूसरे कांग्रेसी राज्य राजस्थान को आवंटित किया गया है।

सरकार के कहने पर ही भारत सरकार की संस्था वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने हसदेव अरण्य का अध्ययन कर पिछले साल ही रिपोर्ट सौंपी है। वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में साफ-साफ कहा था कि यहां एक भी कोयला खदान को मंजूरी देने के विनाशकारी परिणाम होंगे, जिसे रोक पाना असंभव होगा।

वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया की रिपोर्ट अनुसार 'मध्यभारत का फेफड़ा' कहे जाने वाले हसदेव अरण्य के इलाके में नये खदान की मंजूरी से जंगल का विनाश तो होगा ही, जंगल में रहने वाले हाथी, बाघ, तेंदुआ, भालू जैसे जानवरों का भी जीवन खतरे में आ जाएगा। साथ ही हाथी मानव संघर्ष अत्याधिक बढ़ेगा।

वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की मार झेल रहे मध्य भारत के सबसे घने जंगलों के विनाश से तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी और पानी संकलन में कमी के चलते सूखा पड़ने की आशंका है।

हसदेव अरण्य के गांव में ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव से पूर्व कहा था कि अगर कांग्रेस सरकार आई तो वे आदिवासियों के साथ खड़े रहेंगे और कोयला खदान नहीं खुलने देंगे,लेकिन सरकार बनने के बाद सब कुछ भूलकर खदानों को मंजूरी देना शुरु कर दिया गया है और इसी तरह के वादे अब राहुल गांधी दूसरे चुनावी राज्यो में भी कर रहे है।यह बेहद गलत है,और इससे सरकार की नीयत और वादा खिलाफी पर लगातार सवाल खड़े हो रहे है।

कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी बार-बार अपने भाषणों में भाजपा की केंद्र सरकार को अडानी अंबानी की सरकार कहकर उल्लेख करते रहे हैं, लेकिन यह दिलचस्प है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही अपना कोयला खदान एमडीओ के आधार पर अडानी को सौंप दिया है। राजस्थान सरकार को जो परसा कोयला खदान सौंपा गया है, कांग्रेस पार्टी की राजस्थान सरकार ने इस परसा खदान को भी एमडीओ का अनुबंध कर के पूरी तरह अडानी कंपनी को सौंप दिया है।

आम आदमी पार्टी ने आज प्रदर्शन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी के नेतृत्व में आज अंबिकापुर में लोगो को संबोधित करते हुए प्रदर्शन किया। कोमल हुपेंडी ज्ञापन कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ का जनता व हसदेव के लोगो के संघर्ष में साथ देने का शंखनाद किया। कोमल हुपेंडी ने कहा कि सरकारें अडानी की गोद मे जाकर बैठ चुकी है लेकिन हम हसदेव अभ्यारण्य में खदानों के कोई काम नही होने देंगे चाहे हमें कुछ भी करना पड़े।

# अडानी को हसदेव देकर भूपेश ने राहुल की चिंता घटाई : विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने राजस्थान में आयोजित कांग्रेस के चिंतन शिविर को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि भूपेश बघेल ने हसदेव उद्योगपति अडानी को देकर राहुल गांधी और सोनिया गांधी की चिंता घटा दी है। राहुल सोनिया अपने चिन्तामोचक होनहार मुख्यमंत्री बघेल के इस हुनर से काफी प्रसन्न हैं। दरअसल कांग्रेस की चिंता देश भर में उसकी जर्जर हालत को लेकर नहीं है। उसकी मूल चिंता यह है कि कैसे उद्योगपतियों को उपकृत कर फंड बटोरा जाय। यह काम भूपेश बघेल बखूबी कर रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस के छोटे मोटे नेता आये दिन अडानी के खिलाफ रोना रोते हैं और भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाते हैं। दूसरी तरफ राहुल सोनिया के इशारे पर अडानी से गुपचुप भेंट मुलाकात कार्यक्रम चलता है। कांग्रेस दिखावे के लिए अडानी अडानी जपती है और कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार अडानी को काम दे रही है। अब राहुल सोनिया बतायें कि ये रिश्ता क्या कहलाता है? भूपेश बघेल अगर अडानी की सेवा में तत्पर हों तो पुण्य और अगर नियमानुसार सभी शर्ते पूरी करते हुए स्पर्धा के आधार पर अडानी को केंद्र सरकार का कोई काम मिले तो पाप! कांग्रेस के इस दोहरे मापदंड को भूपेश बघेल और उनकी चाटुकार मंडली अच्छे से प्रदर्शित कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि यदि कांग्रेस को अडानी के काम पर ऐतराज है तो राहुल सोनिया अपने काबिल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यह पूछें कि अडानी से क्या डील की है। वैसे राहुल सोनिया, बघेल सहित पूरी कांग्रेस के खाने और दिखाने के दांत अलग अलग है। अडानी को हसदेव की सौगात देने वाली कांग्रेस अब अडानी पर खुलकर बात करे और छत्तीसगढ़ की जनता को बताए कि उसका असल चरित्र क्या है। एक तरफ भूपेश बघेल स्थानीय जनता के हितों का ढोल पीटते हैं तो दूसरी तरफ अडानी के साथ याराना निभाते हैं।

# मोदी सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करके शिक्षा का भी कर रही निजीकरण : सुरेन्द्र वर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने केन्द्र सरकार की संस्था यूडीआईएसई (यूनिफाइड डिस्ट्रीक्ट इनफॉरमेशन सिस्टम फॉर एजूकेशन) की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि धनकुबेरों की पिट्ठू मोदी सरकार हर क्षेत्र की तरह शिक्षा का भी निजीकरण करना चाहती है और इसीलिए देश के सरकारी स्कूलों का अस्तित्व खतरे में है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में सिर्फ एक साल के अंदर 521 सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं जबकि इससे 6 गुना ज्यादा 3304 निजी स्कूल खुल गए हैं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मोदी सरकार गरीबों के बच्चों को शासकीय स्कूलों में मिलने वाली निःशुल्क शिक्षा से दूर करना चाहती है और सरकार चाहती है कि बच्चों के गरीब माता पिता को निजी स्कूलों में मोटी रकम भरने को मजबूर होना पड़े। मोदी सरकार पहले ही शिक्षा के बजट में कटौती कर चुकी हैं। मोदी सरकार गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा से दूर करके निजी शिक्षण संस्थाओं की तिजोरी भरना चाहती है वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रदेश भर में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलकर गुणवत्तापूर्ण और निशुल्क शिक्षा दे रही है। भूपेश सरकार द्वारा पढ़ई तुँहर द्वार,गढ़बो भविष्य, विज्ञान गणित क्लब, नवा जतन जैसे अभूतपूर्व प्रयोग पिछले साढ़े तीन साल के शासनकाल में किए गए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा ऐसा नहीं है कि केवल मोदी सरकार ही गरीब बच्चों को मिलने वाले निशुल्क शिक्षा के विरुद्ध है।

छत्तीसगढ़ के रमन राज में भी गरीब बच्चों को मिलने वाले निःशुल्क शिक्षा को छीनने के लिए कई षड्यंत्र किए गए। डॉ रमन सिंह के 15 साल के शासन काल में लगभग 3000 से अधिक शासकीय स्कूल बंद हो गए। प्रत्येक जिलों में संचालित मॉडल स्कूलो को निजी संस्था डीएवी को रमन सरकार ने बेचा। स्कूलों में शिक्षक नहीं मिलते थे। आज भूपेश बघेल सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अकेले बस्तर में 300 से अधिक शासकीय स्कूलों को फिर से खोला गया है। प्रदेश में 171 आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं और 50 स्कूल और खोले जाने की घोषणा की जा चुकी है। 30 स्कूलों को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। छत्तीसग? के 16 स्थानीय भाषाओं में किताबें छप रही हैं एवं उसके द्वारा शिक्षा भी दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री मितान योजना से घर बैठे सेवायें हो रही है उपलब्ध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के नागरिकों को शासन की सेवायें घर पर ही उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना शुरू की गई है। योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक मई 2022 को श्रमिक दिवस के अवसर पर की है। इस योजना का उद्देश्य है कि नागरिकों को प्रमुखतः बुर्जुग, दिव्यांगों, निरक्षरों और जरूरतमंदों को घर बैठे आसानी से शासन की सेवाये उपलब्ध कराया जाना है। योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवायें उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का शीघ्र ही पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। शासन के करीब एक सौ सेवाये भी इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में देने की योजना है।

# मोहंदा हाई स्कूल में छात्राओं को किया साइकिल वितरण

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



मोहदा हॉयर सेकंडरी स्कूल में विगत दिवस छ. ग. शासन योजना के अंतर्गत निः शुल्क सरस्वती सायकल कक्षा 9 वीं के छात्राओं को वितरण किया गया। जिसमें अनु. जाति के 9, अनु जनजाति के 8 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 40 कुल 57 छात्राओं को सायकल प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमारी भास्कर (जनपद पं.अध्यक्ष सरायपाली), अध्यक्षता गाणा राय साहू (अध्यक्ष, शाला विकास समिति), विशिष्ट अतिथि तीरिथ कुमारी मानिकपुरी (जिलाध्क्ष मानवाधिकार महासमुंद), डोलचंद पटेल(पूर्व जिला पंचायत सदस्य), गंगाधर भारद्वाज (सरपंच ग्राम ङ्क मोहदा), डिगम पटेल (उपसरपंच) प्राचार्य टी सी पटेल (हॉयर सेकंडरी स्कूल, मोहदा), खीरकुमार पटेल, पीलादाऊ यादव, बंदोबस्त राणा एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना से की गई। तत्पशचात् सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य टी सी पटेल के द्वारा सरस्वती सायकल योजना की जानकारी दी गई एवं विद्यालय की उपलब्धियों एवं आवश्यकताओं को विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें सत्र 2020 में एक विद्यार्थी का छ ग टॉप 10 में (कु पुष्पा चौधरी 12 वीं) में आना, विद्यालय में विभिन्न खेलों में जिला एवं राज्य स्तरीय चयन जिसमें खो खो में (चुमन राणा कक्षा 10 वीं )का राज्य स्तरीय चयन विद्यालय में कुल विद्यार्थी 314 जिसमें बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा फ्ल, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का जैसे लेखन, कविता, भाषण, गायन, नृत्य, पेंटिग, रंगोली आदि कई प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन जिसमें कई विद्यार्थियों को जिला स्तरीय चयन प्रथम पुरस्कार प्राप्त होता है। विद्यालय में विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यताओं को अवगत कराया गया।

# जन समस्या निवारण एवं राजस्व वसूली के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन समस्या निवारण एवं राजस्व वसूली हेतु दो दिवसीय शिविर का आयोजन विभिन्न वार्डों में वार्डवार किया गया । प्रथम दिवस वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9,14, 15 का गायत्री मंदिर वार्ड क्रमांक 5 सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया जहां लोगों की समस्या व मांगों को लेकर कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए । वहीं वार्ड क्रमांक 5 स्थित लट्टी बाबा मंच में लगे शिविर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 5, 6,13, में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए साथ ही स्टेशन चौक स्थित सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12, 18 में 53 आवेदन प्राप्त हुए।

द्वितीय दिवस पर वार्ड क्रमांक 17, 24 रामपुर चोरहा में कुल 111 आवेदन पत्र तथा कुगदा वार्ड क्रमांक 19, 20, 21,22 में 14 एवं जंजगिरी वार्ड क्रमांक 23, 24में 68आवेदन पत्र प्राप्त हुए । तीन स्थानों पर सम्मिलित रूप से शिविर आयोजित की गई । अधिकांश आवेदन राशन कार्ड पेंशन, पट्टा एवं अवैध कब्जा हटाने हेतु दिए गए । साथ ही कुछ आवेदन आबादी भूमि के नियमितीकरण हेतु प्राप्त हुए। जंजगिरी में कोविड अनुदान राशि न मिलने पर आवेदन प्राप्त हुआ । राजस्व की भी वसूली की गई। उपरोक्त शिविर शासन के महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर आदेश का पालन करने एवं अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु किया गया है। आवेदनों की स्थिति को देखते हुए लगता है कि नगर की जनसंख्या के आधार पर वार्डों में वैसे समस्या अधिक नहीं है यही कारण है कि वार्ड क्रमांक 3, 6 एवं 13 जैसे वार्डों से कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ । इस शिविर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा रेवती रमण शर्मा, साधना अहिरवार, दुष्यंत चौहान, नितीश श्रीवास, अविनाश देवांगन, को नोडल अधिकारी एवं कैलाश देवदास लखन साहू संजय आईच सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया जो कि शिविरों में सतत निरीक्षण करते हुए उपस्थित रहे।

## 2.61 लाख का बचत बजट, जनता पर कोई नया टैक्स नहीं, स्व. जालम सिंह पटेल के नाम पर होगा बालोद का टाउनहाल

# नगर पालिका का बजट पास, बहेगी विकास की गंगा, नगर सरकार के बजट में जनता को राहत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



बालोद शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है कि इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में बालोद पर नए टैक्स और बढ़ी हुई दर का कोई वजन नहीं पड़ेगा। यानि जल शुल्क, संपत्ति-समेकित शुल्क, दुकान भवन किराया का अतिरिक्त भार नहीं आएगा। 2015-16 के बाद से टैक्स यथावत है। टैक्स नहीं बढ़ने से शहर की जनता पर आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। पहले की तरह जो टैक्स तय है, उसी अनुसार भुगतान करना होगा। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष विकास चोपड़ा ने सदन में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया। इसमें वर्ष 2021-22 के लिए पुनरीक्षित आय 1665.83 लाख रुपये एवं पुनरीक्षित व्यय 1592.05 लाख तथा वर्तमान वर्ष 2022-23 अनुमानित आय 2893.55 लाख रुपये तथा व्यय 2890.94 लाख रुपये प्रस्तावित है। इस प्रकार वर्ष के अंत में 02.61 लाख रुपये बचत का अनुमान लगाया गया है अर्थात बचत का बजट तैयार किया गया है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल यादव, सभापतिगण योगराज भारती, सतीश यादव, निर्देश पटेल, पद्मनी साहू, बिरझु ठाकुर, ज्योति शर्मा, पार्षदगण तुलसा मालेकर, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी ठाकुर, चमेली साहू, नरेंद्र सांखला एल्डरमैन रीता सोनी, नवाब तिगाला, नारायण साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित कुमार साहू व अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**धरा रह गया भाजपा पार्षदों का विरोध और हंगामा-** भाजपा और निर्दलीय पार्षद का विरोध और हंगामा धरा रह गया। शोरशराबा और विरोध पर बहुमत भारी पड़ा। गुरुवार को नगर पालिका का बजट पास हो गया। इस बजट में 2 लाख 61 हजार का लाभ दर्शाया गया है। बजट की कापी फाड़कर विपक्षी पार्षदों ने बैठक से वाकआउट कर दिया। बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्षी पार्षद सदन में चर्चा के लिए नहीं आए।

**वार्षिक बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान-** बजट की मुख्य बातें निम्न हैं, गरीब तबके को निःशुल्क नल कनेक्शन, स्वच्छता प्रोत्साहन कार्यक्रम, तालाबों का जीर्णोद्वार, हाईमास्ट लाईट की स्थापना, खेल प्रोत्साहन के अलावा सड़क, नाली व पुलिया निर्माण, झुग्गी बस्ती स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम, व्यवसायिक परिसर का निर्माण, सर्व मांगलिक भवन निर्माण, ट्रिबुलर पोल स्थापना, उद्यान निर्माण व उनका विकास।

**निर्माण, सफाई और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार पर बल-** वर्तमान में नगर के विकास को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है।

**जालम सिंह पटेल के नाम पर होगा बालोद का टाउनहाल-** नगर पालिका में बजट से पहले सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। विकास चोपड़ा की अध्यक्षता में उक्त बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जिसमें दुर्ग रोड स्थित टाउनहाल का नाम स्वर्गीय जालम सिंह पटेल के नाम पर रखे जाने को हरी झंडी दी गई। इसके अलावा टाउनहाल, सामुदायिक भवन का संचालन पालिका के द्वारा किया जाना एवं गरीबो में विशेष रियायत देना, पांच करोड़ की अधोसंरचना मद राशि से होने वाले विकास कार्यो के संबंध में निर्णय लिए गए।

**स्टंटबाज है या विकास चाहते हैं-** बजट को लेकर दिनभर नागरिकों में चर्चा होती रही कि स्टंट और सुर्खियां बटोरने के लिए इस तरह का प्रदर्शन किया गया या वास्तव में प्रदर्शन करने वाले विकास चाहते हैं। कुछ विपक्षी पार्षद अचानक नींद से जागते है और हंगामा करते है। मीडिया में सुर्खियां बटोरने के लिए तरह-तरह की हरकत करते हैं। कभी बैठक का एजेंडा फाड़कर फेंकते है तो कभी चिल्ला-चिल्लाकर हंगामा करते हैं।

### बजट में खास

- वर्ष 2022-23 के 2890.94 रुपये का बजट पेश किया गया।
- बजट में बालोद के लोगों पर किसी नए टैक्स का बोझ नहीं डाला गया है।
- सर्व मांगलिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये।
- विद्युत विस्तारीकरण, सोलर लाईट स्थापना एवं नए कार्य के लिए 15 लाख रुपये दिए गए हैं।
- युवा खेल प्रोत्साहन, वाटर कूलर के लिए 12.50 लाख रुपये।
- तंग बस्तियों में गरीब परिवार को निःशुल्क नल कनेक्शन के लिए पांच लाख रुपये।
- तांदुला बांध उत्थान एवं सफाई के लिए 25 लाख रुपये.
- भवन एवं चबूतरा निर्माण के लिए 35 लाख रुपये का बजट।
- सरोवर धरोहर पचरी सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपये आवंटित किए गए।
- चौक सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक मंच, गेट निर्माण के लिए 50 लाख रुपये के बजट की घोषणा।

# सीआरपीएफ जवानों को आईजी डांगी का फिटनेस मंत्र, आदत बना लें योग

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय बिलासपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन के तहत 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस के 39 दिन पूर्व भरनी स्थित समूह केंद्र, सीआरपीएफ बिलासपुर परेड ग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ कमिटमेंट से सम्मानित बिलासपुर रेंज के आईजी रतनलाल डांगी रहे। अध्यक्षता सीआरपीएफ बिलासपुर के डीआईजी एलएन मिश्रा ने की। इस अवसर पर आईजी डांगी ने जवानों से योग के लाभ के बारे में प्रत्यक्षत संवाद करते हुए कहा कि बगैर निर्धारित समयावधि के अनवरत ड्यूटी वाले लोगों के मन और तन को स्वस्थ्य रखने का सबसे सही तरीक़ा है रोज योग करना। शरीर स्वस्थ्य रहेगा तो मन स्वस्थ्य रहेगा। उन्होंने कहा कि योग से मांसपेशियां पुष्ट होती है। शरीर तंदुरुस्त बनता है। इससे शरीर से फैट को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योग मानसिक खुराक की तरह है। इसलिए इसे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से करें ताकि तनाव से मुक्ति मिले। आईजी डांगी ने कहा योगाभ्यास केवल दिखावे के लिए नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि इसे नियमित रुप से हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। योग करने वाले व्यक्ति निरोग होते हैं। उन्होंने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा कि नियमित तौर पर योग करने वाले लोगों ने ज्यादा आसानी से कोरोना को मात दी। उन्होंने जवान व उनके परिवार के सदस्यों को नियमित तौर पर योग करने के लाभों से अवगत कराया। अध्यक्षीय संबोधन में सीआरपीएफ बिलासपुर के डीआईजी एलएन मिश्रा ने कहा कि योग के महत्व को समझते हुए सीआरपीएफ जवानों को एक दिन पीटी तो दूसरे दिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी लोगों से योग के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। डीआईजी ने कहा कि योग का किसी धर्म-संप्रदाय से कोई लेना-देना नहीं है। यह शरीर को फिट रखने का एक माध्यम मात्र है। इसकी इन्हीं विशेषताओं के कारण पूरा विश्व योग को अपना रहा है। इससे पूर्व सभी अतिथियों के स्वागत व कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने डाला। सभी अतिथियों को स्वागत किया व कार्यक्रम के अंत में प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजन में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट कृपा कंवर व मयंक डनसेना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के तहत विविध प्रकार की जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की गई। योगाचार्य सत्यम तिवारी व खिलेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ एफपीए केवी गिरी ने किया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ जवान, उनके परिवार के सदस्य, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं समेत एनएसएस व एनवायकेएस वॉलेंटियर्स की सहभागिता रही।

### कमांडेंट ने कविता से समझाया महत्व

समूह केंद्र बिलासपुर के कमांडेंट रामबिलास गुप्ता ने आभार प्रकट करने के लिए अनोखा माध्यम अपनाया। उन्होंने स्वरचित कविता 'योग है बहुपयोगी' के माध्यम से लोगों को योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस दिन लोग योग के महत्व को मान योग को आत्मसात कर लेंगे विविध प्रकार की बीमारियां ऐसे ही रूक जाएंगी। उन्होंने काव्य शैली में ही सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत गीत-संगीत दल के कलाकारों ने गीत-संगीत से योग के महत्व के बारे में बताया।

### सिपाही गजेंद्र का योगाभ्यास रहा सबसे सुंदर

इस अवसर पर सबसे सुंदर योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिपाही गजेंद्र कुमार को पहला, नितिन कुमार को दूसरा व अजय कुमार को तीसरा स्थान मिला। चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में तान्या साहू को पहला, आर्यन को दूसरा व भूमिका साहू को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में दीक्षा साहू ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर कामाक्षी साहू रही वही कौशल्या सैनी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

# नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट परिसर में 16वीं अभा अंतर रेलवे खो-खो चैंपियनशिप का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोशिएशन, बिलासपुर के द्वारा 16वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे खो-खो चैंपियनशिप -2022 का आयोजन 12 मई से 14 मई को रेलवे हैंडबॉल एवं खो खो नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट परिसर बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है । 16वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे खो-खो चैंपियनशिप समारोह का दिनांक 12 मई, 2022 को संध्या 06.30 बजे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, आलोक कुमार के द्वारा शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर सेक्रो अध्यक्षा डा. वनिता जैन भी उपस्थित थी ।कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोशिएशन प्रेसिडेट सहित समस्त विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे । नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट परिसर में शुभारंभ मैच दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच खेला गया जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की टीम विजयी हुई। द्वितीय मैच दक्षिण मध्य रेलवे एवं मध्य रेलवे के बीच संपन्न हुआ जिसमें मध्य रेलवे विजय हुई । दिनांक 13 मई से 14 मई को प्रतिदिन सुबह एवं शाम दो-दो मैच रखे गए हैं 14 मई को इस चैंपियनशिप का समापन होगा । भारतीय रेलवे की खो-खो टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों एवं कोच को उनके शानदार प्रदर्शन एवं जीत पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों व साथी खिलाड़ियों/ कर्मचारियों ने बधाई दी है।

# मुख्य मार्ग मुलमुला में चक्काजाम करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर
www.dailypioneer.com




राज्य शासन द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया गया था बिना अनुमति के धरना, रैली, चक्काजाम, आंदोलन नही करना है जिसका कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया था। दिनांक 06-05-22 को मेन रोड मुलमुला में कुछ लोगो द्वारा एक व्यक्ति का शव को रखकर चक्काजाम किया गया था जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। दिनांक 06.05.22 को प्रार्थी इतवारी कश्यप उम्र 36 वर्ष साकिन चोरभट्टी ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह ट्रक लेकर थाना मुलमुला के आगे पहुँचा था मेन रोड में कुछ लोग एक व्यक्ति के शव को रोड के बीच में रखकर चक्काजाम कर दिए थे जिससे बिलासपुर की तरफ़ सफर करने में रुकावट उत्पन्न हो रही थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना मुलमुला में चक्काजाम करने वाले आरोपी (1) मंदाकिनी (2) मातरु (3) रजनी भैना (4) विजय बंदे (5)मुकेश बंदे (6)सूरज भैना(7) लोचन भैना(8) गोविंद भैना(9) खजरीहां (10) पिंटू भैना सभी निवासी ग्राम मुलमुला के विरुद्ध अपराध क्रमांक 103/22 धारा 147,341 भादवि. कायम किया गया। प्रकरण में थाना मुलमुला द्वारा दिनांक 12.05.22 को मामले के आरोपी (1)श्रीमती मंदाकिनी ठाकुर (2)रजनी भैना (3) नंदनी उर्फ मात्रू (4) मुकेश भैना (5) सूरज भैना(6) शिवप्रसाद और नंदू भैना(7) गोविंद (8) श्रवण उर्फ कजरिया के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## विधायक विनय और कलेक्टर की उपस्थिति में आस्ता में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन



**जशपुरनगर।** विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस मनोरा जनपद के ग्राम आस्ता में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अनेक विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ अनिल तिवारी, सुरज चौरसिया सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भुनेश्वरी साहू को पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा बिलासपुर कुदुदंड निवासी भुनेश्वरी साहू को सूक्ष्मजीव विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य आइसोलेशन, कैरेक्टराइजेशन एंड एंटीबैक्टीरियल एक्टिविटी ऑफ सॉइल स्ट्रेप्टोमायसिस फ्रॉम राजनांदगावं डिस्ट्रिक्ट भिलाई के सैंट थॉमस क ा ल े ल रूआँबाँधा के सूक्ष्मजीव विज्ञान शोध केंद्र में डॉ. एम.जी. रॉइमोन के मार्गदर्शन में पूरा किया। भुनेश्वरी साहू जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 1 जीवन लाल साहू की पुत्रवधु व बैंकर जय प्रकाश साहू की पत्नी है। इस उपलब्धि पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित प्राचार्य एवं स्टाफ मेंबर्स ने भुनेश्वरी साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# पंडित रविशंकर शुक्ल विवि की कुर्की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की कुर्की प्रक्रिया पर फिलहाल इस पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने यूनिवर्सिटी के 3 वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पर रोक लगाने का आदेश भी दिया है। कोर्ट ने राज्य शासन को कहा है कि किसानों को बढ़ी दर पर मुआवजा देने कोई प्रस्ताव हो तो न्यायालय में पेश करें। जस्टिस पीपी साहू ने विवि प्रशासन को वाहनों की तय कीमत 4.99 लाख रुपये सिविल कोर्ट में जमा करने का आदेश भी दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी। मिली जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने वर्ष 2005-06 में निर्देश जारी कर रायपुर में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के लिए विश्वविद्यालय की 15 एकड़ भूमि हस्तांतरित की थी। राज्य सरकार ने 30 एकड़ जमीन विवि के लिए अधिग्रहित की। जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा भी प्रभावितों को दिया गया। इस राशि को बाजार मूल्य से कम बताते हुए किसानों ने जिला कलेक्टर को आवेदन किया। 31 किसानों ने जिला न्यायालय में मुआवजे के लिए याचिका भी लगा दी। कोर्ट ने 2017 में भू-स्वामियों के पक्ष में फैसला देते हुए बढ़ा हुआ मुआवजा देने का आदेश दिया।

**किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा दे-** कोर्ट द्वारा किसानों के पक्ष में फैसला देते हुए 30 करोड़ रुपये मुआवजा तय किया। इसके बाद विवि प्रशासन ने समय की मांग की थी। तय समय बाद भी विवि ने किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा नहीं दिया। कोर्ट ने रिमांडर आदेश भी जारी किया, लेकिन विवि प्रशासन ने जवाब नहीं दिया। मामले का निराकरण नहीं होने पर जमीन मालिक फिर कोर्ट गए, जिसके बाद कुर्की आदेश जारी किया गया। इसके बाद कुलपति व कुलसचिव की गाड़ियां, कुलसचिव दफ्तर की कुर्सियां, सोफा, टीवी, फर्नीचर की कुर्की की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने राज्य शासन से मुआवजा राशि देने की मांग की है। इधर राज्यपाल एवं कुलाधिपति अनुसुईया उइके ने कुर्की प्रकरण में राज्य शासन को जल्द आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

# छत्तीसगढ़ की सबसे लोकप्रिय एवं कीमती भाजी-बोहार भाजी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की बोहार भाजी के स्वाद, रूचि एवं कीमत को देखते हुए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में विगत दो वर्षो से बोहार भाजी के पौधे तैयार किये जा रहे हैं। बेमेतरा जिले के रहवासी किसानों ने इसके पौधे खरीदने में अपनी रूचि दिखाई है। यदि किन्हीं को ज्यादा मात्रा में बोहार भाजी के पौधे की आवश्यकता हो तो कृषि महाविद्यालय, ढोलिया में अग्रिम आदेश दें ताकि उस हिसाब से पौधे तैयार किये जा सके। किसी भी जगह की खान-पान का तरीका वहाँ की प्राकृतिक तथा भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है, छत्तीसगढ़ की बात करें तो यहाँ मैदानी और जंगली इलाके ज्यादा है जिसके कारण सब्जियों में भाजी का अधिकतम उपयोग होता है। भाजीयों में पालक, मेंथी, लाल भाजी, चौंलाई साथ ही कई प्रकार की लोकल भाजी जैसे-तिनपनिया, चरौटा, कोईलार, बथुआ, तिवरा भाजी, मुनगा भाजी, चना, प्याज, खोटनी, गोभी, जरी, मूली, करमत्ता, कांदा, बर्रे, कौना केनी, कंदईल, उरला, पटवा, चेंच, अमारी भाजी, घमरा, सरसों, सिलियारी, खट्टा, सिंगारी, गोल, चनौरी, गुमी, भाजियाँ यहाँ लोकप्रिय है, और इन्हीं में से बोहार भाजी (कॉर्डिया डाइकोटोमा) एक लोकप्रिय और महंगी भाजी है। जिसे अंग्रेजी में बर्ड लाईम ट्री, इंडियन बेरी, ग्लूबेरी भी कहा जाता है। भारत के कई राज्यों में इसे अन्य नामों जैसे लसोड़ा, गुंदा, भोकर आदि नामों से जाना जाता है। छत्तीसगढ़िया भाजियों में सबसे महंगी बोहार भाजी होती है। यह वर्ष भर में कुछ दिनों तक ही मिल पाती है, परंतु इसके लाजवाब स्वाद के कारण लोग इस भाजी के लिए हर कीमत देने को तैयार रहते हैं। बोहार भाजी पनीर से भी महंगी सब्जी है, यह बाजार में उपलब्धता के आधार पर 250 से 500 रूपये प्रति किलोग्राम में बिकती है। बोहार भाजी के फूल, फल, कली तथा पत्तियों से सब्जी, फल से अचार, इसके पके फल से एक चिपचिपा द्रव्य निकलता है।

## सरकारी स्कूल का टूटा ताला, माध्याह्न भोजन बनने के बर्तन भी ले गए चोर

**बिलासपुर।** कोटा क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल पहंदा में चोरी हो गई। चोर ने कमरे का ताला तोड़कर माध्या- भोजन बनाने का सामान पार कर दिया। जांच करने पर कुकर, कड़ाही समेत अन्य बर्तन गायब मिले। प्रधान पाठक ने इसकी शिकायत पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम मिट्ठू नवागांव के रहने वाले बृजपाल सिंह पैकरा शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठक हैं।

## चार मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**बिलासपुर।** महिला संबंधी अपराधों में पेंड्रा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एक ही दिन में महिला संबंधी अपराध के चार अलग-अलग मामले में आरोपितों की गिरफ्तार किया गया। जिले के एसपी त्रिलोक बंसल ने थाना प्रभारियों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में त्वरित कार्रवाई का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया है।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

### // बिजली बंद की सूचना //

छ. स्टे. पा. डि. कं लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, मानसून पूर्व लाईनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।
**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**

| क्र. | दिनांक | भाटापारा उपसंभाग/सब-स्टेशन/फीडर | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 14.05.2022 | 11 के.व्ही. अमलीडीह फीडर | खम्हरिया, खैरी, गुर्रा, राजाढार, आलेसुर ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 2 | | 11 के.व्ही. लालपुर फीडर | लालपुर, ओटेबंद, रामपुर ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 3 | | 11 के.व्ही. टेहका फीडर | टेहका, मधुबन ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 4 | | 11 के.व्ही. मनहोरा अटल ज्योति फीडर | मनहोरा, चौरेंगा, अकलतरा, मांढर (अ), मोटीयारीडीह (पंप कनेक्शन) ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 5 | | 11 के. व्ही. सुहेला से भटभेरा फीडर | भटभेरा, कुथरौद खार, बुडगहन, बिटकुली, नयापारा, खैरवारी ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 6 | 15.05.2022 | 11 के. व्ही. जरौद इण्डस्ट्रियल & टाउन फीडर | समस्त औद्योगिक कनेक्शन |
| | | 11 के. व्ही. टाउन दो फीडर | 11 के.व्ही. टाउन दो फीडर से लाभान्वित समस्त उपभोक्ता |
| 7 | | 11 के. व्ही. जरौद टाउन फीडर | जरौद ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 8 | 16.05.2022 | 11 के. व्ही. लेवई फीडर | लेवाई, अकलतरा खार ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 9 | | 33 के.व्ही. सुहेला इंडस्ट्रीयल फिडर | मिनि सिमेंट प्लांट सुहेला |
| 10 | | 11 के. व्ही. मनहोरा टाऊन फीडर | मनहोरा, चौरेंगा, अकलतरा, मांढर (अ), मोटीयारीडीह ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 11 | | 11 के. व्ही. हिरमी फीडर | हिरमी, सकलोर, कुथरौद (बस्ती) ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 12 | | 11 के. व्ही. सुहेला से रावन फीडर | बसीन, झीपन, रावन, अमेरी, पेण्ड्री, कसहीडीह, परसवानी ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 13 | | 11 के. व्ही. भैंसा-पौंसरी फीडर | पौंसरी, भैंसा एवं नेवधा ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 14 | 17.05.2022 | 11 के.व्ही टोहडीघाट फीडर | टोहड़ीघाट, कुलीपोटा ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 15 | | 11 के.व्ही सिंगारपुर फीडर | गोढ़ी जरहागांव, लमती, मेण्ड्रा ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 16 | | 11 के.व्ही रेल्वे फीडर | 11 के.व्ही रेल्वे फीडर से लाभान्वित समस्त उपभोक्ता |
| 17 | | अमलीडीह सब-स्टेशन | गोढी, टोपा, नवागांव ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 18 | | 33 के. व्ही दामाखेड़ा (न्यू बिलासपुर फीडर) | 33/11 के. व्ही. दामाखेड़ा, 33/11 के.व्ही. मनहोरा S/S एवं 33/11 के.व्ही. ढेकुना S/S लाभान्वित समस्त ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 19 | | 33 के. व्ही. सुहेला से टाउन फीडर | सुहेला टाऊन व आसपास ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 20 | | 11 के. व्ही. अटल ज्योति सुहेला फीडर | सुहेला, रानीजरौद, आमाकोनी, टेकारी, फरहदा, पड़कीडीह, खेली, करही, चण्डी ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 21 | | 11 के. व्ही. हथबंध फीडर | नयापारा, दुलदुला, पौंसरी, लांजा ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 22 | | 11 के. व्ही. केसली अटल ज्योति फीडर | धोधा, उडेला, खिलोरा, केसली, सकरी, एवं करेली ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 23 | 18.05.2022 | 11 के. व्ही. रेस्ट हाउस फीडर | 11 के. व्ही. रेस्ट हाउस फीडर से लाभान्वित समस्त उपभोक्ता |
| 24 | | 11 के. व्ही. सिमगा टाऊन फीडर | सिमगा शहर, चुचरूंगपुर ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 25 | | 11 के.व्ही. सुहेला से पड़कीडीह फीडर | रानीजरौद, आमाकोनी, खपरीडीह, पड़कीडीह, खेली, करही, चण्डी ग्राम के समस्त उपभोक्ता |
| 26 | | 11 के.व्ही. मांचाभाट ग्रामीण फीडर | मोहभट्ठा, बुचीपार, दावनबोड़, ढाबाडीह, सकरीपार, धिवनपुरी, कोलिहा एवं मांचाभाट ग्राम के समस्त उपभोक्ता |

टीप :- उपरोक्त उपकेन्द्रों/लाईनों से संबंधित उपभोक्ता प्रभावित होंगे।
1. **''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें''**
2. **''समयावधि में देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें।''**

**(जी.पी. अनंत)**
**कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा**
**कर्मचारी क्रमांक 05331110**


# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मनोरा में शिक्षक-पालक बैठक आयोजित

■ **कलेक्टर ने कहा, थॉमस एल्वा एडिशन से लें सफलता की प्रेरणा**

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस मनोरा विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षक एवं पालकों का बैठक आयोजन किया गया। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी जे.के.प्रसाद, सूरज चौरसिया, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बैठक में विधायक विनय भगत ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाले जीवन में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम करने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। साथ ही बाउण्ड्रीवाल की व्यवस्था करने के संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

**सवाल का कलेक्टर ने दिया जवाब** – इस अवसर पर एक छात्रा ने पूछा कि आई.ए.एस. बनने के लिए कितनी पढ़ाई करनी चाहिए, जिस पर कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि सर्व प्रथम लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है और उसके बाद निरंतर 13-14 घंटा नियमित पढ़ाई करना आवश्यक होता है। प्रत्येक स्तर पर पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन एवं एकाग्रता के साथ पढ़ाई करके लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। एक अन्य छात्रा ने मोटीवेशन पर प्रश्न किया। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने फ्रेंड सर्कल अच्छा बनाना चाहिए, असफलता पाने पर अपनी कमजोरियों को पता लगा कर पुनः पूरे जोश के साथ कार्य पर लग जाना चाहिए। विद्यार्थियों के मन में कुछ हासिल करने का जज्बा होना चाहिए।

**थॉमस एल्वा को दिया उदाहरण-** कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते उदाहरण देते हुए बताया कि थॉमस ऐल्वा एडीसन ने बल्ब के अविष्कार करने के दौरान उनके दस हजार प्रयोग असफल हो गये थे, परन्तु वे हार नहीं माने और वे लगे रहे। अंततः उन्हें सफलता मिली और पूरी दुनिया को प्रकाशित करने वाला बल्ब का आविष्कार किया।

**जल्द होगी शिक्षकों की नियुक्ति-** पालक संपूर्ण शाह ने बताया कि उनके बच्चे कक्षा 8वीं और 12वीं में पढ़ते हैं और वे यहां की व्यवस्था से काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी पालक शासन की इस महत्वकांक्षी योजना से बहुत खुश हैं। यहां हमारे बच्चों को निःशुल्क उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जा रहा है। पालक श्री सूबेराम भगत, सोशन टोप्पो एवं लियुन मिंज के द्वारा वर्तमान के संचालित हिन्दी माध्यम विद्यालय बंद नहीं किए जाने की मांग की गई साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा विद्यालय का बाउंड्रीवाल निर्माण कराये जाने की मांग की गई। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जे.के.प्रसाद पालकों एवं विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि हिन्दी माध्यम का विद्यालय यथावत संचालित होता रहेगा। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया इस माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाएगी तथा नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी आवश्यक सुविधाएं विद्यालय में उपलब्ध करा दिया जाएगा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403